RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 138
फरीदाबाद, शनिवार, 25 जून, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



बस कुछ मिनट वार्म अप कर शरीर को रखें स्वस्थ
पेज - 11

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,727 | ▲ | 462 | |
| निफ्टी | 15,699 | ▲ | 142 | |
| सोना | 50,557 | ▼ | 70 | /10 gm |
| चांदी | 59,077 | ▼ | 621 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 38.00°C
न्यूनतम 26.00°C

## क्विक न्यूज

### ट्विटर ने सरकार के अनुरोध पर स्तंभकार के अकाउंट पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुरोध पर स्तंभकार सीजे वरलेमैन के अकाउंट पर रोक लगा दी है। वह इस्लामोफोबिया और संघर्ष एवं आतंकवाद जैसे मुद्दों पर लिखा करते हैं। स्तंभकार के ट्विटर हैंडल पर एक संदेश में पढ़ा जा सकता है, सीजे वरलेमैन के अकाउंट पर कानूनी कारणों से भारत में रोक लगा दी गई। एक अधिकारी ने बताया कि भारत विरोधी दुष्प्रचार करने वाली टिप्पणियों को लेकर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुरोध पर अकाउंट पर रोक लगा दी गई है। वरलेमैन ने कहा कि नरेंद्र मोदी की धुर-दक्षिणपंथी, हिंदू फासीवादी शासन की मांग पर भारत में उनके (ट्विटर) अकाउंट पर रोक लगा दी गई है। राष्ट्रीय हितों के लिए खुद को एक कानूनी सक्रियता समूह बताने वाले कलिंग राइट्स फोरम ने दावा किया कि केंद्र ने वरलेमैन के भारत विरोधी दुष्प्रचार के खिलाफ उसकी शिकायत परं कार्रवाई की है।

### वायुसेना में अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया शुरू

**नयी दिल्ली।** कई राज्यों में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के एक हफ्ते बाद शुक्रवार को अग्निपथ योजना के तहत भारतीय वायुसेना में अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई। वायुसेना ने ट्विटर पर कहा, अग्निवीर वायु के लिए आवेदन करने के लिए रजिस्ट्रेशन विंडो शुक्रवार सुबह 10 बजे से चालू है। 14 जून को अग्निपथ योजना प्रस्तुत करते हुए सरकार ने कहा था कि साढ़े सत्रह से 21 वर्ष की आयु तक के युवाओं को चार साल के कार्यकाल के लिए भर्ती किया जाएगा जिनमें से 25 प्रतिशत को बाद में नियमित सेवा के लिए रखा जाएगा।

### महिला शिक्षामित्र से मारपीट के आरोप में अध्यापक निलंबित

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के लखीमपुर प्रखंड में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक को एक महिला शिक्षामित्र के साथ कथित तौर पर मारपीट करने के आरोप में शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत पांडेय ने बताया कि एक महिला शिक्षामित्र के साथ मारपीट करने के लिए हेडमास्टर अजीत कुमार को निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि अजीत कुमार ने अपने पद की छवि खराब की और स्कूल के अध्यापकों के लिए आचार संहिता का उल्लंघन किया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार सुबह को एक वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें एक अध्यापक को एक महिला शिक्षा मित्र (अनुबंधित अध्यापक) को पीटते हुए देखा गया।

राष्ट्रपति पद की रस्साकसी

# द्रौपदी मुर्मू ने नॉमिनेशन भरा, मोदी-शाह समेत आठ बड़े दिग्गज प्रस्तावक रहे

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**झारखंड** की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को एनडीए की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह के अलावा बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस के नेता भी मौजूद रहे। द्रौपदी मुर्मू ने चार सेटों में नामांकन दाखिल किया गया।

द्रौपदी मुर्मू की राष्ट्रपति उम्मीदवारी के लिए पीएम मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, ललन सिंह, पशुपति पारस, रेणु देवी और तारकिशोर प्रसाद प्रस्तावक रहे। नामांकन दाखिल करने से पहले मुर्मू ने संसद में महात्मा गांधी, डॉ. अंबेडकर और बिरसा मुंडा की मूर्तियों पर श्रद्धांजलि अर्पित की। 29 जून को नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख है।



हाल में तीनों बड़े नेताओं ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। इससे पहले गुरुवार को द्रौपदी मुर्मू पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इसके बाद केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के घर पर राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नामांकन के लिए प्रस्तावक और समर्थक के तौर पर नॉमिनेशन पेपर पर हस्ताक्षर किए गए। ओडिशा की बीजू जनता दल पहले ही मुर्मू के समर्थन की घोषणा कर चुकी है।

मेघालय जनतांत्रिक गठबंधन (एमडीए) ने भी समर्थन करने की घोषणा की है। आरएसएस के एक संगठन अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार बनाए जाने के निर्णय को ऐतिहासिक करार दिया है। सिक्किम के मुख्यमंत्री और सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष प्रेम सिंह तमांग ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी का समर्थन किया है।

बिहार की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा ने भी समर्थन करने की घोषणा की है। एलजेपी (रामविलास) भी मुर्मू के समर्थन की घोषणा कर चुकी है।

बता दें, द्रौपदी मुर्मू ओडिशा से आनेवाली आदिवासी नेता हैं। झारखंड की नौंवी राज्यपाल रह चुकीं द्रौपदी मुर्मू ओडिशा के रायरंगपुर से विधायक रह चुकी हैं। वह पहली ओडिया नेता हैं जिन्हें राज्यपाल बनाया गया। इससे पहले बीजेपी-बीजेडी गठबंधन सरकार में साल 2002 से 2004 तक वह मंत्री भी रह चुकी हैं।

### विपक्षी नेताओं को फोन कर मांगा समर्थन

द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित प्रमुख विपक्षी नेताओं को फोन किया। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने नामांकन से पहले व्यक्तिगत रूप से सभी से बात की और समर्थन मांगा।

### सीएम जगनमोहन रेड्डी ने किया ऐलान

आंध्र प्रदेश के सीएम जगनमोहन रेड्डी ने ऐलान किया है कि उनकी पार्टी राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करेगी। सीएम जगन का मानना ??है कि मुर्मू का समर्थन करना एससी, एसटी, बीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के प्रतिनिधित्व पर हमेशा जोर देने की उनकी विचारधारा के अनुरूप है।

### सीबीआई ने टूना मछली निर्यात घोटाले की जांच शुरू की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक लोकसभा सदस्य के रिश्तेदार अब्दुल रजाक के प्रतिनिधित्व वाली श्रीलंकाई कंपनी को लक्षद्वीप से टूना मछली के निर्यात में कथित भ्रष्टाचार की जांच शुरू कर दी है।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप सहकारी विपणन संघ (एलसीएमएफ) को निर्यात के लिए कोई भुगतान प्राप्त नहीं हुआ, जिससे संघ और स्थानीय मछुआरों को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप में डीआईजी रैंक के एक अधिकारी के नेतृत्व में 25 सदस्ईय सीबीआई टीम तैनात है और कथित घोटाले और अन्य विभागों में अनियमितताओं में लक्षद्वीप के सतर्कता विभाग के समन्वय में संयुक्त औचक जांच कर रही है।

# गुजरात दंगों में नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट बरकरार

## सुप्रीम कोर्ट ने जाकिया की याचिका खारिज की

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**2002** गुजरात दंगों में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट देने वाली एसआईटी रिपोर्ट के खिलाफ याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। यह याचिका जाकिया जाफरी ने दाखिल की थी। जाकिया जाफरी के पति एहसान जाफरी की इन दंगों में मौत हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जाकिया की याचिका में मेरिट नहीं है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को पटना में प्रेसवार्ता कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के खिलाफ जो कुछ चल रहा था, उसे झटका लगा है। पीएम के पीछे लेफ्ट गैंग पड़ा था। कांग्रेस और कुछ पार्टियों की मदद से अपनी दुकान चलाने वालों को झटका लगा है, सच देश के सामने है।

72 साल के एहसान जाफरी कांग्रेस नेता और सांसद थे। उन्हें उत्तरी अहमदाबाद में गुलबर्ग सोसाइटी के उनके घर से निकालकर गुस्साई भीड़ ने मार डाला था। जाकिया ने दंगे की साजिश के मामले में मजिस्ट्रेट के आदेश को चुनौती दी थी। मजिस्ट्रेट ने एसआईटी की उस क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार किया था, जिसमें तत्कालीन सीएम नरेंद्र मोदी समेत 63 लोगों को दंगों की साजिश रचने के आरोप से आजाद किया गया था। हाईकोर्ट भी इस फैसले को सही करार दे चुका है।

यह मामला जस्टिस एएम खानविलकर, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने सुना। सुप्रीम कोर्ट ने जाकिया की याचिका पर सिर्फ 14 दिन में सुनवाई पूरी की और नौ दिसंबर 2021 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल, एसआईटी की ओर से सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी और गुजरात की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें दीं।



### आरोपियों के साथ मिलीभगत का आरोप

**दरअसल,** जाकिया जाफरी ने एसआईटी पर आरोपियों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया था। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस पर आपत्ति जताई थी। कोर्ट ने कहा सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एसआईटी के लिए मिलीभगत एक कठोर शब्द है। ये वही एसआईटी है, जिसने अन्य मामलों में चार्जशीट दाखिल की थी और आरोपियों को दोषी ठहराया गया था। उन कार्रवाई में ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली। इधर, जाकिया जाफरी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि जब एसआईटी की बात आती है तो आरोपी के साथ मिलीभगत के स्पष्ट सबूत मिलते हैं। राजनीतिक वर्ग भी सहयोगी बन गया है। एसआईटी ने मुख्य दस्तावेजों की जांच नहीं की।

### एसआईटी ने मामले के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जांच नहीं की : सिब्बल

**इसे** केस में याचिकाकर्ता के वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से कहा कि एसआईटी ने मामले के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जांच नहीं की। इससे साबित होता कि पुलिस इस केस में एक्टिव नहीं रही। सिब्बल ने यह भी कहा कि एसआईटी ने जिस तरह जांच की उससे लगता है कि वह कुछ छिपाने की कोशिश कर रही है।
बता दें, गोधरा कांड के बाद 2002 में गुजरात में सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई थी। उपद्रवियों ने पूर्वी अहमदाबाद स्थित अल्पसंख्यक समुदाय की बस्ती गुलबर्ग सोसाइटी को निशाना बनाया था। इसमें पूर्व कांग्रेस सांसद एहसान जाफरी सहित 69 लोग मारे गए थे। इनमें से 38 लोगों के शव बरामद हुए थे, जबकि जाफरी सहित 31 लोगों को लापता बताया गया। गुजरात दंगों के बाद जाकिया ने 2006 में राज्य के डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) के सामने नरेंद्र मोदी, कई अफसरों और नेताओं के खिलाफ शिकायत की थी। जाकिया की मांग थी कि इन लोगों के खिलाफ हत्या समेत कई अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाए, तब मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

# महाराष्ट्र में सत्ता का संग्राम, शिंदे की तस्वीर पर कालिख पोती

**एजेंसी।** मुंबई




**महाराष्ट्र** में सत्ता का संग्राम अब हिंसक रूप लेने लगा है। शुक्रवार को कुर्ला इलाके में शिवसेना विधायक मंगेश कुंडालकर के दफ्तर पर कुछ लोगों ने हमला किया है। उन्होंने मेन गेट पर तोड़फोड़ की है। उनके पोस्टर और नेम प्लेट तोड़ डाले। इधर, अहमदनगर में भी बागी विधायकों के नेता एकनाथ शिंदे की तस्वीर पर कालिख पोती गई है। यहां उद्धव समर्थकों ने शिंदे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई साथ ही उन्हें गद्दार बताया गया।

साकीनाका इलाके में भी बागी विधायक दिलीप लांडे के पोस्टर फाड़े गए हैं। लांडे गुरुवार को ही गुवाहाटी पहुंचे थे और शिंदे को अपना समर्थन दिया था। बागी विधायकों के समर्थकों का आरोप है कि तोड़फोड़ करने वाले ये लोग उद्धव ठाकरे के लोग हैं। तोड़फोड़ की घटना के बाद महाराष्ट्र पुलिस ने पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी किया।

इधर, चौथे दिन महाराष्ट्र की सियासी लड़ाई आर-पार के मूड में आ गई है। मातोश्री में एक मीटिंग के दौरान शिवसेना चीफ उद्धव ने कहा कि ठाकरे का नाम लिए बिना ये लोग नहीं रह सकते हैं।

कभी शिवसेना के लिए मरने की बात कहते थे, अब पार्टी तोड़ना चाहते हैं। मैंने सीएम हाउस छोड़ा है, मुख्यमंत्री का पद नहीं। वहीं गुवाहाटी से मुंबई के लिए निकले बागी नेता एकनाथ शिंदे शहर में तीन घंटे घूमने के बाद वापस उसी होटल में लौट गए। शिंदे गुट के दो निर्दलीय विधायक महेश बलदी और विनोद अग्रवाल ने डिप्टी स्पीकर नरहरि जिरवाल को हटाने के लिए नोटिस दिया है। नरहरी पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने बिना सलाह लिए अजय चौधरी को शिवसेना विधायक दल का नेता चुन लिया।

## वायनाड : राहुल गांधी के ऑफिस में तोड़फोड़, स्टाफ से मारपीट

**एजेंसी।** वायनाड

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी के केरल के वायनाड दफ्तर में शुक्रवार दोपहर कुछ लोगों ने तोड़फोड़ कर दी। कांग्रेस ने घटना के पीछे स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) का हाथ होने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि एसएफआई के लोग हाथों में झंडे लिए दफ्तर की खिड़कियों पर चढ़ गए और तोड़फोड़ की।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने संरक्षित क्षेत्रों, वन्यजीव अभयारण्यों और राष्ट्रीय उद्यानों के आसपास के एक किलोमीटर इलाके को पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र (ईएसजेड) क्षेत्र घोषित कर दिया है।



इस फैसले से नाराज इन लोगों की मांग है कि राहुल गांधी इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ें।

वायनाड में न सिर्फ राहुल गांधी के ऑफिस में तोड़फोड़ की गई, बल्कि कार्यालय के कर्मचारियों से भी मारपीट की गई। कांग्रेस नेता और विधायक टी सिद्दीकी ने आरोप लगाया कि यह पूर्व नियोजित हमला था। उन्होंने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री पी विजयन पर सवाल खड़े किए।

### विधायक ने परिवहन विभाग के अधिकारियों की अवैध वसूली का वीडियो वायरल किया

**जयपुर।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के मावली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक धर्मनारायण जोशी ने भीलवाड़ा जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 79 पर परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा ट्रक चालकों से कथित अवैध वसूली का वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया है।

इस वीडियो में जोशी राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुजरने वाले ट्रक चालकों से अवैध वसूली कर रहे परिवहन विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए नजर आ रहे हैं। विधायक ने एक अधिकारी की जेब चेक करने को कहा तो अधिकारी मौके से भागते नजर आए। जोशी ने कहा कि 21 जून को उदयपुर जाने के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 79 पर परिवहन विभाग की गाडी खड़ी है और दो तीन लोग ट्रक चालकों से वसूली कर रहे हैं।

## दो करोड़ की देनदारी छोड़ भागा व्यापारी गिरफ्तार

हिसार में 21 किसानों से धान खरीदकर भागा था

**पायनियर समाचार सेवा।** हिसार

**हरियाणा** में हिसार पुलिस ने गांव नियाना और मिर्जापुर के किसानों से धान की फसल खरीद कर बिना भुगतान किए फरार हुए ग्लोबल स्पेस सोसाइटी निवासी व्यापारी सतीश को पंजाब के पटियाला जिले के राजपुरा से गिरफ्तार किया। आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड लिया है। व्यापारी को गांव नियाना और मिर्जापुर के किसानों का करीब दो करोड़ रुपये न चुकाने का केस दर्ज है।

हिसार सदर थाने में 4 मार्च 2021 की एफआईआर के अनुसार आरोपी गांव नियाणा और मिर्जापुर के करीब 21 किसानों ने पुलिस को शिकायत दी कि सतीश जिसकी फर्म न्यू ईरा सीड्स उद्योग विहार, मिर्जापुर ने उनकी धान की फसल अक्टूबर नवंबर में 2020 में खरीदी थी। धान की फसल खरीदने के बाद 15 दिनों बाद राशि का भुगतान किया जाना था। परंतु आरोपी ने दो महीने तक फसल का भुगतान नहीं किया।

## महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट के लिए भाजपा जिम्मेदार : तेजस्वी यादव

**एजेंसी।** पटना

**बिहार** विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में चल रहे राजनीतिक संकट के लिए पूरे देश को हाईजैक करने की भाजपा की तानाशाही महत्वाकांक्षा को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया।

राजद नेता तेजस्वी यादव से महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट संकट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने आरोप लगाया, यह सर्वविदित है कि भाजपा अपने विरोधी किसी भी सरकार को शांति से काम नहीं करने देती। वह किसी भी तरह ऐसी सरकार को गिराने की कोशिश करता है। बिहार के उप मुख्यमंत्री रह चुके तेजस्वी ने आरोप लगाया, भाजपा हर उस राज्य को हाईजैक करना चाहती है जहां वह सत्ता में नहीं है। यह तानाशाही रवैया है।



## हरित हाइड्रोजन के उत्पादन को सस्ता सुलभ बनाएं उद्योग जगत : मांडविया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को उद्योग जगत से पर्यावरण अनुकूल हरित हाइड्रोजन के उत्पादन को किफायती और सुलभ बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भौगोलिक लाभ के कारण भारत के पास हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में अपार सभावनाएं हैं। मांडविया ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार अकेले हरित ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकती है। इसके लिए उद्योगों, शिक्षाविदों और सरकार के बीच तालमेल की जरूरत है। सरकार ने राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के तहत वर्ष 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता से संबंधित विकास को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा है।

## रुपये में तेज उतार-चढ़ाव नहीं होने देगा केंद्रीय बैंक : आरबीआई डिप्टी गवर्नर

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल डी पात्रा ने शुक्रवार को कहा कि आरबीआई रुपये को स्थिर रखने के लिए कदम उठा रहा है और इसमें तेज उतार-चढ़ाव नहीं आने देगा।

मौद्रिक नीति विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे पात्रा ने यह भी कहा कि हाल के समय में अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपये की विनिमय दर में सबसे कम गिरावट आई है। पात्रा ने कहा, हमें नहीं पता कि रुपया कहां तक जाएगा। यहां तक कि अमेरिकी फेडरल बैंक को भी नहीं पता कि डॉलर कहां तक जाएगा, लेकिन एक चीज तय है, हम रुपये में स्थिरता के लिए कदम उठाएंगे और इस दिशा में निरंतर काम जारी है। उन्होंने उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के एक कार्यक्रम में कहा, हम बाजार में हैं और रुपये में अव्यवस्थित उतार-चढ़ाव नहीं होने देंगे। हमारे दिमाग में रुपये का कोई स्तर नहीं है लेकिन घरेलू मुद्रा में तेज उतार-चढ़ाव नहीं होने देंगे। माइकल डी पात्रा ने कहा कि हम निश्चित रूप से बाजार में रुपये की अस्थिरता के खिलाफ कदम उठा रहे और उसे बचा रहे हैं।

### बाजार में दो दिन की तेजी से निवेशकों को पांच लाख करोड़ से अधिक का लाभ

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू शेयर बाजारों में पिछले दो दिन से जारी तेजी से निवेशकों की संपत्ति पांच लाख रुपये से अधिक बढ़ गई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 462.26 अंक यानी 0.88 प्रतिशत उछलकर 52,727.98 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 443.19 अंक चढ़कर 52,265.72 अंक पर बंद हुआ था। बाजार में पिछले दो दिन की तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5,06,975.56 करोड़ बढ़कर 2,42,27,901.56 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# जन्मदिन पर अडाणी फाउंडेशन दान करेगी 60 हजार करोड़

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**एशिया** के सबसे अमीर बिजनेसमैन गौतम अडाणी ने अपने 60वें जन्मदिन पर 60,000 करोड़ रुपये दान करने का ऐलान किया है। यह भारतीय कॉर्पोरेट इतिहास में एक फाउंडेशन के लिए किए सबसे बड़े दान में से एक है। फंड का इस्तेमाल हेल्थ केयर, एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट के लिए होगा, जिसे अडाणी फाउंडेशन मैनेज करेगा। इसकी चेयरपर्सन गौतम अडाणी की पत्नी प्रीति अडाणी हैं।

प्रीति अडाणी ने इस मौके पर गौतम अडाणी की एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा- करीब 36 साल पहले मैंने अपने कॅरियर को साइड रखकर गौतम के साथ एक नई जर्नी शुरू की थी। आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो उनके लिए केवल गर्व और सम्मान महसूस होता है। उनके 60वें जन्मदिन पर मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और सभी सपनों के साकार होने की प्रार्थना करती हूं।



### दानवीरों में अजीम प्रेमजी का नाम सबसे ऊपर

**भारतीय** दानवीरों की बात करें तो विप्रो लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन अजीम प्रेमजी का नाम सबसे ऊपर आता है। एडलगिव हुरुन इंडिया फिलेन्थ्रॉपी लिस्ट 2021 के अनुसार अजीम प्रेमजी ने वित्त वर्ष 2020-21 में 9713 करोड़ रुपये का दान दिया। इस लिस्ट में अडाणी 130 करोड़ रुपये के डोनेशन के साथ 8वें नंबर पर थे। उनके अलावा एचसीएल के फाउंडर-चेयरमैन शिव नडार और रिलायंस के मुकेश अंबानी का भी नाम लिस्ट में है।

### अडाणी फाउंडेशन की स्थापना 1996 में हुई

**अडाणी** की पत्नी प्रीति अडाणी के नेतृत्व में अडाणी फाउंडेशन की स्थापना 1996 में हुई थी। इसने भारत के ग्रामीण इलाकों में सोशल प्रोग्राम्स पर काम किया है। अडाणी ग्रुप की वेबसाइट के अनुसार वर्तमान में ये फाउंडेशन देश के 18 राज्यों में सालाना 3.4 मिलियन लोगों के उत्थान में मदद कर रहा है। प्रीति अडाणी पेशे से डॉक्टर हैं, जिन्होंने डेंटल सर्जरी में ग्रेजुएशन किया है।

गौतम अडाणी ने कहा कि उनके पिता के 100वें और उनके 60वें जन्मदिन पर, अडाणी परिवार भारत में हेल्थ केयर, एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट के लिए 60000 करोड़ रुपये दान दे रहा है। आने वाले महीनों में इन तीनों सेक्टर्स में फंड के एलोकेशन का फैसला करने के लिए तीन एक्सपर्ट कमेटियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसमें परिवार के सदस्य भी शामिल होंगे।

गौतम अडाणी अब फेसबुक के फाउंडर मार्क जुकरबर्ग और इन्वेस्टर वॉरेन बफे जैसे ग्लोबल अरबपतियों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने सामाजिक काम के लिए अपनी संपत्ति का बड़ा हिस्सा दान किया है। अडाणी का ये दान बिल गेट्स और मेलिंडा फ्रेंच गेट्स के 2021 में अपनी फाउंडेशन को दिए 1.17 लाख करोड़ रुपये के दान से लगभग आधा है।

पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 25 जून, 2022



### शहर का तापमान

- अधिकतम 41.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 27.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- सेक्टर-22-23 के दीनदयाल उपाध्याय पार्क में योग शिविर: सुबह 5 बजे।
- सेक्टर-23 में रक्तदान शिविर का आयोजन: सुबह 9 बजे।
- सेक्टर 55 की मैन RMC रोड का उद्घाटन : सुबह 10 बजे।
- फ्रेंडस कॉलोनी बल्लभगढ़ में पानी की लाइन व RMC रोड का उद्घाटन: सुबह 10.30 बजे।
- अज्जी कॉलोनी बल्लभगढ़ की गली नं-1 का आरएमसी रोड का उद्घाटन : शाम 6 बजे।
- सेक्टर-सात ई अशोक वाटिका में फिजियोथैरेपी शिविर: सुबह 5 बजे।
- सिविल अस्पतालों व स्वास्थ्य केन्द्रों में मुख जांच: सुबह 8 बजे।
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन: सुबह 9 बजे।
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 8 बजे।

# घोटाला : सरकार ने 17ए की अनुमति दी तो कई मगरमच्छ होंगे गिरफ्तार

## 200 करोड़ के घोटाले में विजिलेंस ने चीफ इंजीनियर और जेई को रिमांड पर लिया

**राजेश दास।** फरीदाबाद


विजिलेंस की गिरफ्त में चीफ इंजीनियर रमन शर्मा और जेई दीपक।

**बहुचर्चित** 200 करोड़ के घोटाले में स्टेट विजिलेंस को एक और बड़ी सफलता मिली है। विजिलेंस ने इस मामले में लंबे समय से फरार चल रहे चीफ इंजीनियर रमन शर्मा और जेई दीपक कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पहले से दर्ज मामले में इन दोनों ने हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत ले ली थी। ऐसे में विजिलेंस ने बिना के काम दो करोड़ रुपये के भुगतान के अन्य मामले में मुकदमा दर्ज कर गत दिवस दोनों को गिरफ्तार किया है।

इस घोटाले में बिल वर्ष 2018 के कामों के जमा हुए थे, लेकिन घोटाला 2020 में उस समय उजागर हुआ, जब भुगतान हो चुका था। जिससे पता चलता है कि पूरा खेल मिलीभगत से खेला जा रहा था। स्टेट विजिलेंस जांच के दौरान एक के बाद एक मामले के परतों को खोलती जा रही है। घोटाले की जांच में निगम अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा करीब दो दर्जन अन्य लोगों के नाम भी सामने आ रहे हैं। वहीं बिना काम के भुगतान के मामले में कुछ आला अधिकारियों के नाम भी सामने आ रहे हैं। इन पर कार्रवाई करने के लिए विजिलेंस ने सरकार से 17ए की अनुमति मांगी है। एनआइटी-86 के विधायक नीरज शर्मा ने सरकार से विजिलेंस को 17ए की अनुमति देने की मांग की है।

### अग्रिम जमानत पर थे आरोपी

**बहुचर्चित** 200 करोड़ रुपये के घोटाले में पुलिस इससे पहले दो मुकदमे दर्ज कर चुकी है। इनमें सतबीर ठेकेदार के साथ चीफ इंजीनियर डीआर भास्कर, रमन शर्मा, जेई दीपक कुमार और अन्य लोगों को नामजद किया था। जिसमें विजिलेंस ने सतबीर ठेकेदार और डीआर भास्कर को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन रमन शर्मा और जेई दीपक कुमार विजिलेंस के हाथ नहीं आ रहे थे। पिछले दिनों पहले रमन शर्मा और फिर दीपक हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत लेने में कामयाब हो गए थे। जमानत मिलने के बाद दोनों गिरफ्तारी के प्रति बेफिक्र हो गए थे। जांच के दौरान बल्लभगढ़ के वार्डों में बिना काम के दो करोड़ रुपये के भुगतान की बात सामने आई तो विजिलेंस ने तीसरा मुकदमा भी दर्ज कर लिया। इस मामले में बीती शाम विजिलेंस ने रमन शर्मा और दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पहले दर्ज मामले में कई लोगों के नाम सामने आ चुके हैं। लेकिन विजिलेंस अभी उन पर हाथ नहीं डाल रही है। तीसरे मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद और नाम उजागर हो सकते हैं।


नगर निगम मुख्यालय का सांकेतिक फोटो।

### मिलीभगत से चल रहा था खेल



पैरिफेरल रोड की जांच करती टीम का एक फाइल फोटो।

**बिना** काम के करीब 200 करोड़ रुपये के भुगतान करने का मामला वर्ष 2020 में उजागर हुआ है। जबकि इस घोटाले में काम वर्ष 2018 के दर्शाए गए है। जिस समय कामों का वर्क ऑर्डर हुआ, तब किसी ने शोर नहीं मचाया और न ध्यान दिया, लेकिन इन फर्जी कामों के बिलों का भुगतान होने के बाद मामला उजागर हुआ। जांच के दौरान नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा करीब दो दर्जन अन्य लोगों के नाम भी उजागर हुए हैं, लेकिन विजिलेंस अभी किन्हीं कारणों से इन लोगों पर हाथ नहीं डाल रही है। जिससे साफ हो जाता है कि पूरा मामला मिलीभगत से चल रहा था। वहीं मामले में गिरफ्तार दीपक कुमार जेई नहीं बल्कि ट्यूबवेल ऑपरेटर है। यह भी जांच के विषय है कि ट्यूबवेल ऑपरेटर दीपक को जेई का चार्ज किस अधिकारी ने और क्यों दिया। अभी तक निगम में हुए घोटालों में सिर्फ एक ही ठेकेदार का नाम उजागर हुआ है। यदि विजिलेंस निगम के अन्य कामों की जांच करें तो कई ठेकेदारों के नाम उजागर हो सकते हैं।

### अन्य घोटालों को कार्रवाई का इंतजार

**नगर** निगम में घोटाला कोई पहली बार उजागर नहीं हुआ है। इससे पहले भी समय समय पर घोटाले उजागर होते रहे हैं। कई मामलों में विजिलेंस और पुलिस द्वारा एफआइआर भी दर्ज की गई है लेकिन इन मामलों में कार्रवाई आज तक नहीं हुई। ये मामले लंबे समय से ठंडे बस्ते में पड़े हुए हैं। इनमें हार्डवेयर चौक जमीन घोटाला भी शामिल है। इसके अलावा 102 करोड़ रुपये के पैरिफेरल रोड और अन्य कई घोटाले की जांच पिछले लंबे समय से विजिलेंस के पास लंबित पड़ी हुई है।

### सरकार दे 17ए की अनुमति



**नगर** निगम में 200 करोड़ रुपये के बिना काम भुगतान घोटाले को विधानसभा में उठाने वाले कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा का कहना है कि सिर्फ मुख्य अभियंता दौलतराम भास्कर के बाद अब दूसरे मुख्य अभियंता रमन शर्मा एवं जेई दीपक को विजिलेंस ने गिरफ्तार किया है। लेकिन सिर्फ इनको पकड़कर ही भ्रष्टाचार का खात्मा नहीं होगा। भ्रष्टाचार की जड़ों तक पहुंच कर बड़े मगरमच्छ काबू करने होंगे। उन्होंने कहा की स्टेट विजिलेंस ने सरकार से 17ए की अनुमति मांगी हुई है। सरकार जल्द से जल्द अनुमति दें। ताकि बडे मगरमच्छों को काबू किया जा सके, क्योंकि यह पैसा जनता का है, जिसको यह लोग खा गए। यही कारण है कि आज फरीदाबाद विकास के लिए तरस रहा है। फरीदाबाद में पहली बार ऐसा हुआ है की बरसाती पानी के जल भराव की समस्या के लिए पुलिस की ड्यूटी लगानी पड़ी।

### निवेश गुरु

**शेयर** बाजार मे छोटे वक्त में उतार चढ़ाव की संभावना अधिक रहती है, जबकि लंबे वक्त में यह जोखिम काफी कम हो जाता है। निवेशकों को अपने लंबी अवधि के वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने के इरादे से इक्विटी मल्टी कैप फंड में निवेश करना चाहिए। लंबी अवधि में एक अनुशासित तरीके से एसआईपी या एसटीपी के जरिये निवेश शेयर बाजार मे होने वाले उतार-चढ़ाव के जोखिम को और भी कम कर देता है। नए निवेशक विशेष रूप से जो एक छोटी राशि के साथ एक इक्विटी फंड में एकमुश्त या एसआईपी शुरू करना चाहते हैं, उनके लिए भी मल्टी कैप फंड एक अच्छी पसंद हो सकती है क्योंकि उन्हें एक ही स्कीम में लार्ज, मिड और स्माल कैप तीनों तरह के म्यूचुअल फंड का लाभ मिल सकता है।

# सेक्टर-65 में बने नवनिर्मित पुल का लोकार्पण

## कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि जो जनता कहेगी, वह विकास कार्य हर हाल में करवाऊंगा पूरा

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़


बल्लभगढ़ में सेक्टर 64 व 65 पुल के निर्माण कार्य का लोकार्पण करते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

**कैबिनेट** मंत्री मूलचंद शर्मा ने एक करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुए सैक्टर-64 व सैक्टर-65 में बने पुल का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि दर्जन भर से ज्यादा गांवों को आवागमन में राहत मिलेगी। कैबिनेट मंत्री ने निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के दिग्गजों की जनता ने निकाय चुनाव में पोल खोल दी है।

प्रदेश कांग्रेस मुक्त बनने जा रहा है। देश में भी कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगा। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र में चहुमुखी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दूंगा। हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज शुक्रवार को बल्लभगढ़ में एक और विकास कार्य का लोकार्पण कर जनता को सौगात दी है। कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा सेक्टर- 65 में भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी चौंक पर साहूपुरा रोड से निकलने वाले प्याला डिस्ट्रीब्यूटर रजवाहे पर बनाए जाने वाले लगभग एक करोड़ रुपये की धनराशि की लागत से बनने वाले पुल के निर्माण कार्य का लोकार्पण कर रहे थे। इस पूल के बनने से सेक्टर-62, सेक्टर-64, सेक्टर-65 वासियों के अलावा बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र से जुड़े गांव साहूपुरा, सुनपैड मलेरना, ऊंचागांव सहित विभिन्न इलाकों के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बल्लभगढ़ के लिए अलग से लघु सचिवालय बनवाया है। वहीं बेटियों को पढ़ाई करने के लिए सेक्टर-2 में महिला कॉलेज की स्थापना की है।

# ड्रग एब्यूज डे पर निकाली साईकिल रैली

## 20 साइकिलों से निकाली गई रैली

## सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता और डॉ. शीला ने हरी झंडी दिखाई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाते डॉ. विनय गुप्ता और डॉ. शीला भगत।

**ड्रग** एब्यूज दिवस तथा टीवी अवेयरनेस निश्चय दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में एक साइकिल रैली निकाली गई। जिसमें 10 साइकिल क्षयरोग विभाग और 10 साइकिल सेक्टर-8 स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल के डायरेक्टर अमित अग्रवाल के द्वारा भेजी गई थी। 20 साइकिल की इस रैली को सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता और डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत ने हरी झंडी दिखाकर बीके सिविल अस्पताल में मौजूद जिला क्षयरोग विभाग के सामने से रवाना किया।

साइकिल रैली बीके हॉस्पिटल से एक नंबर होती हुई वापस सिविल हॉस्पिटल में में पहुंच कर सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने ड्रग एब्यूज डे तथा टीवी अवेयरनेस निश्चय दिवस के रूप में मनाया गया। सीएमओ डॉ विनय गुप्ता ने लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत बड़ा खतरा है। सारे रोगों की जड़ नशा होता है। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ शीला भगत ने भी टीवी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि टीवी की दवाइयों को खाते समय कोई भी नशा नहीं करना चाहिए। इस प्रोग्राम में सर्वोदय हॉस्पिटल से राकेश त्यागी, टीवी एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत, भागीरथ, बिजेंद्र, रविंद्र, करण, विकास, वीरेंद्र, राजकुमार, अशोक, कुलभूषण, उमेश, प्रीति, साधना, मनीषा, कविता, सुनीता, शुमंत्रा, ममता, सुमित आदि सभी स्टाफ मौजूद थे।

### यूटीलिटी न्यूज

#### स्वयंसेवकों को पढ़ाया नशामुक्ति का पाठ

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में पांच दिवसीय जिला स्तरीय शिविर जो भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, हरियाणा शाखा चंडीगढ़ व फरीदाबाद रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की यूथ रेडक्रॉस इकाइयों द्वारा चलाया जा रहा है। चौथे दिन रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य व प्रशिक्षक रतन सिंह आजाद ने स्वयंसेवकों को गृह परिचर्या विषय के गुरों व उपयोगिता की महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं शिविर संयोजक डॉ. जयपाल सिंह ने एड्स के कारणों, एड्स के संबंधित लोगों में भ्रांतियों, रोकथाम व उपचार की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### क्विक न्यूज

#### कैबिनेट मंत्री देंगे विकास की सौगात

**फरीदाबाद।** हरियाणा परिवहन एवं खनन मंत्री पंडित मूलचन्द शर्मा आज शनिवार 25 जून सुबह 10:00 बजे सेक्टर-55 की मैन आरएमसी रोड का उद्घाटन करेंगे। सुबह 10.30 बजे फ्रेंडस कॉलोनी बल्लभगढ़ में पानी की लाइन व आरएमसी रोड, शाम 5:00 बजे पानी की टंकी के नजदीक 60 गज की पॉकेट सेक्टर-2 में आरएमसी रोड का उद्घाटन करेंगे। इसी क्रम में शाम 6:00 बजे अज्जी कॉलोनी बल्लबगढ़ की गली नं-1 में आरएमसी रोड़ का उद्घाटन करेंगे।

# एनएचएम कर्मियों ने जलाई सरकारी फरमान की प्रतियां

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल में प्रतियां जलातीं नर्सिंग ऑफिसर्स।


बीके सिविल अस्पताल में विरोध करते एनएचएम कर्मी।

**जिला** मुख्यालय एनएचएम फरीदाबाद के प्रांगण में मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा द्वारा जारी पत्र में विभाग की तरफ से कर्मचारियों के सर्विस बॉयलॉज को खत्म करते हुए तुगलकी फरमान जारी किया है। जोकि कर्मचारियों के विरोध उनकी सोच को दर्शाता है।

विरोध जता रहे कर्मचारियों का नेतृत्व कर रहे प्रदेश उपाध्यक्ष धवेंद्र कुमार का कहना था कि कोरोना काल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों द्वारा अपनी जान को जोखिम में डालकर सराहनीय कार्य किया गया और बहुत से साथी ऐसे भी हैं जिन्होंने अपनी जान भी गंवा दी। उसके पश्चात भी विभाग द्वारा कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इसी तुगलकी फरमान के विरोध में जिला फरीदाबाद के सभी स्वास्थ्य संस्थानों जैसे सीएचसी, पीएचसी, यूएचसी, यूपीएचसी जिला अस्पताल फरीदाबाद, उप हस्पताल बल्लभगढ़, एफआरयू सेक्टर 3, एफआरयू सेक्टर 30 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आने वाले स्वास्थ्य विभाग के सभी एनएचएम कर्मचारियों द्वारा कड़ा विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार के आदेश की प्रतियां जलाई गई। सरकार को यह चेतावनी दी है कि अगर हमारे हितों के साथ सरकार ने खिलवाड़ किया और सर्विस बॉयलॉस खत्म करने की कोशिश की, तो हम सभी कर्मचारी अपने हितों की रक्षा के लिए सरकार से व प्रशासन के खिलाफ हर संभव लड़ाई लड़ने को तैयार हैं और हम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों के कंधे से कंधा मिलाकर हितों की रक्षा के लिए लड़ने को तैयार हैं।

# सेनेटरी पैड देकर हाईजीन के प्रति किया जागरुक

## महाविद्यालय ने छात्राओं को हाईजीन के प्रति जागरुक किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं को सिनेटरी पैड वितरित करते हुए।

**राजकीय** महिला महाविद्यालय सेक्टर 16-ए फरीदाबाद की एनएसएस यूनिट एवं रेडक्रास सोसायटी द्वारा रोटरी क्लब फरीदाबाद के सहयोग से महाविद्यालय की करीब एक हजार छात्राओं को सेनेटरी पैड बांटे गए तथा छात्राओं को हाईजीन के प्रति जागरुक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कार्यवाहक प्राचार्या रीतिका गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना बेहद जरूरी है। हाल ही में हुए एक शोध के अनुसार यदि हालात ऐसे रहे तो 2025 तक ही पांचवीं महिला कैंसर ग्रसित होगी। महिलाओं में होने वाली अधिकतर बीमारियों का कारण खान पान एवं हाइजीन है। ऐसे में यदि हम अपनी आधी आबादी को इस प्राकर की गंभीर बीमारियों से बचाना चाहते हैं, तो इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने होंगे।

रोटरी क्लब के प्रधान विपिन मनचंदा ने छात्राओं को क्लब द्वारा शुरू की गई अपनी इस मुहिम के प्रति जागरूक किया तथा अपने आस पास की महिलाओं को सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करने के प्रति जागरुक करने की अपील की। एनएसएस इंचार्ज डा. रचना सैनी एवं रेडक्रास सोसायटी इंचार्ज मीनल सबरवाल ने कहा कि महिलाओं को मेडिकल स्टोर या किसी दुकान से सिनेटरी पैड खरीदने में शर्माने की आवश्यकता नहीं है। यह महिलाओं की प्राथमिक आवश्यकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि जबतक पढा लिखा वर्ग इसे सहज भाव से स्वीकार नहीं करेगा, तबतक कम पढ़े लिखे वर्ग या फिर ग्रामीण आंचल में इसका प्रसार आसान नहीं होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापिका, अर्चना वर्मा ने भी छात्राओं को सिनेटरी पैड के प्रयोग एवं हाइजीन के प्रति प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डा. वर्षा शर्मा, पूनम शर्मा, नेहा, प्रिया, चंचल शर्मा सहित अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

### नज़रिया



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

**कोई ज़्यादा टिकाऊ है तो कोई कम टिकाऊ है**
**जो कल प्यादा था वो भी अब सियासी फाड़खाऊ है**
**जो जन आदेश ठुकराकर खड़ा है आज मंडी में**
**उसे बागी नहीं कहते वो तो केवल बिकाऊ है**

# जल प्रदूषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : राघवेंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


सेक्टर-12 लघु सचिवालय स्थित सभागार में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हरियाणा राज्य पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड केपी राघवेंद्र राव।

**चेयरमैन** हरियाणा राज्य पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड पी राघवेंद्र राव ने कहा कि हमें किसी भी हाल में जल प्रदूषण होने से रोकना होगा। जल प्रदूषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वह फरीदाबाद, सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों का नैतिक दायित्व बनता है कि वह नहरों-नदियों को दूषित होने से बचाएं। उन्होंने सैपटेज मैनेजमेंट की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनियों व औद्योगिक इकाइयों से सैपटेज टैंकरों के माध्यम से दूषित पानी नहरों-नदियों में छोड़ने पर पूर्ण रोक लगाएं। इसके लिए नगर निगम व पुलिस डिपार्टमेंट मिलकर काम करें। मनमानी करने वालों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की जाए। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न औद्योगिक इकाइयों द्वारा नदी-नहर में छोड़े जा रहे पानी की रिपोर्ट तलब करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

सीवर लाइन बिछाने, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटो के निर्माण, घरों को सीवरेज कनेक्शन उपलब्ध कराने व अन्य मुद्दों पर भी चेयरमैन हरियाणा राज्य पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड पी राघवेंद्र राव ने चर्चा की। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद व बल्लभगढ़ में माइक्रो जोन्स बनाएं।


ताकि सीवरेज व ऐसे अन्य मुद्दों पर समीक्षा की जाए, जो पानी को दूषित करते हैं। इसके अतिरिक्त अन्य मांगों पर भी जो सरकार से सम्बन्धित हैं, उनको सरकार को भेज कर समाधान का प्रयास किया जाएगा। बैठक में काफी समस्याओं का निवारण व अन्य बिन्दुओं के उचित निवारण का आशवासन चेयरमैन हरियाणा राज्य पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड पी राघवेंद्र राव द्वारा दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त जितेंद्र यादव, नगर निगम कमिश्नर यशपाल यादव, पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा, सीईओ स्मार्ट सिटी फरीदाबाद गरिमा मित्तल सहित अन्य कई अधिकारीगण मौजूद रहे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**फरीदाबाद।** भारत विकास परिषद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित डॉक्टर सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र और एमएलए नरेंद्र गुप्ता के सौजन्य से सेक्टर -11 के उनके कार्यलय में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड प्रैशर और स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच की गयी। लोगों का अनुभव भी सहराहनीय रहा। मरीजों ने बताया की उनको इस शिविर में किसी भी प्रकार से कोई भी परेशानी नहीं हुई और संतुष्टि पूर्ण जांच हुई। इस शिविर में एमएलए नरेंद्र गुप्ता और भाजपा नेता टीपरचन्द भी उपस्थित रहे। उन्होंने डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के द्वारा उठाये जा रहे सामाजिक कार्य की प्रसंसा की। भारत विकास परिषद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट से राजकुमार अग्रवाल, अशोक गोयल, राकेश गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, बीएम अग्रवाल, प्रमोद सचदेवा, सिद्धार्थ डागा, तमना, रेनू अग्रवाल, आरती और डॉक्टर सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र से मेडिकल डायरेक्टर रमेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि दिनांक 22.06.2022 का रोहित पुत्र राहुल निवासी मकान न0. एम14 गाँधी कॉलोनी एनआईटी फरीदाबाद, अपने घर से बाहर खेलने गया था जो वापस नही आया है। जिसका हुलिया इस प्रकार से हैं रंग गेहुआं, गोला चेहरा, हृष्ट-पुष्ट शरीर वा उम्र 11 साल, शरीर पर पीले रगँ की टी शर्ट नीले रंग की जिन्स पहने हुये तथा वा पैरो मे सन्तरी वा नीले रँग के रबड के जुत्ते पहने हुये है। मुकदमा न0 243 दिनांक 23.06.2022 थाना एनआईटी फरीदाबाद पता चलने पर निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित किया जाये।

दूरभाष. 9682200125, 8168002965

पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 25 जून, 2022



# कोविड-19 अस्पताल में नहीं पहुंच रही ऑनलाइन रिपोर्ट

## ऑनलाईन रिपोर्ट बीके से कोविड-19 अस्पताल तक पहुंचने की नहीं हुई छह माह बाद भी व्यवस्था

कविता। फरीदाबाद

**जिले** के सबसे बड़े बीके सिविल अस्पताल में रोजाना डेढ़ से दो हजार मरीज इलाज को आते हैं। जिसे देखते हुए मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए पेपर लेस सुविधा यानी ऑनलाइन ई-उपचार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई थी। जिसमें मरीज के कार्ड पर अंकित यूनिक आईडी नम्बर के जरिये उसकी पूरी जानकारी चिकित्सकों तक ऑनलाइन पहुंच जाती है, लेकिन यह ऑनलाइन व्यवस्था बीके अस्पताल में नए बने कोविड-19 अस्पताल में फिलहाल उपलब्ध नहीं हो सकी है। जिस कारण मरीजों और चिकित्सकों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है।



बीके अस्पताल स्थित कोविड वार्ड।

**ऑनलाईन रिपोर्ट नहीं :** गत वर्ष 2015 में बीके सिविल अस्पताल में पेपर लेस काम काज को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन सुविधा (ई-उपचार) शुरू की गई थी। जिसके कारण जिले के सिविल अस्पताल में आधे से ज्यादा रिपोर्ट ऑनलाइन है, मरीजों की रिपोर्ट अस्पताल में चिकित्सकों के पास पहुंच जाती है। लेकिन यह सुविधा केबल अस्पताल के भीतर तक ही उपलब्ध है। हाल ही में नए बने कोविड-19 अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। जबकि वहां पिछले छह माह से कोरोना और मेडिकल वार्ड चल रहा है। ऐसे में पुराने एक्स-रे और अन्य रिपोर्ट मरीजों के पास न होने से वहां तैनात किए गए चिकित्सक को इलाज करने में काफी परेशानी होती है। मरीजों से वह रिपोर्ट मांगते है, तो वह डॉक्टर को ऑनलाइन रिपोर्ट देखने को बोलते हैं। अस्पताल प्रबंधन की इस लापरवाही के कारण कभी भी किसी मरीज की हालत गंभीर हो सकती है।

**पेपर का इस्तेमाल :** फिलहाल नए बना गए कोविड-19 अस्पताल में कोरोना और मेडिकल वार्ड चल रहे है। लेकिन यहां ऑनलाइन सुविधाएं नहीं है। जिस कारण यहां भर्ती मरीजों को एक-एक रिपोर्ट के लिए बीके अस्पताल की बिल्डिंग के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ता है।

वहीं रिपोर्ट के सारे कागजात संभालने पड़ते हैं। इस दौरान कोरोना के मरीज भी परेशान होते है। बृहस्पतिवार को यहां एक मरीज को भर्ती करवाया गया। लेकिन उसके पास रिपोर्ट नहीं थी। उसकी सभी रिपोर्ट ऑनलाइन थी। जिसके कारण मरीज के परिजन परेशान हो गए कि अस्पताल से दोबारा रिपोर्ट कैसे लाए। ऐसा ही यहां मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीजों के संग हो रहा है। जिससे चिकित्सक, मरीज और तिमारदार परेशान होते रहते हैं।

## ड्रोन उड़ाने को लेनी होगी मंजूरी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि आजकल ड्रोन का चलन तेजी से बढ़ता जा रहा है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा भी हो सकता है इसलिए सुरक्षा के दृष्टिगत ड्रोन से संबंधित कार्यवाही पर पूरी नजर रखनी होगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रोन को संचालित करने के लिए विभिन्न स्थानों को चिन्हित किया जाए जहां पर ड्रोन उड़ाने के लिए मंजूरी ली जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय भारत सरकार ने ड्रोन से संबंधित गत वर्ष ड्रोन पोलिसी-2021 जारी की है। जिसके तहत ड्रोन के लिए लाईसेंस लेना होगा और ड्रोन के पायलट को भी ड्रोन प्रशिक्षण के पश्चात लाईसेंस लेना होगा।

# औचक निरीक्षण के दौरान लोगों ने मंत्री से की निगम अधिकारियों की शिकायत

## जनता के कार्यालयों में बेफिजूल में चक्कर ना कटाए कर्मचारी और अधिकारीः शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

**प्रदेश** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को बल्लभगढ़ के नगर निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनते हुए नगर निगम कैंपस में खुले में बैठकर ही लोगों की समस्याएं सुनना शुरू कर दी। कैबिनेट मंत्री ने एक्सईएन और एसडीओ के अलावा अन्य स्टाफ से भी लोगों का काम कराने के लिए मौके पर ही आदेश दिए और कहा कि जनता को बेफिजूल में चक्कर ना कटाएं। कर्मचारी और अधिकारी जनता के काम को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि वे आगामी शुक्रवार को फिर से नगर निगम कार्यालय में आएंगे और जनता की समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने मौके पर आए लोगों को आश्वासन दिया कि वे आगामी शुक्रवार को फिर से नगर निगम कार्यालय में आएंगे यदि उनका कार्य नहीं होता तो वे उन्हें शुक्रवार को जरूर बताएं। यदि किसी की लापरवाही मिली तो उसी समय सख्त कार्रवाई भी करेंगे। नगर निगम कार्यालय पहुंचने की सूचना पर बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोकचंद भी पहुंच गए। जनता की समस्याएं सुनते हुए नगर निगम में पटवारी से संबंधित शिकायतें आईं। जिस पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने उच्च अधिकारियों को बल्लभगढ़ में जल्द ही खाली पड़ी पटवारी के सीट पर पटवारी नियुक्त करने की बात कही।



नगर निगम कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनतें कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

नगर निगम के जेटीओ भी मौजूद नहीं मिले। जेटीओ से संबंधित लोगों को भी परेशानी हो रही थी। कैबिनेट मंत्री ने जब इस बारे में जानकारी ली तो पता चला कि नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर और जेटीओ फरीदाबाद मीटिंग में गए हुए हैं।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोकचंद को जिम्मेदारी तय करते हुए कहा कि शहर की सुंदरता को कायम रखने के लिए वे कार्य करें और साफ-सफाई व्यवस्था को देख रहे कर्मचारियों से पूरे शहर की सफाई का ब्यौरा लें। ताकि शहर में गंदगी ना फैले। इस अवसर पर इको ग्रीन के कर्मचारी और अधिकारी से उन्होंने बात की और कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि शहर में कूड़ा उठान का कार्य कर रही इकोग्रीन कंपनी के कर्मचारी और अधिकारी लापरवाही ना बरतें। इसके अलावा उन्होंने नगर निगम के भी सफाई निरीक्षक को हिदायत दी कि शहर में सभी वार्डों में पूरे सफाई कर्मचारी लगाकर शहर की सफाई बेहतर ढंग से सुनिश्चित करें।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों से सख्त लहजे में कहा कि वह शहर की सुंदरता को बनाए रखने और शहर की जनता के कार्यों को समय पर निपटाने का कार्य करें, यदि शिकायत मिली तो किसी भी सूरत में ऐसे कर्मचारी और अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। परिवहन मंत्री ने आम जनता से अपील की है कि वह किसी भी कार्य के लिए किसी को रिश्वत ना दें। उन्होंने इस अवसर पर लोगों को अपना मोबाइल नंबर भी दिया। इस अवसर पर एसडीएम त्रिलोकचंद सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विकास चौधरी हत्याकांड का एक और शूटर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादियान के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर योगेंद्र की टीम ने वर्ष-2019 के हत्या के मुकदमे में आरोपी शूटर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर छह दिन के रिमांड पर लिया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विकास उर्फ मालहे गुरुग्राम के धनवापुर गांव का रहने वाला है। आरोपी कौशल गैंग का सदस्य है जिसने वर्ष 2019 में अपने साथियों के साथ मिलकर फरीदाबाद के रहने वाले विकास चौधरी की हत्या कर दी थी। मृतक विकास के भाई की शिकायत के अनुसार 26 जून 2019 को सुबह करीब 9:00 बजे जब उसका भाई सेक्टर 9 की मार्केट में स्थित जिम के लिए पार्किंग में पहुंचा था। तभी वहां पर आरोपी के साथियों ने मिलकर उसके भाई की गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। जिसमें उसके भाई की मृत्यु हो गई थी। थाने में आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। इस मामले में फरीदाबाद पुलिस द्वारा मामले में शामिल कौशल गैंग के मुखिया कौशल तथा अमित सहित 20 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एक आरोपी रोहित गुड़गांव पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा जा चुका है।



पुलिस के साथ खड़ा हत्या के आरोप में गिरफ्तार शूटर विकास।

इस मामले में फरार चल रहे आरोपी विकास को फरीदाबाद सेक्टर 12 से गिरफ्तार किया है। जिसे दिल्ली पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई थी। इसके पश्चात क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने आरोपी को प्रोडक्शन पर लेकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पर हरियाणा, पंजाब तथा उत्तर प्रदेश में हत्या के सात मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी पर लूट, स्नैचिंग और हत्या के 14 मुकदमे दर्ज हैं।

## अग्निवीर आंदोलन के दौरान पुलिस सतर्कता से कायम रही शांति



बल्लभगढ़ में गश्त करते पुलिस के जवान।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अग्निपथ** के विरोध में शनिवार को अग्निवीर को लेकर किसानों के द्वारा किए गए आव्हान के दौरान फरीदाबाद पुलिस की सतर्कता और चौकसी के चलते फरीदाबाद का माहौल शांतिपूर्ण रहा और शहर में किसी भी प्रकार का उपद्रव नहीं हुआ।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद में शांति व्यवस्था पूरी तरह से कायम रही। आज फरीदाबाद के विभिन्न एरिया में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। जिन्होंने बहुत अच्छे से अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने अग्निवीर को लेकर किसानों के द्वारा किए गए आह्वान के दौरान उपद्रव करने वालों पर सतर्कता से निगरानी रखने की दिशा निर्देश दिए थे जिसके तहत किसी भी प्रकार से शहर में शांति व्यवस्था को भंग करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई थी। भारत बंद के चलते शहर में कानून तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सामान्य नाकों के इलावा भीड़भाड़ वाले 13 अन्य स्थानों पर पुलिस नाके लगाए।

## रेनमैटर की अगुआई में एक मिलियन डॉलर फंडिंग जुटाने का किया ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**ग्लोबल** एस्क्रो बैंकिंग सॉल्यूशन प्रोवाइडर कास्टलर ने आज जेरोधा की वेंचर कैपिटल इकाई रेनमैटर की अगुआई में सीड फंडिंग राउंड में 1 मिलियन डॉलर जुटाने का ऐलान किया। इस फंडिंग राउंड में वेंचर कैटालिस्ट, 9यूनिकॉर्न, फाड नेटवर्क और लेट्सवेंचर ने भी हिस्सा लिया। इस फंड की मदद से कास्टलर घरेलू और वैश्विक स्तर पर एस्क्रो प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करेगी और 10 अन्य बैंकों के साथ हाथ मिलाते हुए अगले एक साल में कारोबार को 10 गुना तक बढ़ाएगी।

कास्टलर कंपनियों के लिए एक ग्लोबल एस्क्रो प्लेटफॉर्म है, जहां घरेलू और वैश्विक स्तर पर एस्क्रो सॉल्यूशन मिलता है। कास्टलर में कंपनियों एवं बैंकों को अनूठा एस्क्रो मैनेजमेंट टीएसपी सॉल्यूशन मिलता है। अप्रैल,



2021 से कार्यरत कंपनी इस समय 150 से ज्यादा कंपनियों के लिए भरोसेमंद एस्क्रो सॉल्यूशन प्रदाता है और हर महीने 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा के ट्रांजैक्शन को मैनेज करती है। मात्र 12 कर्मचारियों के साथ शुरू हुई इस कंपनी ने जबर्दस्त तेजी से विकास किया है। कास्टलर के संस्थापक विनीत सिंह ने कहा, 'बैंकिंग/फिनटेक बिजनेस के तीन मुख्य स्तंभ होते हैं भरोसा, सुरक्षा और टेक्नोलॉजी। हमारा आसान, टेक्नोलॉजी संचालित प्लेटफॉर्म और उच्च दक्षता वाली टीम ने हमें किसी बड़ी कंपनी की तरह सोचने और किसी स्टार्टअप की तरह काम करने में सक्षम बनाया। इस फंडिंग राउंड के माध्यम से हम और तेजी से विकास की उम्मीद कर रहे हैं।' कास्टलर ने विभिन्न बैंकिंग सर्विस देने के लिए 9 अग्रणी भारतीय एवं वैश्विक बैंकों के साथ साझेदारी की है। विनीत ने आगे कहा, 'हमारा पहला साल शानदार रहा है और इस दिशा में सहयोग के लिए अपने बैंकिंग पार्टनर्स का धन्यवाद करते हैं।'

वेंचर कैटालिस्ट एवं 9यूनिकॉर्न के संस्थापक तथा रिटर्निंग इन्वेस्टर डॉ. अपूर्व रंजन शर्मा ने कहा, 'हमारे बड़े पोर्टफोलियो में कास्टलर अहम है, क्योंकि विनीत पहले ही साल से कंपनी को फायदे में लाना चाहते थे। 12 लोगों की कास्टलर की टीम ने शानदार काम किया है और पहले ही साल में बहुत सी उपलब्धियां हासिल की हैं। हमें कास्टलर की टीम पर भरोसा है।'

## रविंद्र फागना ने 8 विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** रविंद्र फागना क्रिकेट ग्राउंड पाली में प्रैक्टिस मैच खेला गया। यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी और वर्षा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने वर्षा क्रिकेट अकादमी को 8 विकेट से हराया।

इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 50-50 ओवर का था और वर्षा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वर्षा क्रिकेट अकादमी टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने ओवर 28.5 में 10 विकेट पर 101 रन बनाए। गौरव ने 30 रन, जतिन ने 22 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए इन्जामुल हक़ और आशीष भाम्बी ने 4-4 विकेट ली। युवराज ने 3 विकेट, मयंक ने 1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने 11.5 ओवर में 2 विकेट पर 102 रन बनाकर जीत हासिल की।

# पानी का बिल ऑनलाइन भरें और पांच प्रतिशत की छूट पाएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जन** स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने गांव रत्ता खेडा घड़ाम में पीने के पानी के बिल के चल रहे अभियान व पेयजल कनेक्शन को परिवार पहचान पत्र से लिंक करने के लिए चल रहे घर-घर के सर्वे कि गांव वासियों को जानकारी दी।

जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि रत्ता खेडा घड़ाम गांव में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 1 ट्यूबवेल हैं। जिनसे जलापूर्ति दी जाती है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि गांव रत्ता खेडा घड़ाम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कुल 66 पेयजल के कनेक्शन वैध है। जिनका पानी का बिल 1लाख, 19 हजार, 388 रुपए आया हुआ है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि रत्ता खेडा घड़ाम में कुल 66 पेयजल के कनेक्शन है। जिनमें से 43 पेयजल कनेक्शन पहले ही परिवार पहचान पत्र के साथ लिंक थे, आज बचे हुए 23 पेयजल कनेक्शन को भी परिवार पहचान पत्र के साथ लिंक कर दिया गया है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा गठित की गई टीम गांव रत्ता खेडा घड़ाम के हर घर में जाकर जल संरक्षण का संदेश दे रही है और पानी का बिल भी दे रही है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि पेयजल के बिल का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीने के पानी का भुगतान पेटीएम, गूगल पे, भीम पे, फोन पे आदि के माध्यम से करने से 5 प्रतिशत की छूट मिलती है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ग्राम वासियों को बताया कि प्रत्येक उपभोक्ता का जहां स्वच्छ जल पीना अधिकार है। वहीं पेयजल की सुरक्षा करना भी हर उपभोक्ता का कर्तव्य होना चाहिए। जल संरक्षण हमारे व्यवहार में शामिल होना जरूरी है। तभी हम आने वाली पीढ़ी के लिए जल को संरक्षित कर पायेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार पेयजल बिल भी जारी कर दिये है। ग्रामीण क्षेत्र में सामान्य श्रेणी का ?40 प्रति महीना, वही अनुसूचित जाति का ?20 प्रति महीना है।



युवक को परिजनों को सौंपते क्राइम ब्राच कैंट के सदस्य।

## 17 वर्षीय लड़के को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सब इंस्पेक्टर सरजीत और थाना मुजेसर प्रबंधक की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक 17 वर्षीय नाबालिक लड़के को फरीदाबाद की संजय कॉलोनी से बरामद किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नाबालिग लड़का अपने घर से 24 मार्च को बिना बताए मुंबई में एक्टर बनने के लिए चला गया था। जिसकी सूचना थाना मुजेसर में 25 मार्च को गुम होने की प्राप्त हुई। जिस पर पुलिस टीम ने मुकदमा दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने अपने सूत्रों से बच्चे का मुंबई का पता लगाया जिसके लिए पुलिस टीम मुंबई गई थी लेकिन बच्चा नहीं मिला। क्राइम ब्रांच टीम और थाना टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए आज बच्चे को संजय कॉलोनी से सुरक्षित बरामद कर लिया है।

## योग के जरिए बताए बीमारियों से दूर रहने के उपाय



शिविर में बीमारियों से दूर रहने की क्रियाएं लोगों को बताते योग शिक्षक प्रेमलता और विजयपाल।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 22-23 दीनदयाल उपाध्याय पार्क में आयोजित 10 दिवसीय योग शिविर के सातवें दिन बीमारियों से दूर रहने के लिए योग शिक्षकों ने लोगों को जानकारी दी।

सातवें दिन योग शिविर का संचालन पतंजलि योग समिति की राज्य कार्यकारिणी की प्रेमलता एवं योग शिक्षक विजय पाल द्वारा किया गया। शिविर के संयोजक ज्ञानेंद्र भारद्वाज और संगीता भारद्वाज ने पटका पहनाकर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। इस मौके पर तहसील प्रभारी पतंजलि योग समिति फरीदाबाद के योग शिक्षक त्रिलोग गुलयानी और उमा नागपाल भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। शिविर में सातवें दिन लोगों को योग क्रियाओं के जरिये कैसे बीमारियों पर काबू पाया जा सकता है, इसकी जानकारी दी गई। योग शिक्षकों द्वारा बताई गई जानकारियों को लेने के लिए भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने योग साधकों को बताया कि योग शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद है। योग करने से ना सिर्फ शरीर फुर्तीला रहता है बल्कि इससे कई तरह की बीमारियां भी दूर होती हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## जन जागरुकता को कैम्प लगाकर निकाली रैली



जागरुकता रैली में शामिल हेल्थ व रेडक्रॉस के सदस्य।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-14 स्थित नशा मुक्ति केन्द्र में हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से डॉ. सीमा बांगर नोडल स्कूल हेल्थ प्रोग्राम और अनुक्रमा भाटी ने एक कैम्प लगाया। जिसमें एक जागरूकता रैली निकाली गई और नशे से दूर रहने का और नशे के नुकसान के बारे में बताया। इस मौके पर डेंटल चैकअप डॉ. सीमा ने किया। अनुक्रमा ने काउंसलिंग की। प्रोजेक्ट डायरेक्टर ज्योति और काउंसलर धर्मेन्द्र भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर वहां मौजूद लोगों को बताया कि किस तरह से नशा लोगों के स्वास्थ्य पर इफैक्ट डालता है। वहीं नशे से दूर रहने के लिए जागरुक किया। वहीं इस मौके पर एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। यह रैली जिला स्वास्थ्य विभाग और जिला रैडक्रॉस सोसायटी की तरफ से निकाली गई।

## सेक्टर 21सी में आरएमसी रोड का कराया उद्घाटन



**फरीदाबाद।** बड़खल विधायिका सीमा त्रिखा ने बताया कि सेक्टर 21-सी में 90 लाख रुपए की लागत से बनने वाली आरएमसी रोड का उद्घाटन कार्य वहाँ रहने वाले निवासियों के हाथों से नारियल फुड़वाकर करवाया गया। विधायक सीमा त्रिखा ने बताया कि यह आरएमसी रोड मकान नंबर 451 से लेकर मकान न. 618 तक बनेगी। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि सीएम अनाउंसमेंट के अंतर्गत बनने वाली लगभग 650 मीटर लंबी इस मुख्य सडक़ का निर्माण कार्य पूरा होने में करीब 1 माह का समय लगेगा। इसके साथ ही सेक्टर 21-सी की जो अन्य सडक़ें टूटी हुई हैं उन सड़कों पर भी निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। पिछले लगभग 2 वर्षों से कोरोना महामारी के चलते विकास कार्य की गति जो रुक गई थी वह अब अपनी पटरी पर वापस लौट रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल कि सबका साथ सबका विकास की नीति के तहत एवं केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के सहयोग से बड़खल विधानसभा क्षेत्र का कोई भी कोना विकास कार्यों से अछूता नहीं रहेगा। इस अवसर पर सत्येंद्र पांडे, शालिनी मांगला, जिला सचिव एवं बड़खल विधानसभा प्रभारी हरेंद्र भड़ाना, लिखी चपराना, रूद्रदेव शर्मा (मोंटू), नरेश शर्मा, महेंद्र शर्मा, किरण शर्मा, राकेश कुमार भाटिया, अशोक भाटिया, विकास जोशी, वी.के कोहली, सुदीप मंगला, ईश्वर चपराना और जेई प्रवीण बैसला आदि स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## लूट की योजना बनाते हुए दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी सब इंस्पेक्टर ब्रह्म प्रकाश की टीम ने लूट की योजना बनाते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहित उर्फ मोटा मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के गांव बिछटपुर सुजानपुर का हाल किराएदार आदर्श नगर बल्लभगढ़ व आरोपी सतेंद्र कुमार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के गांव खालोर का हाल किराएदार बल्लभगढ़ रहने वाले है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बल्लभगढ़ के सेक्टर 62/64 चौक से अवैध हथियार के साथ काबू किया है। आरोपी मोहित से बटन दार चाकू तथा आरोपी सतेंद्र से लोहे की रॉड बरामद हुई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना आदर्श नगर में लूट की योजना और अवैध हथियार की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी नशा करने के आदी हैं नशे की पूर्ति के लिए चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपी मोहित पहले लूट और चोरी के मामलों में 6/7 बार जेल जा चुका है। आरोपी सतेंद्र पहले हत्या के मुकदमे में जेल जा चुका है अभी आरोपी चंडीगढ़ हाई कोर्ट से जमानत पर था। आरोपी मोहित ने एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन और एक गुल्लक चोरी(20000/-) की थी। आरोपी मोहित ने अपने साथी सतेंद्र के साथ मिलकर थाना आदर्श नगर में घर में से 2 गोल्ड लॉन्ग, पाजी, 8 जोड़ी चुक्टी और थाना सदर बल्लभगढ़ के लिए में चोरी की अन्य वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों से अन्य मुकदमों में एक मोटरसाइकिल 2 फोन,2 गोल्ड लॉन्ग, पाजी, 8 जोड़ी चुक्टी के साथ 5200 रुपये नगद बरामद हुए हैं। पूछताछ के बाद आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## अग्रवाल कॉलेज में हुआ काउंसलिंग सत्र का आयोजन



**फरीदाबाद।** वाणिज्य विभाग, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा एक अनुभवात्मक अधिगम एवं करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया । इस संगोष्ठी का विषय था 'रिटर्न की फाइलिंग और फिलिंग (आईटीआर 1 और आईटीआर 2)' जो समय की आवश्यकता है। यह संगोष्ठी कॉलेज के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन और निर्देशन में आयोजित की गई थी। डॉ. रेखा सेन ने वक्ता का औपचारिक परिचय दिया।वर्तमान समय में आईटीआर दाखिल करने की प्रक्रिया और विभिन्न आईटीआर की प्रयोज्यता का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। यह कार्यक्रम बीकॉम अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। सीए प्रीति मित्तल इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता थीं। सीए प्रीति मित्तल ने कराधान में प्रयुक्त विभिन्न शब्दावली के बारे में बताया। उन्होंने आईटीआर 1 और आईटीआर 2 दाखिल करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। उन्होंने विभिन्न निर्धारिती और उन पर लागू आईटीआर के बारे में बताया। उन्होंने निर्धारितियों के लिए विभिन्न छूटों और कटौतियों के स्पष्टीकरण पर भी ध्यान केंद्रित किया। मुख्य वक्ता ने विभिन्न प्रश्नों के उदाहरण और उत्तर देकर छात्रों के प्रश्नों को शांत किया। संगोष्ठी बहुत ही संवादात्मक और रोचक रही है। यह छात्रों के लिए एक अनुभवात्मक अधिगम सत्र था। सत्र ने छात्रों को रोजगार योग्यता को समझने और पैदा करने में मदद की। सत्र ने छात्रों को सशक्त बनाने और उन्हें आईटीआर दाखिल करने में सक्षम बनाने में भी मदद की। सत्र का समापन डॉ. गीता गुप्ता द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रेखा सेन और डॉ. गीता गुप्ता सहित डॉ. शोभना गोयल, डॉ. डिंपल, पूजा, प्रीति, कोमल, पंकज और रितिका के कुशल प्रयासों से किया गया था । इस कार्यक्रम में 76 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरी टीम को बधाई दी और प्रोत्साहित किया।

## 13 अगस्त को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**फरीदाबाद।** 13 अगस्त को फरीदाबाद सेक्टर 12 कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अदालत में यातायात, फैक्ट्री-श्रम विवाद, नगर निगम, पारिवारिक विवाद, मोटर व्हीकल एक्ट जैसे मामले आपसी सहमति से निपटाए जाएंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकीर्ति गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित फौजदारी समाधेय, चेक बाउंस, बिजली और पानी के बिल मामले, अन्य दीवानी मामले, ट्रैफिक चालान, मोटर व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त मामलों आदि का निपटारा किया जायेगा। न्यायिक परिसर सेंटर स्थित स्थायी लोक अदालत के माध्यम से प्री-लिटिगेशन स्टेज पर विभिन्न बैंकों के बैंक लोन केसों, बिजली, से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जायेगा।

# अगले छह दिन में सभी ड्रेन व सीवरेज लाइनों की सफाई हो पूरी : मुख्य सचिव

## मुख्य सचिव ने बाढ़ नियंत्रण प्रबंधों पर वीडियो कांफ्रेंस से ली बैठक

### क्षेत्र में 98 पंपसैट, 67 सुपर सकर मशीन, 35 ट्रैक्टर ट्रॉली, 24 जेसीबी मशीन तथा 5 डीजी सैट उतारे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल के साथ वीडियो कांफ्रेंस से बैठक में शामिल आयुक्त, उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ बाढ नियंत्रण प्रबंधों की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक के माध्यम से की। उन्होंने सभी जिलों को 30 जून तक यानी अगले छह दिन में ड्रेनों व सीवरेज लाइनों की सफाई सुनिश्चित करने और बरसाती पानी निकासी के लिए प्रयोग होने वाले पंपसैट की उपलब्धता व उनके चालू हालत में होने की पुष्टि करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी उपायुक्त बरसात के मौसम में अपने-अपने जिला में बाढ़ नियंत्रण के लिए आवश्यक मशीनरी, पंपसैट आदि के प्रबंध समय रहते कर लें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में संबंधित एसडीएम व सिंचाई विभाग के अधिकारियों का सहयोग लिया जाए। बैठक में गुरुग्राम नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में लगभग 650 किलोमीटर लंबाई की ड्रेन हैं, जिसमें से 250 किलोमीटर लंबाई में सफाई का कार्य पूरा हो चुका है और बाकी में सफाई का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह कार्य 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि बरसात के मौसम की तैयारियों के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में 98 पंपसैट, 67 सुपर सकर मशीन, 35 ट्रैक्टर ट्रॉली, 24 जेसीबी मशीनों तथा 5 डीजी सैट की व्यवस्था कर ली गई है। उन्होंने बताया कि इन प्रबंधों के अलावा निगम क्षेत्र में 8 पंपसैट स्थाई रूप में लगे हुए हैं। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में गुरुग्राम के मण्डलायुक्त राजीव रंजन, उपायुक्त निशांत कुमार यादव, सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता शिव सिंह रावत, नगर निगम की मुख्य अभियंता ठाकुर लाल, बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता कुलदीप नेहरा, जिला राजस्व अधिकारी मनबीर सिंह सहित बाढ़ नियंत्रण से जुड़े विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# जनस्वास्थ्य विभाग ने ठेके में से काटी 10 फीसदी राशि

**सोहना।** जनस्वास्थ्य विभाग ने नागरिक अस्पताल में सीवर-पानी लाइन बिछाने वाले ठेकेदार के ठेके में से 10 फीसदी राशि काट ली है। ठेकेदार को अगले 15 दिन में अधर में लटका कार्य को पूरा करने का नोटिस थमा दिया है।

वर्ष 2021 की शुरुआत में जनस्वास्थ्य विभाग ने नागरिक अस्पताल में नये सिरे से सीवर व पानी की लाइनें बिछाने का ठेका करीब 56 लाख रुपये में छोड़ा था। यह कार्य दिसम्बर 2021 में पूरा किया जाना था, लेकिन ठेकेदार द्वारा बरती गई लापरवाही के कारण यह ठेका डेढ़ वर्ष होने के बाद भी पूर्ण नहीं हो सका है। पेयजल आपूर्ति और सीवर लाइनें अधूरी होने के कारण अस्पताल परिसर में सीवर का गंदा पानी यहां के रास्ते व पार्कों में जमा होने से गंदगी बनी हुई है। ओपन पड़ें नई सीवर लाइन के गटर के गड्ढ़ों में रात के अंधेरे में गिरने का खतरा बना हुआ है। आवारा कुत्ते व पिल्ले तो कई बार इन में गिरने से घायल हुए हैं।

**नारकीय बना जीवन :** नागरिक अस्पताल के क्वार्टरों में रहने वाले डॉक्टर स्टाफ से लेकर नर्स और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का जीवन नारकीय बना हुआ है। क्वार्टरों के आगे पीछे सीवर लाइन से बाहर निकलने वाला गंदे पानी से उठती बदबू सांसें भी नहीं लेने दे रही है।

**जनस्वास्थ्य** विभाग के एसडीओ और एक्सइएन को कई बार पत्र लिखकर कार्य को पूरा कराने की मांग भी की गई है। विभाग अधिकारी अधर में लटका कार्य को देखकर भी गए है। जल्द ही कार्य को पूरा कराने का भरोसा देकर जाते है।

**डॉ. प्रवीण यादव**
**( एसएमओ नागरिक अस्पताल )**

**ठेकेदार** को पहले भी कई बार अधर में लटके कार्य को पूरा कराने के नोटिस जारी किए गए थे। इस बार उसकी कुल ठेका राशि में से 10 फीसदी की कटौती कर दी है। साथ ही उसे 15 दिन में कार्य को पूरा करने का नोटिस भी दिया है।

**ओमप्रकाश सिंह**
**( एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग )**

## संक्षिप्त समाचार

### चेस टूर्नामेंट में लड़कियों में रिद्धिका व लड़कों में गर्व ने मारी बाजी



हरियाणा राज्य स्कूल अंडर-15 रैपिड रेटिंग चेस टूर्नामेंट में विजेता खिलाड़ी।

**गुरुग्राम।** यहां एक निजी स्कूल में आयोजित हरियाणा राज्य स्कूल अंडर-15 रैपिड रेटिंग चेस टूर्नामेंट में लड़कियों में रिद्धिमा और लड़कों में गर्व गौड़ ने बाजी मारी है। शुक्रवार को इस स्पर्धा का समापन हो गया। इस टूर्नामेंट के प्रथम 3 विजेताओं को एसोसिएशन द्वारा अगले महीने तमिलनाडु में होने वाले 44वें चेस ओलंपियाड में भेजा जाएगा। टूर्नामेंट डायरेक्टर देशराज गुलाटी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लड़कियों में रिद्धिका कोटिया प्रथम, शाओनी मुखर्जी द्वितीय और हेमाक्षी चौहान ने तृतीया स्थान प्राप्त किया और लड़कों में गर्व गौड़ प्रथम, निमय गर्ग द्वितीय और अर्शदीप तृतीय स्थान पर रहे। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के जिला सचिव राजपाल चौहान, सुषमा चौहान ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

### नम आंखों से प्रो. एसपी गुप्ता को दी श्रद्धांजलि

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के प्रख्यात शिक्षाविद् और समाजसेवी प्रो. एसपी गुप्ता (सूरज प्रकाश गुप्ता) की रस्म पगड़ी पर शहर के हजारों गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक संस्थाओं व राजनीतिक दलों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। बता दें कि गत 12 जून को 82 वर्षीय प्रो. एसपी गुप्ता का देहांत हो गया था। वे दिल्ली शिक्षा विभाग में अनेक उच्च पदों पर रहकर वर्ष 2000 में सेवानिवृत्त हो गए थे। इनमें पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल, एनसीआर मीडिया क्लब के प्रेसिडेंट अमित नेहरा, आप पार्टी के नेता एडवोकेट अभय जैन, पार्षद सुभाष सिंगला व शरद गोयल आदि शामिल थे। प्रो. एसपी गुप्ता के पुत्र आलोक गुप्ता (सीए), पुत्रवधु मेघा गुप्ता (सीए), तीनों पुत्रियों स्नेह गोयल, उमा गुप्ता, प्रतिभा गुप्ता, नातियों, पोते-पोतियों समेत सभी परिजनों और रिश्तेदारों ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद प्रकट किया।

### मुख्यमंत्री ने दिया चेयरपर्सन अंजू देवी को विकास कराने का मूलमंत्र



**सोहना।** प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निकाय चुनाव में जीतकर आए चेयरमैनों को विकास कार्य कराने का मूलमंत्र दिया। अपने-अपने शहर को विकास की ओर लेकर जाने के लिए पूरा सहयोग का आश्वासन दिया है। हाल ही में हुए प्रदेश की 47 निकाय चुनावों में भाजपा पार्टी के विजेता नगर पालिका, नगर परिषद और नगर निगम के नवनियुक्त चेयरमैनों से चंडीगढ़ में मुलाकात की। इस अवसर पर सोहना नगर परिषद की नवनियुक्त चेयरपर्सन अंजू देवी भी मौजूद थी। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद अंजू देवी ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संदेश में बताया कि अपने-अपने शहरों को विकसित करने पर जोर देना होगा। विकास के कार्यों में आर्थिक तंगी नहीं आने दी जाएगी। चेयरमैन निष्पक्ता से विकास कार्य कराएं। जिससे शहर के विकास में चार चांद लग जाए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी चेयरमैन को विकास का मूलमंत्र के साथ ईमानदारी से कार्य करने पर जोर दिया।

# गुरुग्राम पुलिस ने ढूंढे 42 लाख रुपये कीमत के गुम हुए 210 मोबाइल

## पुलिस आयुक्त पूर्व विरेंद्र विज ने मालिकों को सौंपे मोबाइल

### जनता से कहा, कोई लावारिस मोबाइल फोन मिलने पर नजदीकी थाने में जमा कराएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम स्थित अपने कार्यालय में लोगों के तलाशे गए मोबाइल फोन असल मालिकों को सौंपते पुलिस उपायुक्त पूर्व विरेंद्र विज।

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम की पुलिस ने तकनीकी सहायता से गुम हुए 210 मोबाइल की तलाश करके उनके असल मालिकों को सौंपे हैं। इन 210 मोबाइल की कीमत 42 लाख रुपये है। शुक्रवार को तलाश किए गए ये मोबाइल पुलिस उपायुक्त पूर्व विरेंद्र विज ने उनके असल मालिकों को सौंपे।

गुरुग्राम में मोबाइल फोन गुम होने की सूचना मिलने के साथ ही पुलिस उनकी तलाश के लिए तकनीकी सहायता से काम करना शुरू कर देती है। आज के समय में हर व्यक्ति के मोबाइल में उनका निजी डाटा, जानकारियाँ, बैंकिंग समेत तमाम डिजिटल काम होता है। ऐसे में अगर यह मोबाइल कहीं गुम हो जाएगा तो संबंधित व्यक्ति के लिए परेशानी खड़ी हो जाती है। ऐसे में गुरुग्राम पुलिस गुम हुए मोबाइल की तलाश को भी पूरी गंभीरता से लेती है। पिछले काफी समय से कई दौर में अनेक गुम हुए मोबाइल तलाश करके असल मालिकों को सौंपे गए है। पुलिस उपायुक्त पूर्व विरेंद्र विज ने आमजन से यह अपील की है कि यदि किसी भी व्यक्ति को कोई लावारिस मोबाइल फोन मिलता है तो उसे नजदीकी थाना में जमा करा दें। अपने पास रखकर कानून के विरुद्ध न जाएं और कानूनी झंझट में ना पड़ें।

उन्होंने बताया कि लोगों से प्राप्त हुई मोबाइल गुमशुदगी रिपोर्ट्स में से साईबर सेल पूर्व गुरुग्राम की पुलिस टीम द्वारा गुम हुए 210 मोबाइल फोन को तलाश लिया गया। शुक्रवार को असल मालिकों को बुलाकर पुलिस उपायुक्त विरेंद्र विज ने उन्हें तलाशे गए मोबाइल सौंपे। पुलिस टीम द्वारा बरामद किए गए 210 मोबाइल फोन के सभी असली मालिक अपने गुम हुए मोबाइल फोन को वापस पाकर बहुत खुश थे।

# मीट की दुकानों के नए लाइसेंस के विरोध में उतरे हिंदू संगठन

## संयुक्त हिंदू संघर्ष समिति, गुरुग्राम ने सीएम, उपायुक्त के नाम दिए ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में मीट की दुकानों के नए लाइसेंस के विरोध में सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते हिंदू संगठनों के सदस्य।

**गुरु** द्रोण की नगरी और मां शीतला की पावन स्थली गुरुग्राम में मीट के नए लाइसेंस दिए जाने के विरोध में हिंदू संगठनों खड़े हो गए हैं। मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन भेजकर मांग की गई है कि इस प्रक्रिया पर बिना किसी देरी के रोक लगाई जाए। इससे पहले भी प्रशासन ने कहा था कि सिर्फ पुराने लाइसेंस रिन्यू होंगे, नए नहीं दिए जाएंगे।

संयुक्त हिंदू संघर्ष समिति हरियाणा की ओर से ज्ञापन देकर कहा गया है कि गुरुग्राम में शीतला माता का पवित्र स्थान देश की 52 सिद्ध पीठों में से एक है। लाखों लोग गुरु द्रोणाचार्य की इस पावन धरा पर मां शीतला का आशीर्वाद लेने आते हैं। 9 अक्टूबर 2017 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से घोषणा की गई थी कि गुरुग्राम में मीट के नए लाइसेंस नहीं दिए जाएंगे। केवल पुराने लाइसेंसों का नवीनीकरण होगा। अब 23 जून 2022 को नगर निगम गुरुग्राम द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से सूचना प्रकाशित कराई है कि 126 आवेदन मीट के आवेदन लाइसेंस के लिए प्राप्त हुए हैं। इन लाइसेंसों पर 28 जून तक आपत्ति मांगी गई है। ऐसे में संघर्ष समिति इस प्रक्रिया का विरोध करती है। समिति की मांग है कि गुरुग्राम में मीट के नए लाइसेंस ना दिए जाएं। निगम द्वारा नए लाइसेंस जारी करने की प्रारंभ की गई प्रक्रिया पर अविलंब रोक लगाई जाए। समूचे देश की आराध्य देवी शीतला माता परिसर से 10 किलोमीटर की परिधि में मीट की दुकानें ना हो। वर्तमान में गुरुग्राम में 119 दुकानें लाइसेंस वाली तथा लगभग 2500 दुकानें अवैध रूप से चल रही हैं। मां शीतला के नगर की पवित्रता आस्था तथा शुचिता बनाए रखने के लिए मीट की अवैध दुकानों को तत्काल प्रभाव से बंद करवाएं।

# हरियाणा पुलिस-पब्लिक रोटी पानी बैंक के 200 दिन पूरे हुए



गुरुग्राम में हरियाणा पुलिस-पब्लिक रोटी पानी बैंक के 200 दिन पूरे होने पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत करते सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### रोटी-पानी बैंक असहाय 500 लोगों को प्रतिदिन कराती है भोजन

**मानवता** की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। जरूरतमंद लोगों को भोजन करना पुण्य का कार्य है। हरियाणा पुलिस-पब्लिक रोटी बैंक बड़ा धर्म का काम कर रहा है। यह बात मेयर मधु आजाद ने शुक्रवार को हरियाणा पुलिस पब्लिक रोटी पानी बैंक के 200 दिन पूरे होने पर कार्यक्रम में कही।

पुलिस रोटी बैंक गुरुग्राम हर रोज समाज के गरीब और असहाय लगभग 500 से 600 जरूरतमंद लोगों को भोजन कराते हैं। इसके 200 दिन पूरे हो गए हैं। इस उपलक्ष्य में मियांवली कॉलोनी के कम्युनिटी सेन्टर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मेयर मधु आजाद मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची। मधु आजाद ने कहा कि आज के समय में प्रत्येक सामाजिक संस्थाओं को समाज के असहाय लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। पुलिस रोटी बैंक को नगर निगम की तरफ से इस नेक कार्य के लिए कोई उचित स्थान मुहैया करवाया जाएगा, जहां से पुलिस रोटी बैंक आसानी से अपना कार्य कर सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुप्हाउसिंग सोसायटी मियांवली कॉलोनी के अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने की। हरियाणा पुलिस पब्लिक रोटी पानी बैंक गुरुग्राम के प्रधान सेवक राष्ट्रपति पुलिस मैडल अवार्डी, सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि हरियाणा पुलिस पब्लिक रोटी पानी बैंक के प्रदेश अध्यक्ष एडीजीपी श्रीकांत जाधव की अगुवाई में पूरे प्रदेश में यह अन्न वितरण कार्यक्रम हर रोज किया जाता है। कार्यक्रम में पुलिस शहीद फाउंडेशन के अध्यक्ष एडवोकेट आरएल शर्मा, फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी, गुरुग्राम के महासचिव डॉ. एसपी अग्रवाल, वरिष्ठ उद्योगपति डीपी गौड़ समेत काफी लोग मौजूद रहे।

### मकान का ताला तोड़ 60 हजार नकदी व जेवरात चोरी

**सोहना।** शहर के वार्ड-14 की पारस कॉलोनी के मकान में ताला तोड़कर घुसे चोर लाखों रुपये के जेवरात व 60 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। शहर थाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

शहर के वार्ड-14 की पारस कॉलोनी में रहने वाले जब्बार उर्फ अब्बास ने स्थानीय पुलिस को बताया कि वह सोमवार को अपने परिवार के साथ घर का ताला लगाकर कहीं गया था। वह बुधवार की सुबह अपने घर पहुंचा तो मुख्य दरवाजे पर लगा ताला टूटा पड़ा था। दरवाजों को खोलकर देखने पर कमरों में सामान बिखरा हुआ था। तलाश करने पर घर के अंदर रखे जेवरात व 60 हजार रुपये की नकदी गायब थी। जिसे अज्ञात चोर लेकर गए। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

# हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम में 10-25 फीसद की वृद्धि

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**उच्च** औसत क्लेम और हेल्थकेयर इन्फ्लेशन में वृद्धि के कारण हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम 10-25 फीसदी के बीच बढ़ गया है। हेल्थ इंश्योरेंस क्षेत्र के सूत्रों के अनुसार पिछले दो सालों में औसत क्लेम 40,000-50,000 रुपये से बढ़कर 80,000 रुपये हो गया है।

इंश्योरेंस एग्रीगेटर्स के डाटा से पता चलता है कि सभी आयु समूहों के प्रीमियम में बढ़ोत्तरी हुई है, 18 से 30 साल के आयु वर्ग में अधिकतम औसत 36 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। बाकी आयु समूहों में औसत वृद्धि 20-25 फीसदी रही है। हाल ही में प्रीमियम बढ़ाने वालों में स्टार हेल्थ, यूनिवर्सल सोम्पो, मणिपाल सिग्ना और केयर हेल्थ इंश्योरेंस शामिल हैं, जो बीमा एग्रीगेटर दावा करते हैं।

इंडस्ट्री के एक अंदरूनी सूत्र जिन्होंने अपना नाम बताने से इनकार कर दिया ने कहा कि आमतौर पर, स्वास्थ्य बीमा कंपनियां हर तीन साल में प्रीमियम बढ़ाती हैं। हालांकि, महामारी के दौरान, इंश्योरेंस रेगुलेटर ने उन्हें प्रीमियम बढ़ाने से रोक दिया। इसलिए, हाल ही में बहुत सी बढ़ोतरी उसी के कारण हुई है

# बुढ़ापा मूत्राशय, मौन में पीड़ित न हों: डॉ अमिता जैन



**गुरुग्राम।** बहुत से लोग अपनी मूत्र असंयम की समस्या पर चर्चा करने के बजाय चुपचाप पीड़ित होना पसंद करेंगे। यह विषय शर्मनाक और अप्रिय होने के अलावा, उम्र बढ़ने का एक स्वाभाविक हिस्सा होने की आम धारणा के कारण भी ग्रस्त है। 20 से 26 जून तक चलने वाले विश्व महाद्वीप सप्ताह के अवसर पर, हम यहां लोगों को अपने दर्द को उपेक्षा करने के बजाय असंयम के लिए चिकित्सा देखभाल लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए हैं। मूत्र असंयम मूत्र का रिसाव है, चाहे कितनी भी या कितनी बार हो। असंयम की समस्याएं अवसाद, अलगाव, कम आत्मसम्मान और काम से संबंधित कठिनाइयों को जन्म दे सकती हैं। असंयम एक या एक से अधिक समस्याओं का परिणाम हो सकता है, जैसे कि मूत्राशय का मूत्र संग्रह करने में विफलता, मूत्राशय का पर्याप्त रूप से खाली न हो पाना। यहां तक कि संवेदी समस्याएं, जैसे मूत्राशय भरने के दौरान दर्द, या उम्र बढ़ने के साथ मांसपेशियों का अध-पतन जो मूत्राशय के उचित कार्य को बाधित करता है। मौन में पीड़ित होने के बजाय तत्काल चिकित्सा की तलाश करना बेहतर है।

# प्रो. राम सिंह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अकादमी द्वारा सम्मानित

## राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी दिल्ली के डीजी डॉ. टी. महापात्र ने पुरस्कार दिया



प्रो. राम सिंह को फेलोशिप का प्रमाण पत्र प्रदान करते डॉ. केसी बंसल।

**गुरुग्राम।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में मानव संसाधन प्रबंधन के पूर्व निदेशक प्रो. राम सिंह को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अकादमी पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद भारत सरकार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी के फेलो के रूप में 29वीं वार्षिक आम सभा में दिल्ली में महानिदेशक डॉ. टी. महापात्र ने दिया।

कृषि विज्ञान अकादमी के सचिव डा. केसी बंसल ने प्रोफेसर राम सिंह को फेलोशिप का प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रोफेसर राम सिंह एचएयू से पिछले 20 वर्षों में इस पुरस्कार को पाने वाले केवल दूसरे वैज्ञानिक हैं। अब तक उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। इसमें जेसी भारद्वाज स्मृति पुरस्कार-2021, वी बसंतराव डेविड फाउंडेशन लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड-2020, इंटरनेशनल प्लांट प्रोटेक्शन कांग्रेस में आउटस्टैंडिंग प्लांट प्रोटेक्शन साइंटिस्ट अवार्ड-2019, हैदराबाद कृषि अनुसन्धान परिषद अवार्ड और इसी परिषद द्वारा संचालित श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार, फेलो ऑफ रॉयल एंटोमोलॉजिकल सोसाइटी लंदन, फेलो ऑफ भारतीय पौध संरक्षण एसोसिएशन हैदराबाद, फेलो ऑफ खाद्य एवं कृषि संगठन रोम, पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप, अंतरराष्ट्रीय बागवानी अनुसन्धान संस्थान इंग्लैंड, भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान दिल्ली के स्मरणोत्सव कार्यक्रम के शताब्दी कार्यक्रम में सम्मानित इन्हें विश्वविद्यालय गोल्ड मेडल, एसपी गोल्ड मेडल और 29 श्रेष्ठता प्रमाण पत्र स्नातक स्तर पर प्रदान हुए। उनके 36 साल के सेवा काल में महत्वपूर्ण उपलब्धियों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 200 शोध पत्र प्रकाशित हुए। पौध संरक्षण से सम्बंधित विषयों पर 8 पुस्तकें लिखीं। डा. सिंह ने 35 पुस्तक अध्याय व 11 समीक्षा पत्र प्रकाशित किए गए। इन्होंने 2100 से अधिक कृषि स्नातकों, 500 स्नातकोत्तरों को शिक्षा और 26 पीजी विद्यार्थियों को उनके अनुसंधान एवं शिक्षा में मार्गदर्शक का कार्य किया। डा. राम सिंह ने भारत, इंग्लैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, नेथरलैंड, फ्रांस, स्कॉटलैंड आदि देशों में पौध संरक्षण से सम्बंधित 50 से अधिक व्याख्यान प्रस्तुत किए।

### वन विभाग की नर्सरी से हुआ पौध वितरण शुरू

**सोहना।** वन विभाग की स्थानीय नर्सरी से पौधारोपण के लिए सामाजिक संगठन व सोसायटियों ने पौधे ले जाने शुरू कर दिए हैं। पहले दिन वन विभाग ने बादशाहपुर स्थित सोसायटी को साढ़े 12 हजार अलग-अलग किस्म के पौधे दिए गए।

हाल ही में हुई हल्की बारिश के बाद सामाजिक संगठन और सोसायटियों में पौधारोपण करना शुरू कर दिया है। वहीं विभाग द्वारा अपनी नर्सरी में इस बार डेढ़ लाख से भी अधिक 30 से 35 किस्म के फलदार, फूलदार और औषधि वाले पौधे तैयार किए हैं। ताकि औषधियों पौधें आम नागरिक से लेकर किसान और सामाजिक संगठन व सोसायटियों में मालिक लेकर जा सके।

वन विभाग की नर्सरी से पौधा वितरण का कार्य गुरुवार से शुरू हो गया है। विभाग के दरोगा लक्ष्मण सिंह ने बताया कि पहले दिन साढ़े 12 हजार पौधे बादशाहपुर स्थित आरडब्ल्यूए सोसायटी को वितरण किए गए।

# पटौदी-हेलीमंडी पालिका को मिलाकर नई नगर परिषद का नाम होगा पटौदी-मंडी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### नगर पालिका पटौदी व हेलीमंडी को नगर परिषद बनाने के लिए अधिसूचना जारी

### हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय विभाग में छह हफ्ते तक लिए जाएंगे दावे व आपत्तियां

### नगर परिषद में दोनों नगर पालिकाओं के विलय के साथ 10 गांवों को शामिल करने का है प्रस्ताव

**जिला** में विकास कार्यों को गति देने के लिए हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने नगर पालिका पटौदी व हेलीमंडी का विलय करते हुए नगर परिषद बनाने की अधिसूचना जारी की है। गुरुवार को जारी अधिसूचना में सरकार ने जिला उपायुक्त के माध्यम से आमजन से आपत्तियां तथा सुझाव मांगे हैं।

अधिसूचना के अनुसार गांव नरहेड़ा, जनौला, रामपुरा, छावन, मिलकपुर, मिर्जापुर, मुबारकपुर, देवलावास, हेड़ाहेडी तथा खानपुर को नई गठित की जाने वाली पटौदी मंडी नगर परिषद में शामिल करने का प्रस्ताव है। जिला प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में लोगों के दावे व आपत्तियां स्वीकार करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया गया है। दर्जा बढ़ने के साथ ही यहां पर आने वाले दिनों में स्टाफ व अन्य संसाधनों में बढ़ोतरी होगी, जिससे निश्चित ही आमजन को मिलने वाली सेवाओं व सुविधाओं में भी सकारात्मक परिवर्तन आएगा। पटौदी व हेलीमंडी पालिका के पटौदी मंडी परिषद बनने से अब एक ही जिले में दो परिषद कार्य करेंगी। इसके पहले सोहना नगर पालिका को 2014 में अपग्रेड कर नगर परिषद का दर्जा दिया जा चुका है।

### वार्डों की संख्या में होगा इजाफा

**मौजूदा** समय में दोनों नगर पालिका में अभी 30 वार्ड हैं। अधिसूचना में दोनों नगर पालिकाओं को विलय करने के साथ ही 10 गांवों को भी शामिल किया गया है। ऐसे में परिषद बनने के बाद यहां पर वार्डों की संख्या में इजाफा होना तय माना जा रहा है। वर्तमान में पटौदी में 15 वार्ड है, जिसमें तीन वार्ड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। वहीं 15 वार्डों की अनुमानित जनसंख्या 21 हजार के करीब है। इसी प्रकार नगर पालिका हेलीमंडी में भी 15 वार्ड है, जिसमें चार वार्ड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। वहीं 15 वार्डों की अनुमानित जनसंख्या 22 हजार 498 के करीब है। परिषद में शामिल होने वाले 10 गांवों की अनुमानित जनसंख्या 18277 के करीब है। दोनों नगर पालिका व अधिसूचना में प्रस्तावित 10 गांवों की जनसंख्या का जोड़ किया जाए तो यह 62 हजार के करीब है।

### जिला परिषद के ये वार्ड हुए प्रभावित

**नगर** पालिका को परिषद का दर्जा मिलने से जिला परिषद के वार्ड भी प्रभावित हुए हैं। वार्ड चार से गांव मुबारिकपुर को परिषद में शामिल किया गया है। इस गांव की जनसंख्या लगभग 2944 है। वार्ड पांच से गांव जनौला व रामपुरा को परिषद में शामिल किया गया है। इन दोनों गांवों की अनुमानित जनसंख्या 5761 है। इसी प्रकार से परिषद में शामिल वार्ड सात के नरहेड़ा गांव की जनसंख्या 4414 है। परिषद में सबसे अधिक गांव वार्ड नौ से लिए गए है, जिसमें गांव मिजापुर, मिलकपुर, छावन व देवलवास शामिल है इन चारों गांवों की जनसंख्या 3466 है। इस प्रकार वार्ड-10 से गांव हेड़ाहेड़ी व खानपुर को भी नगर परिषद में शामिल किया गया है।

# हरियाणा सरकार से नूंह के विकास को मिलेगी हरसंभव सहायता : उपमुख्यमंत्री

## दुष्यंत चौटाला ने नूंह नगर परिषद के नवनियुक्त चेयरमैन संजय मनोचा से मुलाकात के बाद कहा

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**नूंह** नगर परिषद चुनाव में जीत हासिल कर जेजेपी-बीजेपी नवनिर्वाचित चेयरमैन संजय मनोचा पहली बार उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय पर मिलने पहुंचे। जीत की खुशी में उन्होंने उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जी का मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।

साथ ही जो विश्वास जेजेपी पार्टी ने उन पर दिखाया, उसके लिए धन्यवाद कर आभार व्यक्त किया। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भी नूंह सीट जीतने पर नवनिर्वाचित चेयरमैन संजय मनोचा सहित आधा दर्जन पार्षदों का मुंह मीठा कराते हुए अपने नूंह नगर परिषद के तहत आने वाले क्षेत्र के विकास करने और जनता की सहूलियत व जरूरत का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा।

यह भी आश्वासन दिया कि सरकार से नूंह क्षेत्र के विकास के लिए जो भी सहायता चाहिए, वह दी जाएगी। उन्होंने गठबंधन की जीत पर जेजेपी-बीजेपी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। नूंह प्रभारी दलबीर धनखड़ ने बताया कि प्रदेश में कांग्रेस का निरंतर सफाया होता जा रहा है नूंह के जेजेपी-बीजेपी संयुक्त उम्मीदवार संजय मनोचा की जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत व विश्वास जीत है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंतराम तंवर, पूर्व मंत्री हर्ष कुमार, वरिष्ठ नेता दिनेश डागर, राष्ट्रीय प्रचार सचिव नूंह प्रभारी दलबीर धनखड़, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बदरूद्दीन, जेजेपी जिलाध्यक्ष इकबाल जैलदार, भाजपा नेता एडवोकेट ताहिर हुसैन, जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, पूर्व प्रत्याशी तैयब हुसैन घासेडिया, पूर्व प्रत्याशी अमन अहमद, एडवोकेट जावेद खान, जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष नासिर हुसैन व युवा प्रधान वसीम अहमद, हलका प्रधान आस मोहम्मद भी नवनियुक्त चेयरमैन के साथ मौजूद रहे। जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि मुलाकात के दौरान दिल्ली स्थित जेजेपी कार्यालय पर नूंह से आधा दर्जन नवनिर्वाचित पार्षद मौजूद रहे।

जिनमें नियामत खान, सुनीता अदलखां, पार्षद पति गौरव गुप्ता, सभा परवीन, सन्नी गुप्ता, पार्षद ससुर घनश्याम बागडी मुख्य रहे। इनके अलावा राष्ट्रीय सचिव सूबे सिंह बोहरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमराज शर्मा, निगरानी कमेटी चेयरमैन नरेंद्र शर्मा, पूर्व जिला अल्पसंख्यक प्रधान सिराजुद्दीन सिराज, देवेंद्र भारद्वाज, युवा प्रदेश सचिव लुकमान खान, इनसो उपाध्यक्ष साकिर हुसैन, वरिष्ठ नेता गणेश दास अरोड़ा, युवा प्रधान सुखबीर गुर्जर, दीपक, पूर्व हलका प्रधान समसुद्दीन गूमल, बंटी मनोचा, तालिम हुसैन, वीरपाल कालियाकी, जगदीश पंडित, आढती वेद गुप्ता, प्रधान संजय गर्ग, किसान सैल प्रधान अब्दुल हमिद, युवा प्रदेश सचिव मुनफैद खान, जिला उपाध्यक्ष नियाजू वीरशिका, राजू कटारिया, सुनील खुराना, जिला संगठन सचिव रौमी जैन, युवा जिला उपाध्यक्ष आफताब अहमद सहित जिला नूंह के पार्टी पदाधिकारी व सक्रिय कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# पंचायत ने सामाजिक स्थानों पर युवकों के टोली बनाकर बैठने पर लगाई रोक

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



पंचायत में मौजूद ग्रामीण।

**उपमंडल** के गांव छारौड़ा में सामाजिक बुराइयों को रोकने के लिए गुरुवार शाम एक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में समाज में आपसी भाईचारा को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूक करने पर भी सर्वसम्मति से फैसला हुआ। पंचायत में गणमान्य लोगों के अलावा बुराईयों को रोकने के लिए गठित कमेटी के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया।

पूर्व सरपंच कायम, पूर्व सरपंच हाजी अब्दुल सत्तार, हाजी यासीन, मुफ्ती जमशेद, नंबरदार अब्दुल रज्जाक, पूर्व पंच जमालुदीन, पूर्व पंच मोहम्मद हासिम, पूर्व पंच हाजी खान मोहम्मद, सेवानिवृत निरीक्षक हसन मोहम्मद, मुबारक, इरसाद, मुकीम, इसमाईल, आसू, जुबैर, रफीक, इसराईल, महाबीर, लीला, जगदीश, हाजी रहमान बक्श, सफी, रफ्फू, दीनू आदि ने संयुक्त तौर पर कहा कि सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एकजुट होकर जागरूकता से ही दूर किया जा सकता है। इसके लिए आपसी भाईचारा बहुत जरूरी है। पंचायत में मुफ्ती जमशेद का कहना था कि गांव में तालीम पर जोर दिया जाना चाहिए। गांव के सभी लोगों को अपने बच्चों को दीनी व दुनियावी तालीम देने के लिए आगे आना होगा। ताकि समाज में शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके और बुराइयों पर सही मायने में रोक लग सके। आसपास के गांवों से बाइकों से नशे की सप्लाई करने वाले आरोपियों पर निगरानी रखकर उन्हें पकड़वाने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का भी फैसला लिया गया। इस मौके पर सभी गणमान्य लोगों ने एकमत होकर युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के प्रति उन्हें जागरूक करने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया। पंचायत में फैसला लिया गया कि रात 10 बजे के बाद गांव में कोई दुकान नहीं खुलेगी और सामाजिक स्थलों पर युवा टोली बनाकर नहीं बठेंगे। पंचायत के फैसले का उल्लंघन करने पर आर्थिक दंड व कानूनी कार्रवाई का भी निर्णय लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट के बाद विवाहिता लापता, चार के खिलाफ केस दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के गांव पीपाका में मारपीट के बाद एक विवाहिता के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति सहित चार नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित सद्दाम पुत्र जाकिर निवासी गांव मालब जिला नूंह ने बताया कि उसकी बहन फरजाना की शादी लगभग 12 साल पहले शौकत निवासी गांव पीपाका तहसील तावडू के साथ संपन्न हुई थी। पिछले तीन महीने से आरोपी पति व उसके भाई बहन को प्रताड़ित कर रहे थे। जिसके बारे में ससुराल पक्ष के लोगों को कई बार समझाने का प्रयास किया। लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए और पीड़ित की बहन को लगातार प्रताड़ित करते रहे। पीड़ित भाई का आरोप है कि गत 23 जून को आरोपी पति शौकत को गांव के पहाड़ में लेकर गया और उसके साथ मारपीट की गई। किसी तरह वह आरोपी के चुंगल से अपनी जान बचाकर भाग गई। घटना के बाद आरोपी पति उसकी बहन को ढूंढता हुआ एक रिश्तेदारी में पहुंचा। जिसके बाद उन्हें बहन के लापता होने के बारे में पता चला। पुलिस ने पीड़ित भाई की शिकायत पर आरोपी शौकत, अनीश, ताहिर, अन्नी निवासी गांव पीपाका तहसील तावडू के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दबंगों ने रास्ता रोककर की मारपीट, दो घायल

**तावडू।** शहर के बाईपास रोड पेहवा पेट्रोल पंप के सामने दबंगों द्वारा दो व्यक्तियों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने आठ नामजद सहित एक अन्य आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकारपुर निवासी कमालुद्दीन ने बताया कि उनके ही गांव के मुस्तकीम ने उनसे 10 हजार रुपए उधार लिए थे। कई बार उन्होंने उधार लिए हुए रुपये लौटाने की मांग की थी, लेकिन वह टालमटोल करता रहा। आरोप है कि गत 20 जून शाम 5 से 6 बजे के करीब मुस्तकीम ने उन्हें फोन कर उन्हें घर से रुपये ले जाने के लिए बुलाया। जब वह बाइक पर मुस्तकीम के घर की तरफ जा रहा था तो बाईपास रोड पर पेहवा पेट्रोल पंप के सामने इरफान, इमरान, रशीद, रहीस मुस्तकीम, युसूफ, सलीम, सहाबुद्दीन और एक अन्य ने रास्ते में घेरकर उन पर लाठी-डंडे और कांच की बोतलों से हमला कर दिया। पीड़ित ने बताया कि मारपीट के दौरान उसका चचेरा भाई बचाव में आया तो दबंगों ने उसके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। शोर-शराबे की आवाज सुनकर सभी हमलावर मौके से भाग गए। जिसके बाद उन्हें घायल अवस्था में तावडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने नूंह नलहड़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। कमालुद्दीन ने बताया कि वह अब तक अपना उपचार कराने में व्यस्त था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### पुलिस ने सट्टा खाई करने वाला दबोचा

**सोहना।** शाखा पुलिस टीम ने शहर के नंगली मोड़ पर दुकान के बाहर बैठकर सरेआम सट्टा खाई करने वाले को दबोच लिया। जिसके पास से तलाशी के दौरान सट्टा पर लगाई गई 2320 रुपये की नकदी बरामद की है। गुरुवार को शहर में गश्त कर रही अपराध शाखा पांच पुलिस टीम को सूचना मिली कि बांध कॉलोनी में रहने वाला विक्रम सरेआम लोगों को दस गुणा कमाई करने का लालच देकर सट्टा खिला रहा है। विक्रम सांप की नंगली को जाने वाले मार्ग के मोड़ पर दुकान के बाहर बैठा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच विक्रम को दबोच लिया। जिसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### नूंह में बरगद के पेड़ पर 52 मेव चौधरियों को दी गई थी फांसी

**नूंह।** आज पूरा देश आजादी का 75वां महोत्सव मना रहा है। देश को आजाद करने में हमारे देश के अनेक वीर शहीदों ने अपना बलिदान देकर हमें आजादी के यह दिन दिखाए हैं। इसलिए आज हम सभी देशवासियों का यह नैतिक दायित्व बनता है कि हम सब उन वीर सेनानियों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दें और हमारी आने वाली पीढ़ियों को इन वीर सेनानी, बलिदानियों की वीरगाथा के बारे में जागरूक करें। हमारी आने वाली पीढ़ियां जब हमारे सैनिकों के गौरवशाली इतिहास को जान पाएंगी तो उनके मन में देशभक्ति की भावना भी उत्पन्न होगी। उन्हें यह एहसास होगा कि आज जो हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं यह आजादी हमें उन वीर शहीदों की कुर्बानियों के कारण ही प्राप्त हुई है। अब बात करते हैं दक्षिण हरियाणा के मेवात क्षेत्र की जहां के लोगों ने अट्ठारह सौ सत्तावन के स्वतंत्रता संग्राम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। अंग्रेजों को यह एहसास करवा दिया की बहुत दिनों तक भारत अब अंग्रेजों का गुलाम नहीं रहेगा। अंग्रेजी सेना ने नूंह, अडवर तथा शाहपुर नंगली के स्वतंत्रता सेनानियों को पकड़ लिया। नूंह में एक बरगद के पेड़ पर 52 मेव चौधरियों को लटका कर फांसी दे दी गई। इनमें चार अडवर गांव के थे 12 नंगली के और बाकी नूंह के। अंग्रेजों ने इन लोगों पर साढ़े तीन हजार रुपया जुर्माना किया। नुंह, नन्हेड़ा, डूंडाहेड़ी तथा शाहपुर नंगली की जमीनें जब्त कर ली गई। इन शहीदों की कब्रों पर आज पुराना बस अड्डा बना हुआ है। अट्ठारह सौ सत्तावन के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले मेवात के कुछ ऐसे गांव भी हैं। जिन गांव में अंग्रेजों ने अपना तन मन चक्कर चलाया और गांव को बर्बाद करके छोड़ दिया। इन गांव में मुख्यत: अड़बर, आटा, बड़का, बारोट, बुड़ाका, घासेड़ा, खेडला, नगली, रेवासन, शाहपुरनंगली आदि गांव शामिल हैं। इसी प्रकार 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद होने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के नाम शहीदाने मेवात के पर अंकित हैं, जो स्वयं अपने गौरवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं।

### शामलात खेवट खेती करने वाले किसान जरूर कराएं पोर्टल पर पंजीकरण : डीडी

**नूंह।** किसान कल्याण विभाग नूंह के उप निदेशक डॉ प्रताप सिंह सभ्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जो किसान अपने खेत की खाता खेवट शामलात होने के कारण अपनी फसल का ब्यौरा मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड नहीं करवाते हैं, ये सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे किसानों को भी पोर्टल पर अपनी फसल का पंजीकरण अवश्य करवाना चाहिए जो शामलात खाता खेवट में खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्राय देखने में आ रहा है कि जिन किसानों की खाता खेवट शामलात होता है, उसमें कोई एक हिस्सेदार किसान ही पूरी की पूरी जमीन का पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर करवा लेता है। जिन्होंने फसल काश्त की हुई है, वे पंजीकरण करवाने से वंचित रह जाते हैं, क्योंकि हरियाणा सरकार के आदेशानुसार जिस किसान ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपनी फसल का पंजीकरण करवाया जाता है, वही किसान कृषि विभाग से संबंधित अन्य योजनाओं का लाभ ले सकता है। ऐसे में किसानों को ध्यान रखना चाहिए कि पोर्टल चालू होते ही तुरंत अपने हिस्से की कृषि भूमि पर बोई फसल का पंजीकरण अवश्य करवा लें।

# रेलवे फ्लाईओवर के नीचे जलभराव से जनता परेशान एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



सडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण।


**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत बुराका-पचगांव मार्ग पर रेलवे फ्लाईओवर के नीचे जलभराव से ग्रामीण का आवागमन पिछले लगभग छह महीने से बाधित है। परेशान लोगों ने शुक्रवार को तावडू उप ममंडल अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर समस्या का जल्द से जल्द उचित समाधान करने की मांग की। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द समस्या का समाधान हो जाएगा।

ग्राम पंचायत बुराका-पचगांव के ग्रामीण सब्बीर, मुबारिक, मौलाना खुर्सीद, जलीस, मोलाना अरशद, शौकत, रहीम खान नम्बरदार, आमीन, दीनू, उमरदीन आदि ने बताया कि उनके गांवों की ओर जाने वाले मार्ग के साथ वेस्टर्न डेडीकेटेड रेलवे फ्रेट कॉरिडोर की रेलवे लाइन बिछाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि फ्लाईओवर निर्माण के दौरान लोक निर्माण विभाग की सड़क को 15 से 20 फुट खोदा गया। जिसके कारण फ्लाईओवर के दोनों और का रास्ता ऊंचा हो गया। जबकि फ्लाईओवर के नीचे गहरा गड्ढा बन गया। जिसमें बरसात का पानी जमा होने से आवागमन बाधित है। भारी जलभराव होने के कारण हमेशा के बार वाहन फंसते हैं तो कई वाहन चालक आवागमन के दौरान चोटिल हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि यहां पर हमेशा हादसा होने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बरसात होने से पहले इस समस्या का उचित समाधान नहीं किया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने समस्या के समाधान की मांग करते हुए तावडू उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। वहीं तावडू वही उपमंडल अधिकारी सुरेंद्र पाल ने समस्या को स्वीकार करते हुए कहा कि मामला उनके संज्ञान में है।

# ग्रामीणों ने लगाया मतदाता सूची में फेरबदल का आरोप

## ग्रामीणों का आरोप बीएलओ द्वारा बनाई गई मतदाता सूची को बदला

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**पुन्हाना** उपमंडल के बिछौर गांव के ग्रामीण ने अपने ही गांव के एक प्रभावशाली राजनेता पर निजी स्वार्थ के लिए पंचायत विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर बीएलओ द्वारा बनाई गई मतदाता सूची से अलग दूसरी मतदाता सूची बनाने का आरोप लगाया है। बनाई गई मतदाता सूची में गांव के करीब 600 मतदाताओं को इधर से उधर किया गया है। ग्रामीणों ने लघु सचिवालय पुन्हाना पहुंचकर उपमंडल अधिकारी कार्यालय व सीएम विंडो में शिकायत देकर पंचायत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाई के साथ बीएलओ द्वारा बनाई गई मतदाता सूची को ही प्रकाशित करने की मांग की है।

ग्रामीण मामले को लेकर दोपहर बाद जिला उपायुक्त से भी मिले जिस पर जिला उपायुक्त ने ग्रामीणों को शिकायत पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वहीं ग्रामीणों ने चेतावनी भी दी की अगर उनकी शिकायत का समाधान नहीं हुआ तो वो उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। उपमंडल अधिकारी को दी शिकायत में ग्रामीण पूर्व सरपंच बीर सिंह, बबलू गोयल, मुकेश कुमार, जावेद, यूनूस, तैयब, इम्तियाज, इस्माइल, मुंशी, वसीम, सहित सैकडों लोगों ने बताया कि पिछले प्लान में बिछौर व नवलगढ की एक ही पंचायत थी। दोनों गावों की एक ही जगह वोट बनती थी और सरपंच भी एक ही होता था। लेकिन नई वार्डबंदी में नगवलगढ व बिछोर पंचायत को अलग कर दिया। वार्डबंदी के दौरान बीएलओ ने दोनों गावों के लोगों को विभाग द्वारा मैप के अनुसार जोड़ा गया।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि गांव के एक प्रभावशाली व्यक्ति ने अपनी राजनैतिक पहुंच का गलत इस्तेमाल करते हुए बीएलओ की मतदाता सूची को पंचायत अधिकारियों की मिलीभगत कर बदल दी। जिसमें दोनों गांवों से एक ही परिवार कुछ लोगों को दूसरे गांव में अदल-बदल किया गया। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि पंचायत विभाग के अधिकारियों द्वारा सूची को बदलने की एवज में लाखों रूपये की रिश्वत भी ली गई।

# वन विभाग की जमीन पर स्थानीय नागरिक कर रहे अवैध कब्जे

## रेंज अधिकारी कर्मवीर सप्ताह भर बाद आते जरूर हैं मगर अतिक्रमण की नहीं है ध्यान

## नागरिकों ने 10 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा कर बना लिए बुर्जी बिटौरे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> **गुरुग्राम** कार्यालय में अधिक कार्य होने के कारण सोहना आने का समय नहीं लगता है। जल्द ही अवैध कब्जों को हटाया जाएगा। जिसके लिए कार्रवाई करने के आदेश जारी कर दिए है।
>
> **कर्मबीर**
> **( रेंज अधिकारी, वन विभाग )**

**शहर** के वार्ड-12 की आईटीआई कॉलोनी में वन विभाग की जमीन पर स्थानीय नागरिकों ने करीब 10 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ है। नागरिकों ने गाय-भैस बांधने के साथ-साथ बिटोड़ें, भूस से बौंगे और ईधन वाली लकड़ियां डालकर कब्जा किया हुआ है। वहीं वन विभाग अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं।

शहर की आबादी के क्षेत्र के साथ वार्ड-12 में लगती वन विभाग की जमीन पर हो रही तारफेंसी को तोड़कर आईटीआई कॉलोनी के निवासी अवैध कब्जा करने में जुटे हैं। स्थानीय लोगों ने लोहे की चादरों से पक्की झौपड़ी, अपनी गाय व भैस को रखने का ठिकाना, गोबर की ढेरी डालकर अवैध कब्जा करते जा रहे हैं। करीब दो वर्ष पहले अपनी जमीन पर अवैध कब्जा न होने के इरादे से वन विभाग द्वारा लोहे के काटेंदार तारों से घेराबंदी की थी। लेकिन स्थानीय लोगों ने इन तार व पोलों को उखाड़कर फेंक दिया है। चार के समय में अपने पशुओं के चारपाई डालकर बैठ जाते हैं।

**कुंभकर्णी नींद में सोए हैं अधिकारी :** जिस जमीन पर स्थानीय लोगों ने अवैध कब्जे किए हुए हैं। वहां से वन विभाग का खंड कार्यालय एक किलोमीटर मात्र दूरी पर है। उसके बावजूद वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी यहा हो रहे अवैध कब्जों को देखने तक नहीं आते है। यही कारण है जो स्थानीय नागरिक वन विभाग की जमीन पर अवैध करने की होड़ मची है। इतना ही नहीं करीब कुछ माह पहले रेंज अधिकारी का कार्यभार संभालने वाले कर्मवीर 10 से 15 दिन में एक ही बार गुरुग्राम से सोहना आते हैं।

# लापरवाही: हाईटेंशन लाइन से कभी भी हो सकता है जानमाल का बड़ा नुकसान

## ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों की लापरवाही से हादसे के होने की है आशंका

## उपमंडल के तेड गांव में इसी लाइन से हो चुका है लाखों का नुकसान, नहीं मिला मुआवजा

रिजवान कासिम। मेवात





**देश** की दो बड़ी औद्योगिक नगरी कानपुर से भिवाड़ी को जोड़ने वाली 440 केवीए की हाईटेंशन लाइन से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हादसे के देश की मुख्य लाइन पर ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही से होने की लोगों को आशंका सता रही है। जिले के पुनहाना उपमंडल के तेड गांव में इसी लाइन की वजह से बड़ा हादसा हो गया। गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई, लेकिन लाखों रुपये का नुकसान हाईटेंशन लाइन की वजह से आग लगने के चलते गरीब परिवारों का हो गया।

आग लगने की खबर लगते ही कानपुर-भिवाड़ी हाईटेंशन लाइन पर तैनात कुछ अधिकारी व कर्मचारी आनन-फानन में पहुंचे और पीड़ित लोगों को मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया, लेकिन काफी दिन बीत जाने के बाद भी पीड़ितों को किसी प्रकार का कोई मुआवजा नहीं दिया गया, लेकिन खास बात यह है कि देश की मुख्य बिजली लाइनों में से एक इस लाइन का रखरखाव सही तरीके से करने में इस पर लगे अधिकारी व कर्मचारी नहीं कर पा रहे हैं।

आपको बता दें कि तेड गांव में हाईटेंशन लाइन के नीचे एक कीकर का पेड़ खड़ा था। उसी पेड़ की टहनी इस लाइन से टच हो गई और हाई वोल्टेज करंट के चलते कीकर के हरे पेड़ में न केवल आग लग गई बल्कि करंट ने उसे जड़ से उखाड़ने की कोशिश की। इस कीकर के पेड़ के समीप से गुजर रही प्लास्टिक बिजली केबल में आग लग गई और जिन-जिन घरों में यह केवल जा रही थी। उनमें फ्रिज, कूलर इत्यादि बिजली से चलने वाले उपकरण खराब हो गए। एक घर तो आग की लपटों में पूरी तरह गिर गया, जहां अनाज, नगदी, जेवर, चारपाई इत्यादि पूरा सामान जलकर राख हो गया। जिस समय आग लगी उस समय पूरी तरह से अफरा-तफरी मच गई। बिजली का करंट होने की वजह से लोग आग को बुझा भी नहीं सके और अपने सामने ही अपने आशियाने को जलता हुआ देखते रहे।

तेड गांव के करीब आधा दर्जन से अधिक घरों में इस हाईटेंशन लाइन का करंट पेड़ से टकराने के कारण हो गया। आशंका जताई जा रही है कि तकरीबन 4-5 लाख रुपये का नुकसान इस आग की वजह से आधा दर्जन से अधिक घरों में हुआ है। उन्होंने तो यहां तक भी नहीं बताया कि इतना बड़ा हादसा किसकी गलती से और कैसे हो गया। परंतु इतना साफ है कि जिस सैंकड़ों किलोमीटर इलाके से यह हाईटेंशन बिजली की लाइन गुजर रही है। अगर उसके नीचे कोई पेड़ है या फिर मकान हैं तो सावधान हो जाइए। वरना किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने कहा है कि हाई टेंशन लाइन पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ लापरवाही करने का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। साथ ही इन गरीबों को तत्काल इसका मुआवजा मिलना चाहिए।

> **अधिकारी ही दे सकते हैं कोई जवाब**
>
> **पावर** ग्रिड लाइन के अधिकारियों से जब बातचीत करने की कोशिश की गई तो उन्होंने यह कहकर बात टालने की कोशिश की कि उनके उच्चाधिकारी ही इस मामले में कोई जवाब दे सकते हैं।
>
> **पावर ग्रिड लाइन से हमारा कोई लेना-देना नहीं : कार्यकारी अभियंता**
>
> **जब** इस बारे में फोन पर बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता अत्री से बात हुई तो उन्होंने कहा कि यह लाइन पावर ग्रिड के अधीन हैं। इससे उनका कोई लेना देना नहीं है। जिन लोगों के घरों में आग लगने से नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई पावर ग्रिड या लाइन पर तैनात अधिकारी व कर्मचारी करेंगे।

# नशे से आजादी पखवाड़ा ग्रामीणों को किया जागरुक



ऊषा एडिशनल एसपी एवं जिला नोडल अधिकारी।

**मेवात।** नशा नाश की जड़ है। नशे की वजह से कई घर उजड़ रहे हैं, तो समाज का ताना-बाना भी खराब हो रहा है। हरियाणा में भी नशे का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा नशे से आजादी पखवाड़ा 12-26 जून तक चलाया जा रहा है। जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों को नशे के बारे में जागरुक कर रहे हैं।

एडिशनल एसपी एवं जिला नोडल अधिकारी ऊषा ने बताया की आम जनता से जन जागरण बढ़ाने, नशीली दवाओं के खतरे को रोकने के बारे में लोगों को पूरी तरह से जागरुक किया जा रहा है। पुलिस विभाग स्कूल, कॉलेज इत्यादि में भी छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दे रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की नशे की बड़ी खेप-छोटी खैप सब पर पूरी तरह से नजर है। पुलिस ने नूंह जिले में पिछले कुछ महीने में नशे की बड़ी खेप पकड़कर करोड़ों रुपये की रिकवरी की है। उन्होंने कहा कि पुलिस महकमा सिर्फ बड़े नशे के कारोबार पर ही नहीं बल्कि छोटे-छोटे स्थानों पर बिकने वाले नशे के सामान की निगरानी भी लगातार कर रहा है। एडिशनल एसपी ने बताया कि लोगों के सहयोग से नशे पर काबू पाया जा सकता है। इसमें युवा पीढ़ी को दलदल में फंसने से पहले आसानी से रोका जा सकता है, इसीलिए पुलिस विभाग जिले भर में 12-26 जून तक नशे से आजादी पखवाड़ा चला रहा है।

**पुलिस कप्तान के आदेश पर कर रहे जागरुक :** पुलिस कप्तान वरुण सिंगला के दिशा निर्देश अनुसार जिले के सभी डीएसपी, एसएसओ इत्यादि पुलिस के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में इस पखवाड़े के दौरान नशे से आजादी के बारे में लोगों को विस्तारपूर्वक जानकारी दे रहे हैं। अगर समय रहते तेजी से फैल रहे नशे के कारोबार पर हरियाणा में लगाम नहीं लगाई गई तो इस प्रदेश को उड़ता पंजाब बनने से कोई नहीं रोक पाएगा।

पायनियर क्लासीफाइड

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051511931/2/03 पर रिक्त स्थान है। जिस पर किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे सुनीता पत्नी बिजेन्द्र ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

**आवेदक**
**सुनीता पत्नी बिजेंद्र निवासी गांव कालरपुरी तहसील तावडू जिला नूंह।**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवास बोर्ड हरियाणा द्वारा मकान नंबर 1138/HIG /Duplex सेक्टर-23ए. फरीदाबाद को श्री/श्रीमती भगत राम पुत्र श्री चन्दन लाल निवासी मकान नंबर 1138/HIG /Duplex सेक्टर-23ए फरीदाबाद को पत्र क्रमांक नंबर - दिनांक 22.12.2007 के द्वारा अलॉट/हस्तांतरण हुआ था अब उपरोक्त अलॉटी श्री/श्रीमती भगत राम पुत्र श्री चन्दन लाल का दिनांक 24.11.2021 को देहांत हो चुका हैं, अब श्री/क्षीमती सतवन्ती पत्नी स्व श्री भगत राम निवासी मकान न. 1138/HIG /Duplex सेक्टर-23ए फरीदाबाद जो की अपने आप को अलॉटी का वारिस होने का दावा करता हैं तथा उपरोक्त मकान को अपने नाम हस्तांतरण करवाने हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है यदि किसी भी व्यक्ति को इस हस्तांतरण सम्बंधित किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर साक्ष्य सहित इस कार्यालय में अपनी लिखित आपत्तियां दर्ज़ करा सकता है। यदि इस अवधि के दौरान इस कार्यात्रय में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती तो उपरोक्त मकान की हस्तांतरण की स्वीकृति प्रस्तूत दस्तावेज के आधार पर श्री/श्रीमती सतवन्ती पत्नी स्व श्री भगत राम के हक में प्रदान कर दी जायेगी और इसके बाद इस हस्तांतरण के संबंध में कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सम्पदा प्रबंधक**
**आवास बोर्ड हरियाणा सेक्टर. 7ए, फरीदाबाद**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## राष्ट्रपति उम्मीदवार

### राजग को उम्मीद

**सत्तारूढ़** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग ने झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीदवार चुना है। सुश्री मुर्मू ने अपने रायरंगपुर आवास पर कहा, 'मुझे आश्चर्य और खुशी है। सुदूर मयूरभंज जिले की आदिवासी महिला होने के नाते मैंने सर्वोच्च पद का उम्मीदवार बनने के बारे में नहीं सोचा था।' हालांकि, राजनीतिक टिप्पणीकारों के लिए यह बड़ा आश्चर्य नहीं है। व्यापक रूप से अनुमान लगाया जा रहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आदिवासी समुदाय या अन्य पिछड़े वर्ग-ओबीसी से किसी व्यक्ति को चुन सकते हैं। सभी अन्य बड़े समूहों-मुसलमानों, दलितों, सिखों व महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिल चुका है। सुश्री मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीदवार चुन कर भाजपा नीत राजग ने न केवल आदिवासी सांसदों व विधायकों के समर्थन की उम्मीद की है, बल्कि उनके गृह राज्य ओडिशा से भी समर्थन की उम्मीद है। ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजद का राष्ट्रपति को चुनने वाले मतदाता मंडल में 2.8 प्रतिशत से अधिक प्रतिनिधित्व है। मुर्मू ने कहा, 'मुझे ओडिशा विधानसभा के सभी विधायकों व सभी सांसदों का समर्थन मिलने की आशा है। मैं धरती की पुत्री हूं। मुझे एक उड़िया होने के नाते सभी सदस्यों से समर्थन मांगने का अधिकार है।' उनके विश्वास का मजबूत आधार है। ओडिशा के मुख्यमंत्री व बीजद नेता नवीन पटनायक उनकी उम्मीदवारी के पूरी तरह पक्ष में हैं। उन्होंने ट्वीट किया, 'देश के सर्वोच्च पद के लिए राजग उम्मीदवार घोषित होने पर श्रीमती द्रोपदी मुर्मू



को मुबारकवाद। मुझे खुशी है कि सम्माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मेरे साथ इस पर चर्चा की। यह ओडिशा की जनता के लिए गर्व का क्षण है।' इससे मुर्मू व राजग को सहायता मिलेगी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से उनको मिला समर्थन समान रूप से महत्वपूर्ण है। नीतीश कुमार ने कहा, 'हमें द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने से प्रसन्नता है। वे आदिवासी महिला हैं और यह बहुत खुशी की बात है कि एक आदिवासी महिला को देश के सर्वोच्च पद के लिए चुना गया है।' वैसे भाजपा का सर्वोच्च नेतृत्व बहुत सक्रिय तथा सतर्क है जो महाराष्ट्र में मचे राजनीतिक तूफान से स्पष्ट है। यह विपक्ष के लिए बुरी खबर है जिसने पूर्व भाजपा नेता यशवंत सिन्हा को अपना राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया है। विपक्षी नेताओं को उम्मीद थी कि यदि वे किसी प्रकार अपना उम्मीदवार राष्ट्रपति भवन पहुंचा सकें तो इससे अंततः भाजपा को सत्ता से हटाने की मुहिम को गति मिलेगी। लेकिन अब यह बहुत कठिन हो गया है। महाराष्ट्र में चले घटनाक्रम से स्पष्ट है कि न केवल भाजपा-विरोधी गठबंधन क्षणभंगुर है, बल्कि विपक्षी नेता भी बहुत क्षमतावान नहीं हैं। दूसरी ओर भाजपा के सर्वोच्च नेता ने अपनी सभी कदम सुनियोजित ढंग से उठाए हैं। लेकिन ऐसा पहली बार नहीं है जब राष्ट्रपति चुनाव में प्रतीकवाद का प्रयोग हो रहा है। उदाहरणार्थ, 2007 में कांग्रेस ने प्रतिभा पाटिल को अपना उम्मीदवार बनाया था जिनका कोई बड़ा राजनीतिक कद नहीं था और न ही ज्यादातर लोग उनको जानते थे। भाजपा वही खेल खेल रही है और उसे काफी लाभ मिला है। पूरी संभावना है कि वह अपनी पसंद का राष्ट्रपति बनाने में सफल होगी।

# राष्ट्रहित में भाजपा के विदेशी संपर्क

भाजपा के विदेशी संपर्क इस देश के बारे में जिज्ञासु व अपरिचित लोगों को यहां के लोकतांत्रिक आदर्शों का परिचय कराने के लिए हैं।



**सुमित भसीन**
(पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक)

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। अपने सामने आ रही अनेक चुनौतियों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र जीवन्त व समावेशी बना हुआ है। भारत में लोकतांत्रिक आदर्शों के एक प्रतिनिधि के रूप में भाजपा विदेशी व भारतीय लोगों से कई दशकों से लगातार संपर्क कर रही है। तकनीक ने इस प्रक्रिया को और गतिशील बनाया है। दुनिया लंबे समय से भारत में लोकतांत्रिक विकास पर नजर रख रही थी। विदेशी टिप्पणीकारों ने भारत में लोकतंत्र के स्वरों को विभिन्न तरीकों से व्याख्यायित किया है। लेकिन कुछ हिस्से पूर्वाग्रहों से भी ग्रस्त हुए जिससे भारत पर उनका लेखन प्रभावित हुआ। हालांकि, कुछ वास्तव में अनेक कारणों से भारतीय लोकतंत्र के विभिन्न आयामों से परिचित नहीं थे। इनमें दूरी के साथ संप्रेषण की कमी भी शामिल है। भाजपा विविधतापूर्ण लोगों से संपर्क में इन पूर्वाग्रहों व पूर्व-निर्धारित धारणाओं का मुकाबला कर रही है। 'भाजपा को जानें' सत्तारूढ़ पार्टी की एक पहल है जिससे विदेशी राजनयिकों को पार्टी के कामकाज व दृष्टिकोण के बारे में जानकारी पाने में सहायता मिलती है। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने विदेशी राजनयिकों के साथ तीन संवाद सत्र आयोजित किए। इस संवाद में विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी शामिल थे। तीसरी बैठक में भाजपा अध्यक्ष ने भाजपा की नीतियों व कार्यक्रमों का 6 देशों के राजदूतों के साथ साझा किया जिनमें रूस, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, तुर्की व लाओस शामिल थे।

'भाजपा को जानें' का दूसरा हिस्सा रायसीना संवाद के आसपास हुआ जिसमें 14 देशों के विदेश मंत्रियों, राजनयिकों, विदेशी मामलों के टिप्पणीकारों व अन्य पक्षों ने भाग लिया। इनमें अमेरिका, आस्ट्रेलिया व इस्राइल के लोग शामिल थे। ये दोनों आयोजन एक दूसरे से अलग थे, पर राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने के मामले में वे एक दूसरे के पूरक भी थे।




प्रत्यक्ष संवाद का नवीनतम चरण मध्य एशियाई देशों के राजनयिक समुदाय के साथ आयोजित हुआ। इन देशों से भारत के बहुत पुराने संबंध रहे हैं जिनकी शुरुआत सम्राट अशोक के समय पहले वैश्विक संपर्क से हुई थी। इन देशों में सम्राट अशोक के लगवाए स्तंभ पाए जाते हैं। रायसीना संवाद में एस. जयशंकर ने भारतीय विश्व दृष्टिकोण पर जोर देते हुए इस तत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कुछ प्रमुख विदेशी टिप्पणीकारों की तात्कालिक टिप्पणियों का भी उल्लेख किया जो रूस-यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में सामने आई हैं। भारत ने लगातार दुनिया को दक्षिण एशियाई उप-महाद्वीप के प्रति की गई गलतियों से परिचित कराया है। विस्तारवादी चीन के बारे में बेहतर समझदारी विकसित होने के साथ ये प्रयास परिणाम देने लगे हैं। इसके कारण दशकों से भारत के पूर्वी मोर्चे पर वास्तविक नियंत्रण रेखा पर समस्यायें बनी हुई हैं, जबकि पाकिस्तान पश्चिमी मोर्चे से राज्य नीति के रूप में आतंकवाद का निर्यात करता रहा है।

वैश्विक समझदारी का विकास भारत के नेताओं द्वारा विदेशी वार्ताकारों के साथ निरंतर जारी परोक्ष संवाद के कारण हुआ है। इसे सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गति दी थी। अनेक वर्षों तक चले जसवंत सिंह-स्ट्रोब टालबोट संवाद ने अमेरिका के लिए भारत को एशिया की धुरी की तरह स्थापित किया। इससे भारत का वैश्विक संपर्क और मजबूत हुआ। उल्लेखनीय है कि पूर्व भाजपा अध्यक्ष तथा उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने 'फारेन सेल' व 'ओवरसीज़ फ्रेंड्स आफ बीजेपी' का गठन कर विदेशों से पार्टी का संपर्क मजबूत किया। इसके परिणामस्वरूप भारतीय राष्ट्रीय हितों के मुखर पैरोकार सामने आए। भाजपा ने पिछले एक दशक में विदेशों से संपर्क में तकनीक का भरपूर उपयोग किया है। उसने सोशल मीडिया मंचों की पूरी क्षमता प्रयोग की है जिसके बारे में अतीत में सोचा भी नहीं जा सकता था। सच्चे लोकतंत्रवादी के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ने विदेशों में रह रहे भारतीयों के बढ़ते प्रभाव का प्रयोग कर भारतीय राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने का विचार सामने रखा था। कहने की आवश्यकता नहीं कि विदेशी राजधानियों में भारतीयों के साथ बढ़ते संपर्क में अनिवासी भारतीयों के बढ़ते राजनीतिक-आर्थिक प्रभाव की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में अनिवासी भारतीयों को भारतीय राष्ट्रीय हितों का एकदम सटीक स्वर मिला है। स्वाभाविक रूप से उनकी विदेश यात्राओं में अनिवासी भारतीयों से संवाद एक नियमित तत्व बन गया है। इस प्रकार जहां अटल बिहारी वाजपेयी ने दुनिया के साथ संपर्क की नीव डाली थी, मोदी ने उसे उच्चीकृत कर भारत का एक महान प्रतीक तैयार किया है जो दुनिया के सभी कोनों में फैला है। इसका विस्तार विकसित देशों से लेकर द्वीप देशों, अफ्रीका महाद्वीप से लेकर विकासशील देशों तथा निकटतम पड़ोसियों तक है। उन्होंने विश्वसनीय मित्र बनाने के लिए सारे संसाधनों का पूरी तरह प्रयोग किया है। अनेक लोगों के लिए भाजपा तुलनात्मक रूप से एक नई पार्टी है क्योंकि उन्होंने दशकों तक कांग्रेस को सत्ता में देखा है। भाजपा को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में लोकसभा में पूर्ण बहुमत मिला। 2019 के आम चुनाव में उनको फिर बहुमत मिला। जहां अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार गठबंधन सरकार की मजबूरियों से बाधित थी, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले अभूतपूर्व लोकप्रिय जनादेश से भारतीय संभावनाओं को अपनी पूर्ण क्षमताओं तक पहुंचाने का अवसर दिया है।

केन्द्र में मोदी-नीत सरकार ने एक ऐसा विधायी एजेंडा अपनाया है जिसे पहले असंभव माना जाता था। जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 की समाप्ति महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही मुसलमानों में व्याप्त तीन तलाक के प्रतिगामी व्यवहार को खारिज किया गया जिसने सारी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। कठोर सुधारों की ऐसी दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति अनेक विश्व नेताओं में नहीं पाई जाती है। इससे विदेशी टिप्पणीकारों में भाजपा तथा उसके नेतृत्व के प्रति जिज्ञासा पैदा हुई है। इस कारण रचनात्मक विदेशी संपर्क को महत्वपूर्ण बनाया है ताकि हम तेजी से बदलते वैश्विक विमर्श के साथ कदम मिला सकें। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने अनेक देशों में राष्ट्रीय नेताओं की परीक्षा ली है। एक अरब से अधिक जनसंख्या वाले देश भारत को इस घातक वैश्विक महामारी से अत्यधिक संकटग्रस्त माना जा रहा था। लेकिन भारतीय नेतृत्व ने सिद्ध किया कि वह इस संकट से निपटने में सक्षम है। वास्तव में यह प्रतिक्रिया दो मेड इन इंडिया वैक्सीनों से सिद्ध हुई जिन्होंने न केवल लाखों भारतीयों, बल्कि अनेक अन्य देशों में लाखों लोगों को बचाया। इस मामले में पड़ोसी देश पूरी तरह भारत पर निर्भर रहे।

प्रधानमंत्री ने नीतिगत मोर्चे पर संपर्क बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक समुदाय से विचार-विमर्श किया ताकि कोविड-19 की चुनौतियों से पार पाया जा सके। भारत ने दिखा दिया कि देश दुनिया की औषधि राजधानी है। ब्राजील के राष्ट्रपति जैर बोलसोनारो ने दवाओं व वैक्सीनों के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसकी तुलना हनुमान जी द्वारा घायल लक्ष्मण जी के लिए 'संजीवनी बूटी' लाने से की। भाजपा ऐसे संकट के समय गरीबों के साथ खड़ी हुई। लाकडाउन व उसके बाद लाखों लोगों को मुफ्त राशन किटें बांट कर पार्टी ने अपनी गहरी सामाजिक प्रतिबद्धता प्रकट की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश भर में सामुदायिक भोजनालय चलाए। इस प्रकार सामाजिक व राजनीतिक कार्य को जोड़ने में और प्रगति हुई। संवाद और संप्रेषण भाजपा तथा उसके मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डीएनए में है।

विदेशी टिप्पणीकारों के आरएसएस व भाजपा के बारे में पूर्वाग्रह हैं जिनका कारण लंबे समय से राजनीतिक विरोधियों तथा गहराई तक जड़ें जमाए 'वाम-उदारवादी परिस्थितिकी तंत्र' द्वारा प्रचारित विमर्श है। आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने विज्ञान भवन में कुछ साल पहले विदेशी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया था और उन्होंने सारे सवालों के जवाब दिए थे। उन्होंने संगठन के कामकाज तथा उसके विश्व दृष्टिकोण का विवरण दिया था। भाजपा नेता जमीनी घटनाओं पर नजर रखते हैं और इस प्रकार के संवाद अभियानों से उनको जनता की नब्ज समझने में सहायता मिलती है। वे इतिहास के कैदी नहीं हैं तथा उनकी इच्छा कठिन रास्ते पर चलने की है।

# दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति पर भ्रष्टाचार के आरोप



**गुईन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

राजनीतिक रूप से जुड़े एक पूर्व जासूस ने राष्ट्रपति रामाफोसा की लोकप्रियता पर सवाल उठाते हुए उन पर कुछ बेहद आपत्तिजनक आरोप लगाए हैं। एक समय (लगभग चार साल पहले) सिरिल रामाफोसा को दक्षिण अफ्रीका की आखिरी, सबसे अच्छी उम्मीद के रूप में देखा जाता था। 1994 में रंगभेद की समाप्ति के बाद से, देश की सत्तारूढ़ अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) की कमान बुद्धिमान और साहसी नेल्सन मंडेला से बौद्धिक मगर अप्रभावी थाबो मबेकी और उसके बाद भ्रष्ट और अज्ञानी जैकब जुमा के हाथ आई थी। लेकिन 2018 में खंडित और निराश एएनसी ने खुद को एकजुट किया, अपने उद्देश्य को याद किया, और जूमा की जगह सिरिल रामफोसा को अध्यक्ष के रूप में स्थापित किया। आशा बंधी थी कि रंगभेद के खिलाफ संघर्ष में रामाफोसा की सक्रियता का एक लंबा रिकॉर्ड था, वह एक पूर्व ट्रेड यूनियन नेता थे, और वे इतने धनी थे कि उन्हें भ्रष्ट होने की आवश्यकता नहीं थी। वे आदर्श उम्मीदवार थे।

कुछ देर तो यह ठीक चला। अर्थव्यवस्था बहुत अधिक प्रगति नहीं की और बेरोजगारी बहुत अधिक बनी रही, लेकिन जूमा के प्रमुख साथी विदेश भाग गए, अन्य पर विभिन्न अपराधों का आरोप लगाया गया, यहां तक कि जूमा को जेल में बंद कर दिया गया। रामाफोसा कम से कम गंदगी को साफ करने की कोशिश कर रहे थे- लेकिन फिर, दो साल पहले, लिम्पोपो प्रांत में उनके वन्यजीव खेल फार्म में चोरी हो गई। उस समय किसी ने इसके बारे में नहीं सुना था, क्योंकि रामाफोसा ने इसका सार्वजनिक रूप से उल्लेख नहीं किया था। यह समझ में आता है, क्योंकि चोरों ने कथित तौर पर उनके सोफे पर कुशन में 4 मिलियन नगदी छिपा हुआ पाया था। यह उस राष्ट्रपति के लिए अच्छा नहीं है जिसकी यूएसपी भ्रष्टाचार से लड़ रही है, इसलिए पुलिस को कोई रिपोर्ट नहीं की गई। रामफोसा ने नुकसान सह लिया।

यह उतना पागल नहीं है जितना लगता है: रामफोसा दक्षिण अफ्रीका के सबसे धनी व्यक्तियों में से एक है, और 4 मिलियन डालर उसकी संपत्ति का एक फीसदी अंश भी नहीं है। हो सकता है कि वह इस कोशिश में हो कि ध्यान इस ओर न जाए।



लेकिन फिर, इस महीने की शुरुआत में, दक्षिण अफ्रीका की खुफिया एजेंसी के पूर्व प्रमुख आर्थर फ्रेजर ने इस संबंध में पुलिस में एक आपराधिक शिकायत दर्ज कराई। फ्रेजर ने कहा कि रामाफोसा की 'राष्ट्रपति सुरक्षा इकाई' (अंगरक्षक) ने चोरों का पता लगाया, उन्हें अगवा किया और उनसे पूछताछ की, और फिर नकदी के बारे में चुप रहने के लिए उन्हें रिश्वत दी। हो सकता है कि रामाफोसा जनता के आदमी के रूप में अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन फिर भी वह कानून तोड़ रहा होते। कि तभी फ्रेजर ने खबर को सार्वजनिक कर दिया। समाचार अब पूरे शहर में फैल गया है, और इस सप्ताह तक रामाफोसा पर हर तरफ से हमले हो रहे थे। जैसा कि विपक्षी फ्रीडम फाइटर्स पार्टी के नेता जूलियस मालेमा ने कहा, 'अपराधी अपराधों की रिपोर्ट नहीं करते हैं, जब उनके अपराधों की आय चोरी हो जाती है,'' और संसद और सड़क पर कई अन्य लोगों ने यही विचार व्यक्त किया।

रामाफोसा के लिए, जो दिसंबर में एएनसी में नेतृत्व की चुनौती का सामना कर रहे हैं, यह बिल्कुल गलत समय है। पार्टी के भीतर उनका भ्रष्टाचार विरोधी अभियान सफल नहीं हुआ और जुमा के समर्थकों ने दंगे करा दिए, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए जब जुमा को जेल में डाला गया। अब जुमा जेल से बाहर है, और रामाफोसा उसी भ्रष्टाचार के ब्रश से खुद को तार-तार कर चुके हैं। इस कहानी में बहुत कुछ गलत है। रामाफोसा के खिलाफ शिकायत लाने वाले पूर्व जासूस प्रमुख आर्थर फ्रेजर, जूमा के करीबी सहयोगी हैं। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति अपने अंकोले मवेशियों और विभिन्न खेल जानवरों की नियमित रूप से नकद नीलामी करते हैं, लेकिन वह तकिए में नकदी क्यों छिपाएंगे?

टैक्स से बचने के लिए? यह एक ऐसा व्यक्ति है जो सचमुच दर्जनों बोर्डों पर बैठा है और कथित तौर पर इसकी कीमत 450 मिलियन डॉलर है। यदि वह करों से बचना चाहता है, तो उसके पास बहुत से वकील हैं, उसे सोफा कुशन की जरूरत नहीं है। समूचा 'घोटाला' ऑपरेशन, और विशेष रूप से स्रोत और 'शिकायत' का समय, एक राजनीतिक स्टिंग की तरह लगता है। फिर भी, रामाफोसा गहरे संकट में हैं। स्टिंग का असली उद्देश्य रामफोसा के महान और संदिग्ध धन को उजागर करना होता। उसने शायद इसे पाने के लिए कानून नहीं तोड़ा, जैसा कि जूमा ने किया था, लेकिन उन्हें यह विरासत में नहीं मिला और उन्होंने इसे कड़ी मेहनत से अर्जित नहीं किया। उन्हें बोर्ड में बैठने के लिए बड़ी रकम का भुगतान किया गया, और उन्होंने आय का बुद्धिमानी से निवेश किया।

रामाफोसा एएनसी द्वारा प्रायोजित 'ब्लैक इकोनॉमिक एम्पावरमेंट' कार्यक्रम के हिस्से के रूप में उन बोर्डों में शामिल हो गए, जिनका उद्देश्य अपने राजनीतिक कार्यों के लिए एक विश्वसनीय, निम्न-प्रोफाइल आय स्रोत प्रदान करना था। इसके अधिकांश समर्थक बहुत गरीब थे, लेकिन चुने गए 'बीईई' नियुक्त लोगों से अपेक्षा की जाती थी कि वे अपनी बड़ी आय का अधिकांश हिस्सा एएनसी को दान कर दें। यह 'राज्य पर कब्जा' की एक परियोजना में भारतीय 'उद्यमियों' के साथ साझेदारी के जरिए जूमा की भारी संपत्ति कमाने के मार्ग से कम अस्पष्ट है, लेकिन दोनों व्यक्तियों की संपत्ति एएनसी के साथ उनके संबंधों से आती है। एलेक्जेंड्रा टाउनशिप में आम मतदाता के लिए, दोनों व्यक्ति बिल्कुल एक जैसे दिखेंगे।

यही कारण है कि एएनसी शायद 2024 के चुनाव में 30 साल सत्ता में रहने के बाद संसद में अपना बहुमत खो देगी। सचमुच, एक बड़ा सुअवसर, भले ही कोई नहीं जानता कि आगे क्या होने वाला है।

## आप की बात

### बाढ़ की विभीषिका

**देश** के कई राज्य इन दिनों भीषण बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में हैं। बाढ़ की विभीषिका प्रति वर्ष सैकड़ों लोगों की जान लेने के साथ ही लाखों को बेघर कर देती है। वैज्ञानिक ग्लोबल वार्मिंग को इसकी वजह बता रहे हैं जिस पर गौर करना जरूरी है। बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मेघालय में बाढ़ की वजह से हर साल हालात सबसे अधिक खराब होते हैं। जान माल के भारी नुकसान के साथ ही राहत शिविरों की व्यवस्था का जिम्मा भी सरकार के मत्थे पड़ता है। बड़ी संख्या में वन्य जीवों की मौत के साथ, वन संपदा को भी नुकसान पहुंचता है। दुख का विषय है कि यह समस्या किसी एक साल में पैदा नहीं हुई है, बल्कि यह तो हर साल होती है, यही नहीं, कई दशकों पुरानी है। हर साल सरकारें बाढ़ नियंत्रण और लोगों के बचाव की योजनाएं बनाती हैं लेकिन स्थाई समाधान के अभाव में 2 दिन की बारिश में सब चौपट हो जाता है। जब तक ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से निजात नहीं पाई जाएगी, बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं से हम रूबरू होते रहेंगे। राज्य व केन्द्र सरकार को बाढ़ से निपटने के स्थाई प्रयासों पर योजनाबद्ध रूप से जोर देना चाहिए।

– **अमृतलाल मारू**, धार

### मोदी की स्पष्टवादिता

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को याद दिलाया कि कई बड़े महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक सुधार भी शुरू में अनुचित लगते हैं, लेकिन समय के साथ वे न केवल सबके लिए लाभदायक साबित होते हैं बल्कि कई बार पूरे समाज को नए दौर में भी ले जाते हैं। मोदी जी के तर्क सटीक है। मगर वास्तविकता यह है कि अग्निपथ योजना की घोषणा होते ही 1 घंटे के भीतर ही देश के कई भागों में उग्र आंदोलन और उपद्रव शुरू होना, यह दर्शाता है कि उपद्रव और हुड़दंग मचाने की संपूर्ण तैयारियां पहले से ही थी। बस किसी मुद्दे की तलाश थी और अग्निपथ योजना के रूप में उपद्रवियों को एक मुद्दा मिल गया और देश को उपद्रव की आग में झोंक दिया गया। यह भारत का दुर्भाग्य है कि विश्व के कई देशों में सैन्य शिक्षा अनिवार्य है। और हमारे इतने बड़े देश में इससे रोजगार देने के साथ ही कई अन्य सुविधाएं भी दी जाती है। मगर ये उपद्रव मचाने का एक षड्यंत्र है। लगता है भविष्य के लिए कड़े फैसले लेते हुए अब देश में उपद्रव, बंद, हड़ताल आदि के विरुद्ध सख्त नियम लागू करने पड़ेंगे। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर, देश को जलाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है।

– **सुभाष बुडावनवाला**, रतलाम


### महाअघाड़ी की गाड़ी

**तीन** अलग-अलग दिशाओं में दौड़ने वाले घोड़े एक बग्गी को लेकर दौड़े तो बग्गी आगे ना बढ़ पाई। ढाई साल हो गए लूट खसोट में सभी घोड़े लगे रहे। 2019 में महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना ने मिलकर चुनाव लड़ा और बहुमत से भी अधिक सीटें दोनों ने हासिल की, पर भाजपा से आधी सीट लेने के बावजूद शिवसेना के उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री पद के लिए अड़ गए। आखिरकार शिवसेना ने मुख्यमंत्री पद की खातिर अपने सिद्धांतों को तिलांजलि देकर कांग्रेस और एनसीपी से हाथ मिला कर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। कांग्रेस और एनसीपी के मंत्री और विधायकों के आचरण से परेशान शिवसैनिक विधायक और मंत्री ढाई साल तक तो सब कुछ सहते रहे और आखिरकार एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में उन्होंने शिवसेना छोड़ने का मन बना लिया। अब बाला साहब ठाकरे की असली शिवसेना तो एकनाथ शिंदे वाली हो गई। अभी खेल जारी है। देखना होगा कि महाराष्ट्र में ऊंट किस करवट बैठता है, पर महाअघाड़ी की गाड़ी तो पटरी से उतर ही गई है।

–**अतिवीर जैन**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हमने** अंतरिक्ष व रक्षा क्षेत्र खोला है जो दशकों से सरकारी नियंत्रण में था।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**75** साल में पहली बार सेना प्रमुखों को सरकारी नीतिगत निर्णय के बचाव में सामने लाया गया है।

– **मल्लिकार्जुन खड़गे**
राज्यसभा में नेता विरोधी दल



**मुझे** यह बताते हुए खुशी है कि भारतीय किसान पूरी तरह सुरक्षित हैं।

– **पीयूष गोयल**
वाणिज्य मंत्री

# अग्निपथ योजना को लेकर किसानों और युवाओं ने भरी हुंकार

## किसानों, युवाओं, सेना के पूर्व कर्मचारियों ने छोटूराम धर्मशाला से लघु सचिवालय तक पैदल मार्च किया



लघु सचिवालय के गेट पर प्रदर्शन करते किसान और अन्य संगठनों के सदस्य।

**सोनीपत।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आज सोनीपत में भी अग्निपथ योजना को लेकर किसानों ने हुंकार भरी। इस दौरान किसानों, युवाओं, सेना के पूर्व कर्मचारियों ने छोटूराम धर्मशाला में इकट्ठा होकर पैदल मार्च करते हुए लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने साफ किया कि यह योजना युवाओं के हित में नहीं है और जब तक इस योजना को वापस नहीं लिया जाता तब तक किसान युवाओं के साथ खड़े हैं।

अग्निपथ योजना को लेकर देशभर में हो रहे बवाल के बीच अब संयुक्त किसान मोर्चा ने भी अपनी पहली रणनीति के तहत देश भर में आज जिला मुख्यालय तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली से सटे सोनीपत में भी आज संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसान इकट्ठा हुए। वही युवाओं और सेना के पूर्व कर्मचारियों में भी जोश देखने को मिला। छोटूराम धर्मशाला से पैदल मार्च करते हुए किसान लघु सचिवालय पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया।

### युवाओं के साथ खड़े हैं किसान : पूर्व कैप्टन

**इस** दौरान पूर्व कैप्टन बिजेन्द्र सिंह, किसान बुद्ध सिंह, युवा सागर नैन ने सरकार को दो टूक चेतावनी दी कि जिस तरह से किसान आंदोलन में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर किसानों की मदद की उसी तरह से अब युवाओं के साथ किसान खड़ा है। जब तक इस योजना को रद्द नहीं किया जाता तब तक किसान पीछे नहीं हटेंगे। योजनाबद्ध तरीके से शांतिपूर्वक इस आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में युवाओं के साथ-साथ सेना के रिटायर कर्मचारी भी पहुंचे। इस योजना की खामियां गिनवाई। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि फौज में ठेका प्रथा देश हित और जवान के हित में नहीं है। ऐसे में अगर सरकार जवानों का भला नहीं करना चाहती है तो उन्हें स्थाई रोजगार दे, ना कि 4 साल का रोजगार देकर उन्हें जिंदगी भर के लिए बेरोजगार करें। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों से सीख लेकर इस अग्निपथ योजना को भारत में लागू किया जा रहा है, जबकि हाल ही में रूस और यूक्रेन के युद्ध ने बता दिया कि इस तरह के फैसले देश हित में नहीं है।

## संक्षिप्त-समाचार

### मोस्टवांटेड इनामी अपराधी गिरफ्तार



**कुरुक्षेत्र।** एसटीएफ यूनिट अम्बाला ने इनामी मोस्टवांटेड अपराधी रिंकू पुत्र सोहन लाल वासी ठसका खादर थाना जठलाना जिला यमुनानगर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस विभाग द्वारा 10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण गोयल ने बताया कि आरोपी रिंकू पुत्र सोहन लाल वासी ठसका खादर थाना जठलाना जिला यमुनानगर के खिलाफ थाना सदर थानेसर में वर्ष 2020 में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। एसटीएफ यूनिट अम्बाला के उप निरीक्षक राकेश रोहिल्ला की टीम ने 10 हजार रुपये के इनामी मोस्टवांटेड अपराधी रिंकू पुत्र सोहन लाल वासी ठसका खादर थाना जठलाना जिला यमुनानगर को काबू कर लिया। एसटीएफ यूनिट अम्बाला की टीम ने आरोपी को काबू करके थाना सदर थानेसर पुलिस के हवाले किया। थाना सदर थानेसर प्रभारी निरीक्षक मलकीत सिंह के मार्ग निर्देश में सहायक उप निरीक्षक सुदेश कुमार, उप निरीक्षक रामचन्द्र, हवलदार राजीव कुमार व प्रीतम की टीम ने आरोपी रिंकू पुत्र सोहन लाल वासी ठसका खादर थाना जठलाना जिला यमुनानगर को गिरफ्तार कर लिया।

### जसबीर सैनी की जीत से सैनी समाज का बढ़ा गौरव



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** नगर वार्ड 9 से जसबीर सैनी की जीत से सैनी समाज में खुशी की लहर है। सैनी सभा शाहबाद ने जसबीर सैनी को स्मृति चिहन देकर सम्मानित किया। सभा के प्रधान अमरिंद्र सिंह ने कहा कि जसबीर सैनी पर पूरे सैनी समाज को नाज है। उन्होंने अपने वार्ड में कराए कार्यों में बलबूते यह जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि शाहाबाद का सैनी समाज विधायक रामकरण से मिल कर जसबीर सैनी को नगर पालिका का उपप्रधान बनाने की मांग करेगा। इस अवसर पर सभा के उप प्रधान रामशरण सैनी, वक्शीष सैनी, सुशील सैनी, जगतार यारा, रघबीर, गौतम सैनी और श्रवण सैनी के साथ सैनी समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मात्र आर्थिक क्रांति नहीं अपितु राष्ट्र उत्थान के लिए नैतिक क्रांति जरूरी

## ज्ञान की ताकत से ही मिलता है पद, प्रतिष्ठा और धन

### केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने निफ्टम के 525 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां वितरित कर दी शुभकामनाएं



निफ्टम में दीक्षांत समारोह के दौरान डिग्रियां देते केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल।

**रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत**

**केंद्रीय** राज्य मंत्री (खाद्य संस्करण उद्योग मंत्रालय) प्रहलाद सिंह पटेल ने राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टम) के चतुर्थ दीक्षांत समारोह संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी राष्ट्र मात्र आर्थिक क्रांति से महान नहीं बनता अपितु राष्ट्र उत्थान व मजबूती के लिए नैतिक क्रांति जरूरी है। केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने निफ्टम के 525 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से बधाई दी।

उन्होंने महात्मा बुद्ध के जीवन का प्रसंग सुनाते हुए विद्यार्थियों को ज्ञान की ताकत से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बुद्ध ने पितृ ऋण के रूप में अपने पुत्र को ज्ञान प्रदान करते हुए सन्यास का रास्ता दिखाया। असली संपत्ति कोई पद नहीं है बल्कि वास्तविक ताकत ज्ञान की होती है। ज्ञान की शक्ति के सहारे ही पद, धन व प्रतिष्ठा स्वयं मिलते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि निफ्टम आने वाले समय में नया मुकाम हासिल करेगा। अभी निफ्टम के दो पेटेंट है। अगले दीक्षांत समारोह तक पेटेंट दो आंकड़ों में पहुंचना चाहिए।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि पीएचडी की डिग्री हासिल करने वाले अधिकांश विद्यार्थी शिक्षण क्षेत्र के माध्यम से अपनी ज्ञान की ऊर्जा को दूसरों तक पहुंचाएंगे, जो देश निर्माताओं में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने भी हमारे बजट में 137 प्रतिशत की विशेष बढ़ोतरी करते हुए प्रोत्साहन दिया है। हमारे उद्योगपतियों में दुनिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की क्षमता है। दुनिया में भारतीय खान-पान के प्रति रूचि बढ़ी है, परंतु विश्व में हमें अपनी पहचान बनाने की जरूरत है। इसके लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता है। सैंपलिंग आदि चुनौतियों को दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि निफ्टम का यह दीक्षांत समारोह इसलिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आजादी के 75वें वर्ष में मनाया जा रहा है। ऐसे में और अधिक उत्साह व ऊर्जा के साथ हमें दुनिया की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए नये कीर्तिमान स्थापित करने चाहिए।

खाद्य संस्करण उद्योग राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि शिक्षा पूर्ण करने उपरांत विद्यार्थियों को सरल व कठिन दो मार्ग मिलेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन मार्ग चुनने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि देश को आगे बढ़ाने में उनका सक्रिय योगदान मिल सके। उन्होंने कहा कि कठिनाइयों से गुजरकर ही सफलता मिलती है। साथ ही उन्होंने निफ्टम को आईएनआई (इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इंपोर्टेंस) का दर्जा मिलने की भी बधाई दी।

# डेहा बस्ती में लोगों को नशे के प्रति किया जागरूक



लोगों को नशे के प्रति जागरूक करते शाहाबाद थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार।

### नशा बेचना छोड़े अन्यथा परिणाम भुगतने को रहें तैयार : देवेंद्र कुमार

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** शाहाबाद थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने नशावृति में जुड़े लोगों को स्पष्ट चेतावनी दी कि या तो वे नशा बेचना छोड़ दें, अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहें। वे शुक्रवार को यहां की डेहा बस्ती में हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख, अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महा निदेशक एवं प्रयास के संस्थापक श्रीकांत जाधव के दिशा निर्देश में चलाए जा रहे जागरुकता कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव के मार्गदर्शन में प्रदेश भर में 12 से 26 जून तक नशे से आजादी महोत्सव मनाया जा रहा है। थाना प्रभारी ने डेहा बस्ती में उपस्थित लोगों को नशे न करने, न बेचने और न ही किसी ऐसे कार्य में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशे के किसी भी कारोबारी को खुला नहीं छोड़ा जा सकता। कार्यक्रम में प्रयास कुरुक्षेत्र से सेवानिवृत उप निरीक्षक कर्म चंद ने भी सहभागिता की। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी एवं उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने बताया कि हम नशे का सेवन करने वाले लोगों को मानसिक रोगी मानते हुए उनका उपचार करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्यूरो प्रमुख श्रीकांत जाधव ने हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने उपस्थित लोगों से नशा न करने का वचन लिया और ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर बिना किसी भय के गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान लोगों ने इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर कई प्रश्न किए और उनकी समस्याओं का निवारण किया गया।

# ब्रिटानिया ने कॉफी का सबसे अच्छा साथी - बिस्कैफे लॉन्च किया

**पायनियर समाचार सेवा। अंबाला**

ब्रिटानिया कॉफी का बैटर हाफ की कशमकश का हल लेकर आया है, जो पिछले हफ्ते नेटिजंस के बीच अटकलों और उन्माद का कारण बनी हुई थी। इस कशमकश का अंत ऑल-न्यू ब्रिटानिया बिस्कैफे के लॉन्च के साथ हुआ, जो एक कॉफी-फ्लेवर्ड क्रैकर है और कॉफी पीने के अनुभव को बहुत उत्तम बना देता है। रिच कॉफी और शुगर के फ्लेवर के साथ यह सुपरथिन, लाईट एवं कुरकुरा बिस्किट कॉफी प्रेमियों को एक बेहतरीन स्नैक प्रदान करता है।

बिस्कैफे के लॉन्च के बारे में अमित दोशी, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा, कि सोशल मीडिया पर फूड की बातों को लगातार सुनकर हमें एक नया अवसर मिला। कॉफी के साथ लिए जाने के लिए कोई भी परफेक्ट चीज नहीं थी, इसी से बिस्कैफे की प्रेरणा मिली। हमने बिस्कैफे को पहले 'मेड इन इंडिया' कॉफी कैकर के रूप में विकसित किया, ताकि यह कॉफी पीने के अनुभव को बेहतर बनाए।

डिजिटल अभियान के लॉन्च के बारे में आयुष व्यास, वाइस प्रेसिडेंट, इंटीग्रेटेड सॉल्यूशंस, श्बैंग डिजिटल सॉल्यूशंस ने कहा, कॉफी हमारे दैनिक जीवन को पूरा करती है। हमारे सुबह के ब्रेकफास्ट, हमारी डेट्स, हमारी बिजनेस मीटिंग्स, सबकी साथी कॉफी है, लेकिन कॉफी का साथी कौन है? इसी विचार से ब्रिटानिया बिस्कैफे का जन्म हुआ।

## एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)

AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

### सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है।''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की''धारा 13(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/सह-ऋणीयों/ गारण्टर बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनों के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तो प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3 (5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चो प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋण खाता संख्या / ऋणी/सहऋणी/ बन्धकर्ता/गारन्टर का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (खाता सं.) L9001070521587329 (खाता सं.) L9001070621364645 **जसबीर सिंह (ऋणी),** कान्ता देवी(सह-ऋणी) जमानतदार : संजीव कुमार | 7 मई 2022 ₹ 646227/- रु. छह लाख छियालिस हजार दो सौ बीस रूपये मात्र व ₹ 2215469/- रु. बाइस लाख पंद्रह हजार चार सौ उनहत्तर मात्र दिनांक 7 मई 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत ग्राम मथाना खेवात संख्या 101/97 खातौनी संख्या 224 ग्राम मथाना कुरुक्षेत्र थानेसर हरियाणा **क्षेत्रफल 3749 वर्ग फीट** |
| (खाता सं.) L9001060118674612 **दलबीर सिंह (ऋणी),** प्रियंका (सह-ऋणी) | 17 मई 2022 ₹ 589519/- रु. पॉच लाख नवासी हजार पॉच सौ उन्नीस रूपये मात्र दिनांक 16 मई 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत वाक्या मूजा थूइन फतेहबाद भाटू हरियाणा **क्षेत्रफल 10 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060120109881 **बलदेव कुमार (ऋणी),** जय देवी (सह-ऋणी) | 17 मई 2022 ₹ 1519198/- रु. पंद्रह लाख उन्नसी हजार एक सौ अठानवे रूपये मात्र दिनांक 16 मई 2022 तक | सम्पत्ति स्थित नगर निगम भूखंड सं. 32 वाका गोविन्दपुरा गोल्डनपुरी एनक्लेव यमुना नगर जगाधरी हरियाणा **क्षेत्रफल 114.5 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060723540912 **कृष्णा उद्योग (ऋणी),** निर्मल सोनी (सह-ऋणी) | 17 मई 2022 ₹ 2139127/- रु. इक्कीस लाख उन्तालिस हजार एक सौ सत्ताईस रूपये मात्र दिनांक 16 मई 2022 तक | सम्पत्ति स्थित नगर निगम वकाया नया दबवाली 1841 दबवाली दबवाली सिरसा हरियाणा **क्षेत्रफल 196.3 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060116229104 **बलजिंदर कुमार (ऋणी),** राजेन्द्र कुमार (सह-ऋणी), चैना राम (सह-ऋणी) | 17 मई 2022 ₹ 535239/- रु. पॉच लाख पैंतीस हजार दौ सौ उन्तालिस रूपये मात्र दिनांक 16 मई 2022 तक | सम्पत्ति स्थित नगर निगम वार्ड नं. 10 1881 आवासीय कालांवाली सिरसा हरियाणा **क्षेत्रफल 200 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060122581979 **कमल शर्मा (ऋणी),** निकिता शर्मा (सह-ऋणी), कुलदीप शर्मा (सह-ऋणी) | 17 मई 2022 ₹ 429076/- रु. चार लाख उन्नतीस हजार छिहत्तर रूपये मात्र दिनांक 16 मई 2022 तक | सम्पत्ति स्थित फ्रीहोल्ड नगर पालिका सीमा अर्द्ध शहरी व ग्रामीण ब्लॉक ए 8 दुकान नं. 8 किला नं. 18 कृष्णा कुंज एजी व्हाइट हाउस रेवाडी देहरादून हरियाणा **क्षेत्रफल 30.2 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060119720991 **मुस्कान मिल्क प्रोडक्ट (ऋणी),** राज कुमार (सह-ऋणी), मुनीराम (सह-ऋणी), किस्मत देवी (सह-ऋणी) | 17 मई 2022 ₹ 653517/- रु. छह लाख तिरेपन हजार पॉच सौ सत्रह रूपये मात्र दिनांक 16 मई 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत 0 खेव 29 खाट 30 राताकालांन पचांयत घर के पास अटेली महेंद्रगढ़ हरियाणा **क्षेत्रफल 567 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060721639130 **राजेन्द्र प्रसाद एण्ड सन्स (ऋणी),** हरी ओम (सह-ऋणी), राजेन्द्र प्रसाद (सह-ऋणी), संदीप कुमार (सह-ऋणी) | 17 मई 2022 ₹ 2417671/- रु. चौबीस लाख सत्रह हजार छह सौ इकत्तर रूपये मात्र दिनांक 16 मई 2022 तक | सम्पत्ति स्थित फ्रीहोल्ड नगर पालिका सीमा अर्द्ध शहरी व ग्रामीण वार्ड नं. 05 आंदर्श नगर बास नारनौल महेंद्रगढ़ हरियाणा **क्षेत्रफल 139.9 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060120278572 **शेरसिंह स्टील एण्ड वेल्डिंग वर्क्स (ऋणी),** कमला (सह-ऋणी), लक्ष्मीनारायण (सह-ऋणी), लाल चन्द (सह-ऋणी), नितेश (सह-ऋणी) | 17 मई 2022 ₹ 690307/- रु. छह लाख नब्बे हजार तीन सौ सात रूपये मात्र दिनांक 16 मई 2022 तक | सम्पत्ति स्थित लाल दोरा संपत्ति वार्ड नं. 12 अन्दर आबादी लालडोरा बास मोहल्ला महेंद्रगढ़ हरियाणा **क्षेत्रफल 74 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001061121165016 **शेरसिंह स्टील एण्ड वेल्डिंग वर्क्स (ऋणी),** कमला (सह-ऋणी), लक्ष्मीनारायण (सह-ऋणी), लाल चन्द (सह-ऋणी), नितेश (सह-ऋणी) | 17 मई 2022 ₹ 157345/- रु. एक लाख सत्तावन हजार तीन सौ पैंतालिस रूपये मात्र दिनांक 16 मई 2022 तक | सम्पत्ति स्थित लाल दोरा संपत्ति मोहल्ला बास वार्ड नं. 12 महेंद्रगढ़ हरियाणा **क्षेत्रफल 74 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060719835864 **मैसर्स आदित्य मिष्ठान भण्डार के माध्यम से प्रो. ओम प्रकाश (ऋणी),** ओम प्रकाश (सह-ऋणी), महीपाल (सह-ऋणी) | 17 मई 2022 ₹ 1259187/- रु. बारह लाख उनसठ हजार एक सौ सत्तासी रूपये मात्र दिनांक 16 मई 2022 तक | वार्ड नं. 10, मार्ला विंग 4/36 शेयर ऑफ 01 कनाल व 16 मार्ला में शामिल खेवात नं. 457 के साथ जमाबन्दी सन 1997-1998 लाडोरा के तहत वकाया एलनाबाद जिला सिरासा हरियाणा **क्षेत्रफल 122 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060120502985 **मोडल एजुकेशन के माध्यम से प्रो. शिवम वर्मा (ऋणी),** शिवम वर्मा (सह-ऋणी), विजय कुमार वर्मा (सह-ऋणी) | 17 मई 2022 ₹ 1938284/- रु. उन्नीस लाख अडतीस हजार दौ सौ चौरासी रूपये मात्र दिनांक 16 मई 2022 तक | समपत्ति स्थित वाणिज्यिक परिसर, नगर निगम वाका नन्दा कॉलोनी फरकपुर फरकपुर तह. जगधारी जिला यमुनानगर हरियाणा **क्षेत्रफल 320 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060116430721 **राजेन्द्र सैनी (ऋणी),** रामानन्द (सह-ऋणी), ओम प्रकाश (सह-ऋणी) | 7 जून 2022 ₹ 1142419/- रु. ग्यारह लाख बयालिस हजार चार सौ उन्नीस रूपये मात्र दिनांक 6 जूर्न 2022 तक | समपत्ति स्थित के एच सं. 202/4/33(3-1) खेवात सं. 395 तथा 507 ग्राम दिंगतानिया तह. -जिला सिरसा बकरेनवाली रोड सिरसा हरियाणा **क्षेत्रफल 242 वर्ग गज** |

स्थान : हरियाणा  दिनांक: 24-06-2022  प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

## बहुतकनीकी संस्थान में दाखिला प्रक्रिया शुरू

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा प्रदेश काउंसलिंग सोसाइटी द्वारा प्रदेश के विभिन्न बहुतकनीकी संस्थानों के लिए डिप्लोमा में दाखिले की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। कुरुक्षेत्र जिले के उमरी स्थित एकमात्र सरकारी बहुतकनीकी संस्थान में भी दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। गौरतलब है कि राजकीय बहुतकनीकी उमरी में पांच ब्रांचों के दाखिले होंगे। ये ब्रांच सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजी हैं। संस्थान के प्राचार्य कॅवल सचदेवा ने बताया कि तीन वर्षीय डिप्लोमा के बाद विद्यार्थियों को अच्छे उद्योग में नौकरी मिल जाती है तथा जो विद्यार्थी बीटेक करना चाहें उनका सीधा बीटेक के द्वितीय वर्ष में दाखिला हो जाता है। जिन विद्यार्थियों ने बारहवीं विज्ञान या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से दो वर्षीय कोर्स कर रखा है वो डिप्लोमा में सीधा द्वितीय वर्ष में दाखिला ले सकते हैं। छह सितंबर तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

# 12 साल बाद प्रियंका के जीवन में लौटी खुशियां

### शादी के 12 साल बाद घर में बच्चे की किलकारी गूंजने से परिवार के सभी लोग खुश हैं

**गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र**

**महिलाओं** के लिए मां बनना प्रकृति का सबसे बड़ा वरदान है। मगर कई बार शरीर में हार्मोन लेवल के गड़बड़ाने से स्त्री के मां बनने में कठिनाई पैदा हो जाती हैं। कैथल जिले के गांव पबनावा निवासी प्रियंका शादी के 12 साल बाद मां बनी, तो जीवन में खुशियां लौट आईं। प्रियंका को शादी के बाद मासिक धर्म की अनियमितता की वजह से गर्भ धारण नहीं होता था।

शहर के कई बड़े चिकित्सकों से इलाज चला, मगर कोई फायदा नहीं हुआ। आयुष विवि के श्रीकृष्णा राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. सुनीति ने आयुर्वेदिक थेरेपी व दवाओं से प्रियंका के मां बनने के सपने को पूरा किया है। पबनावा निवासी प्रियंका ने बताया कि शादी के 12 साल बाद घर में बच्चे की किलकारी गूंजने से परिवार के सभी लोग खुश हैं। मां बनना किसी वरदान से कम नहीं है। मासिक धर्म की अनियमितता की वजह से गर्भधारण नहीं हो पाता था। शहर के कई बड़े डॉक्टरों से इलाज चला पर कोई फायदा नहीं हुआ। इस वजह से मानसिक तनाव भी रहने लगा था। साल 2021 में श्रीकृष्णा आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल के बारे में पता चला। यहां डॉ. सुनीति द्वारा सारी केस हिस्ट्री जानने के बाद आयुर्वेदिक उपचार दिया गया। दो महीने के भीतर ही फर्क नजर आने लगा था और तब गर्भ धारण हुआ। अब मेरे पास एक पुत्री है, जो मार्च 2022 में हुई है।



जानकारी देती स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनीति।

### इनफर्टिलिटी की समस्या हार्मोन लेवल के बिगड़ने से होती है

स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनीति ने बताया कि गांव पबनावा निवासी प्रियंका 2021 में इलाज के लिए अस्पताल आई थी। उसके अनियमित मासिक धर्म और पीसीओडी के कारण गर्भधारण नहीं होता था। दरअसल इनफर्टिलिटी कई कारणों से होती है, जैसे महिला के शरीर में हार्मोन लेवल का गड़बड़ाना, यानी की हार्मोन की मात्रा कम ज्यादा होना। जिससे अंडाशय में अंडे नहीं बनते। महिला के प्रेग्नेंट होने की संभावनाएं बहुत कम हो जाती हैं। वहीं कुछ स्त्रियों के अंडाशय में गांठ होती है। जिसे ओवेरियन सिस्ट के नाम से जानते हैं। ऐसी महिलाओं को माहवारी ठीक से नहीं आती। जो मां बनने में समस्या पैदा करती हैं। उन्होंने बताया कि प्रियंका को आयुर्वेदिक थेरेपी और दवाओं के सेवन करने के साथ ही नियमित रूप से समय-समय पर वमन, विरेचन, बस्ती, नस्य और उत्तर बस्ती दी गई। उससे काफी हद तक महिलाओं के गर्भधारण करने संबंधित कठिनाईयों को कम किया जा सकता है। डॉ. सुनीति ने बताया कि महिलाओं सभी प्रकार के रोग और इनफर्टिलिटी संबंधित समस्याओं की जांच सोमवार और मंगलवार को की जाती है।

## बारिश से पहले सभी नालों की हो सफाई : सिंगला

**सोनीपत।** जिला व्यापार मंडल सोनीपत के प्रधान संजय सिंगला ने प्रशासन व आयुक्त निगम को पत्र के माध्यम से बारिश के सीजन से पहले शहर के सभी नालों को साफ करने की मांग की है। उनका कहना है कि अभी तक बाजारों में सारे नाले लगभग बंद की हालात में पड़े हैं और एक भी बारिश आते ही सड़कों पर पानी भरकर तालाब जैसी स्थिति हो जाती है। फिर पानी दुकानों व घरों में भर जाता है, जिससे व्यापारियों और आमजन का लाखों रुपये का नुकसान हो जाता है। कई बार सोनीपत में पानी भरने से करंट फैल चुका है, जिससे कई लोगों की और पशुओं की मौत हो चुकी है। इन सब नुकसान से बचने के लिए जिला व्यापार मंडल सोनीपत की मांग है कि नाले जल्द से जल्द साफ किए जाएं।

## प्रेरणा



पायनियर हरियाणा

**विकेश भारतीय**
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

मौसम बदलता है तो बदल जाती हैं निगाहें,
पानी सूखता है तो निकल आती हैं राहें,
यकीन कर सकता है तो कर अपने वजूद पर,
क्योंकि यकीन के दम से ही सही जाती हैं यातनाएं।

# ओयो ने स्पोर्टिंग टूर्नामेंट खेलो इंडिया में 8500 रूम नाइट प्रदान किए

**पायनियर समाचार सेवा। अंबाला**

**ओयो** ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में खिलाड़ियों, स्पोर्ट स्टाफ और अधिकारियों को ठहरने की सुविधा प्रदान की। ये गेम्स इस बार हरियाणा में हुए और 25 तरह के खेलों में 8,000 से ज्यादा खिलाड़ी एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। खेलो इंडिया एक राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिस्पर्धा है, जो भारत में दो श्रेणियों - अंडर-17 स्कूल स्टूडेंट्स (यूथ गेम्स) और अंडर-21 कॉलेज स्टूडेंट्स (यूनिवर्सिटी गेम्स), में आयोजित होती है। इसमें हर साल 1,000 से ज्यादा युवा एथलीट्स का चयन होता है, जिन्हें आठ सालों तक प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये की छात्रवृत्ति दी जाती है, ताकि वो अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं की तैयारी कर सकें।

इस साझेदारी के तहत ओयो हरियाणा के पांच शहरों, जहां खेलों का आयोजन हुआ, वहां 60 होटलों के 1100 कमरों में ठहरने की सुविधा प्रदान की। इन शहरों में चंडीगढ़, जीरकपुर, पंचकुला, अंबाला और शाहबाद हैं। इसके अलावा, नई दिल्ली में भी ठहरने की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के दौरान ओयो ने लगभग 8500 रूम नाइट उपलब्ध कराए।

इस बारे में ओयो इंडिया के चीफ एग्जक्यूटिव ऑफिसर, अंकित गुप्ता ने कहा, हमारे लिए सम्मान की बात है कि हमें भारत को खेल के क्षेत्र में एक महाशक्ति बनाने में योगदान देने का अवसर मिला। एथलीट्स को ठहरने की आरामदायक सुविधा प्रदान करने का महत्व हम समझते हैं, जो उन्हें आराम करने, तरोताजा होने और चैंपियन की तरह परफॉर्म करने के लिए सही वातावरण उपलब्ध कराए। हम उनकी जरूरतों का ख्याल रखने के लिए राउंड-द-क्लॉक सेवाएं प्रदान की। सुरक्षा व स्वच्छता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## न्यायालय - जिला मजिस्ट्रेट झुन्झुनूं (राजस्थान)

**पीठासीन अधिकारी श्री लक्ष्मण सिंह कुड़ी**

वाद संख्या 168/2021

उनवान - **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** बनाम **अनिल कुमार आदि**

विपक्षी:-

दीपक कुमार पुत्र परमेश्वरलाल चौधरी उम्र 42 साल जाति महाजन नि0 नीयर ताजपुर गेट, वार्ड नं. 8 (ग्रामीण) (21) अटेली, जिला महेन्द्रगढ (हरियाणा) 123021

**प्रार्थना पत्र अं.धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और पतिभूति हित प्रर्वतन एक्ट 2002**

उक्त प्रार्थी बैंक ने इस न्यायालय में आपको बतोर अप्रार्थी ऋणी व बंधककर्ता के रूप में पक्षकार संयोजित कर एक प्रार्थना पत्र अं.धारा 14 सरफेसी एक्ट के अधीन प्रस्तुत कर आवेदन किया है।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए ता. 7-7-22 को 10:00 पूर्वान्ह में स्वयं या प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया हो, मेरे समक्ष उपसंजात होकर पक्ष रखे। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एकपक्षीय रूप से किया जायेगा।

आज दिनांक 16-6-22/2742 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगा कर दी गई

(जिला मजिस्ट्रेट झुन्झुनूं)

# चैस ओलंपियाड टॉर्च रिले का धर्मनगरी में हुआ भव्य स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**चैस** को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर चैस ओलंपियाड टॉर्च रिले को हिन्दुस्तान के 75 आईकोनिक स्थलों पर भेजने का निर्णय लिया। इसी के तहत यह रिले यात्रा शुक्रवार को धर्मनगरी पहुंची। धर्मनगरी पहुंचने पर टॉर्च रिले का भव्य स्वागत किया गया। उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि ऑल इंडिया चैस फैडरेशन की तरफ से अब हर दो साल के बाद चैस ओलिम्पयाड का आयोजन किया जाएगा। इस चैस ओलंपियाड की अलख हर वर्ष भारत की ही पावन धरा से जला करेगी। उपायुक्त

### टॉर्च रिले ने किया शहर का भ्रमण

शुक्रवार को ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में जिला प्रशासन और भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ-साथ चैस फैडरेशन की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे।

इससे पहले चैस ओलंपियाड टॉर्च रिले का पिपली में स्वागत किया गया और यहां से पुलिस की ओपन जीप मे ऑल इंडिया चैस फैडरेशन के कोषाध्यक्ष नरेश शर्मा व फैडरेशन के प्रदेश महासचिव कृपाल सिंह तवंर टॉर्च रिले को शहर के मुख्य मार्गों से देश के आईकोनिक स्थल ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में लेकर पहुंचे। इस आईकोनिक स्थल पर उपायुक्त और भारतीय खेल प्राधिकरण की कार्यकारी निदेशिका ललिता शर्मा ने परम्परा अनुसार चैस ओलंपियाड की टॉर्च रिले को सम्मान से प्राप्त किया और विधिवत रूप से स्टैंड में स्थापित किया। यह चैस ओलंपियाड 28 से 9 अगस्त 2022 तक तामिलनाडू के महाबलीपुरम में होने जा रही है। इस ओलंपियाड के प्रति युवाओं का ध्यान आकर्षित करने और चैस गेम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही देश के 75 आईकोनिक स्थलों पर चैस ओलिम्पयाड रिले पहुंचेगे।


चैस ओलंपियाड टॉर्च रिले का स्वागत करते उपायुक्त मुकुल कुमार।

### उपायुक्त और ग्रैंड मास्टर के बीच मैच रहा ड्रॉ



आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में देश के आइकॉनिक स्थल ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में उपायुक्त और चेस के ग्रैंडमास्टर हिमांशु शर्मा के बीच चेस का एक मैच खेला गया। कुछ मिनट चला यह मैच बिना किसी नतीजे के सम्पन्न हुआ। इस मैच को सभी मेहमानों ने बड़ी उत्सुकता के साथ देखा।

### चैस बेहतरीन गेम : हिमांशु शर्मा

चैस के ग्रेंड मास्टर हिमांशु शर्मा ने युवा खिलाड़ियों से अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि चैस गेम बेहतरीन गेम है इससे मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। इस गेम में जब खिलाड़ी खेलता है तब खिलाड़ी को विपक्ष के गेम पर ज्यादा फोकस रखने की जरूरत है। किसी खिलाड़ी को सफल होने के लिए विपक्ष की चालों पर नजर रखकर अपनी चाल चलने का हुनर सीखना होगा। उन्होंने कहा कि उनके पिता विरेन्द्र लाल शर्मा उनके गुरु भी है। उन्हें बाल्यकाल से ही अपने पिता से चैस खेलना विरासत में मिला और पिछले 20 से ज्यादा वर्षों से इस गेम को खेल रहे है।

## संक्षिप्त-समाचार

### राष्ट्रीय पंजाबी महासभा ने किया डॉ. रमेश मदान का स्वागत


डॉ. रमेश कुमार का अभिनंदन करते राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के पदाधिकारी।

**कुरुक्षेत्र।** डॉ. रमेश कुमार मदान को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस का राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया है। डॉ. रमेश कुमार मदान राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय सलाहकार भी है। उनकी नियुक्ति पर राष्ट्रीय महासभा द्वारा एक निजी होटल में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय अशोक मेहता, राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र जुनेजा, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा, प्रदेश महासचिव राकेश भल्ला एवं प्रदेश के पदाधिकारियों ने डॉ. रमेश कुमार मदान का फूल मालाओं से अभिनंदन किया और उन्हें बधाई दी। सभी पदाधिकारियों ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी व राष्ट्रीय नेताओं का धन्यवाद किया। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने डॉ. रमेश कुमार मदान को सलाहकार नियुक्त कर पंजाबियों का सम्मान किया है। राष्ट्रीय पंजाबी महासभा कांग्रेस के साथ ओर अधिक पंजाबियों को जोड़ने का काम करेगी। मधुसूदन बवेजा ने बताया कि राष्ट्रीय पंजाबी महासभा का वर्चस्व पूरे देश व प्रदेश में है। राष्ट्रीय पंजाबी महासभा पूरे देश में कार्य कर रही है। महासभा के 18 राज्यों में 8 हजार पदाधिकारी व एक लाख मैंबर हैं। डॉ. रमेश कुमार मदान की सभी राज्यों में अच्छी पकड़ है। डॉ. रमेश मदान शिक्षाविद होने के साथ-साथ एक सुप्रसिद्ध समाजसेवी है।

### एक लाख आठ हजार से अधिक ने नहीं लगवाई दूसरी डोज



**कुरुक्षेत्र।** डिप्टी सीएमओ डॉ. अनुपमा सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी का प्रकोप अभी गया नहीं है। इस महामारी के केस फिर से बढ़ने शुरू हो गए है। इस महामारी से बचाव के लिए सभी लोगों को सावधानी बरतनी बहुत जरूरी है। इस महामारी से बचाव का का सिर्फ एक ही तरीका है कि कोरोना बचाव की वैक्सीनेशन कोर्स को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। डिप्टी सीएमओ डॉ. अनुपमा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में 8 लाख 13 हजार 988 लोगों ने कोरोना बचाव की प्रथम डोज लगवाई और इस जिले में प्रथम डोज के 98.3 फीसदी लक्ष्य को पूरा किया गया। इसी प्रकार सात लाख 24 हजार 615 लोगों को दूसरी डोज लगवा कर 87 फीसदी लक्ष्य को पूरा किया। इस महामारी से बचाव के लिए सरकार की तरफ से बूस्टर डोज लगवाने की भी अपील की जा रही है। इस अपील के बावजूद अभी तक 3.5 फीसदी यानि 25855 लोगों ने ही बूस्टर डोज लगवाई है। इस जिले में अभी भी एक लाख 8 हजार 647 लोगों को कोरोना बचाव की दूसरी डोज नहीं लगी है।

मुख्य सचिव ने बैठक में दिए निर्देश

# तीस जून से पहले बाढ़ नियंत्रण कार्य पूरा करें सभी उपायुक्त

### एसडीएम व सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर जाकर लें जायजा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सभी जिला उपायुक्तों को 30 जून से पहले अपने अधिकार क्षेत्र में ड्रेनों व सीवरेज लाइनों की सफाई और अन्य बाढ़ नियंत्रण कार्यों को सुनिश्चित करने और इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

कौशल ने ये निर्देश सभी मंडलआयुक्तों और जिला उपायुक्तों के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नई एवं चल रही बाढ़ सुरक्षा योजनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति को टालने के लिए पूर्व व्यवस्था की जानी चाहिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ से संबंधित सभी कार्यों और परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि ये सभी समय से पहले पूरी हो जाएं। उन्होंने अधिकारियों को नालों और बाढ़ नियंत्रण कार्य स्थलों की सफाई का निरीक्षण करें। उन्होंने अधिकारियों को किए गए कार्यों के सत्यापन के बाद रिपोर्ट सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को सौंपने के निर्देश दिए।



### पंपसैट की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा

आगामी मानसून सीजन में भारी बारिश के दौरान राज्यभर में जलमग्न क्षेत्रों में पानी की निकासी के लिए कौशल ने संबंधित अधिकारियों को पंपसैट की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने लघु, मध्यम और दीर्घकालीन बाढ़ सुरक्षा योजनाओं की स्थिति की भी समीक्षा की।

राज्य में अतिप्रवाहित पानी के चैनलों की पहचान करने और पंपों के माध्यम से अतिरिक्त पानी की निकासी के आवश्यक प्रबंध करने के भी निर्देश दिए।

इसके अलावा, नालों की सफाई और गाद निकालने का कार्य भी तुरंत किया जाए। नालों की जल्द से जल्द सफाई सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव ने निर्देश देते हुए कहा कि जिला उपायुक्त बाढ़ नियंत्रण कार्यों में तेजी लाने के लिए उपमंडल अधिकारियों और सिंचाई विभाग के अन्य अधिकारियों को नियुक्त करें और ये अधिकारी व्यक्तिगत रूप से

### किसानों को बाजरे की खेती छोड़ने पर मिलेंगे चार हजार रुपये प्रति एकड़

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने फसल विविधीकरण योजना के अंतर्गत दक्षिण हरियाणा के बाजरा बाहुल्य जिलों भिवानी, चरखी दादरी, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, हिसार तथा नूंह में बाजरे के स्थान पर दलहन व तिलहन की फसलों को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना की शुरुआत की है, जिसके तहत कम से कम एक लाख एकड़ क्षेत्र में दलहन व तिलहन फसल को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया की भारत सरकार ने दलहन व तिलहन फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी की है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत दलहनी फसलों में मूंग, अरहर व उड़द तथा तिलहनी फसलों में अरंड, मूंगफली व तिल की फसलें शामिल हैं। योजना के तहत किसानों को चार हजार रुपये प्रति एकड़ वित्तीय सहायता भी प्रदान की जायेगी।

# जांच में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर हरियाणा का देश में तीसरा स्थान

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

### प्रदेश पुलिस को मिली राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

**अनुसंधान** में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करने पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक बार फिर हरियाणा पुलिस के प्रयासों की सराहना की गई है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो और सीपीएफ द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 'सीसीटीएनएस हैकथॉन और साइबर चैलेंज 2022 में 'हरियाणा पुलिस जांच एप' ने देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है।

हरियाणा पुलिस के प्रवक्ता ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में बताया कि यह एप जो जांच अधिकारियों को किसी भी स्थान से डिजिटल रूप से प्राथमिकी दर्ज करने के लिए एक मंच प्रदान करने पर केंद्रित है को हांसी की मौजूदा एसपी निकिता गहलौत द्वारा डिजाइन किया गया है।

यह मोबाइल एप पीड़ितों को एफआईआर की एक प्रति प्रदान करने का विकल्प,वॉयस-टू-टेक्स्ट टाइपिंग सुविधा, तस्वीरें अपलोड करने की सुविधा, भौगोलिक स्थान कैप्चर आदि जैसी उन्नत सुविधाओं से लैस है। इसके माध्यम से मामलों की बेहतर पैरवी और आरोपी को सजा दिलवाले में भी मदद मिल सकेगी। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक जांच अधिकारी को भविष्य के रेफरेंस के लिए अपनी केस डायरी का डिजिटल रिकॉर्ड रखने में भी मदद मिल सकेगी।

इससे मौक पर सभी दस्तावेज डिजिटल फॉर्म में तैयार किए जा सकेंगे, जिससे पुलिस में पारदर्शिता और विश्वनीयता भी बढ़ सकेगी। हरियाणा के डीजीपी प्रशांत कुमार अग्रवाल ने एसपी हांसी सुश्री गहलौत और उनकी समस्त टीम को राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान मिलने पर बधाई दी है।

### 'अग्निपथ' के विरोध में पंचायत 26 को

**रोहतक।** हरियाणा के रोहतक जिले के सांपला में स्थित चौधरी छोटूराम स्मारक पर अग्निपथ के विरोध में तीन दिन से धरना जारी है। आसपास के लोगों का भी समर्थन धरने को मिल रहा है। अब 26 जून को यहां पर पंचायत बुलाई गई है। पंजाब के किसान संगठन और भाकियू हरियाणा के गुरनाम सिंह चढूनी भी इसमें भाग लेंगे। पंचायत में अग्निपथ को लेकर आगामी रणनीति बनाई जाएगी।सांपला में अग्निपथ योजना के विरोध में विभिन्न संगठनों का धरना लगातार जारी है। धरने की अध्यक्षता रिटायर्ड आर्मी सूबेदार होशियार सिंह ने की। धरने पर संयुक्त छात्र युवा मोर्चा व खापों ने भाग लिया। वहीं 26 जून को पंजाब एसकेएम व युवा संगठन समर्थन देने के लिए 26 जून को सांपला पहुंचेंगे। इस दौरान गुरनाम सिंह चढूनी भी पहुंचेंगे।

# सीवरेज और पानी की व्यवस्था पर खर्च हुआ 70 करोड़ से ज्यादा का बजट : सुधा


लोगों को संबोधित करते विधायक सुभाष सुधा।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से शहर की कॉलोनियों में पीने के पानी और सीवरेज व्यवस्था पर 70 करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट खर्च किया जा चुका है। इस शहर की अधिकतर कॉलोनियों में गंदे पानी की निकासी के लिए सीवरेज की पाइप लाइन डाली जा चुकी है और हर घर तक नल पहुंचाने की व्यवस्था की जा चुकी है।

विधायक सुभाष सुधा शुक्रवार को देर सायं शहर की विभिन्न कॉलोनियों में पीने के पानी के ट्यूबवैल, वाटर पाइप लाइन और सीवरेज पाइप लाइन के विकास कार्यो का शुभारंभ करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा, कार्यकारी अभियंता दिनेश गाबा, एसडीओ गुरविंद्र, अर्पित ने 22 लाख रुपए की लागत से लगने वाले ट्यूबवेल, 70 लाख की लागत से डलने वाली वाटर पाइपलाइन और एक लाख 25 हजार की लागत से सीवरेज पाइपलाइन कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखा जाएगा।

अगर किसी भी स्तर पर निर्माण कार्यों में कुछ कमी पाई गई तो संबंधित ठेकेदार और अधिकारी के खिलाफ तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। । इस मौके पर प्रधान चंद्रभान, नाथू राम, फुल सिंह, शीशन लाल, जगदीश, बलवंत, सतीश जांगड़ा, हृद्दय राम, आरडी शर्मा, राजेश, सुरेश, कैप्टन साहब, राजपाल, महिपाल आदि मौजूद थे।

# प्रत्याशी अनिल धवन ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

### पिहोवा नगर पालिका चेयरमैन का चुनाव रद्द करने की मांग

**आम** आदमी पार्टी की पिहोवा नगर पालिका चेयरमैन प्रत्याशी अनिल धवन ने चुनाव में धोखाधड़ी कर बीजेपी प्रत्याशी को जिताने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत केंद्रीय चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोग में की है।

आम आदमी पार्टी चेयरमैन प्रत्याशी अनिल धवन ने कहा कि पिहोवा नगर पालिका के चुनाव में कुल 20419 वोट पोल हुए थे। इसका ब्योरा राज्य चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भी दिया गया था, लेकिन गिनती वाले दिन केवल 20363 वोटों की गिनती की गई। उन्होंने बताया कि आखिरी राउंड तक वे बढ़त बनाए हुए थे। अंतिम राउंड में उन्हें 55 वोटों से हारा दिखाकर बीजेपी प्रत्याशी को चेयरमैन घोषित कर दिया गया, जबकि 20363 वोटों की गिनती की गई। आम आदमी पार्टी चेयरमैन प्रत्याशी अनिल धवन ने बताया कि अंत में 56 वोटों की गिनती नहीं की गई और ना ही रिटर्निंग अधिकारी ने इन 56 वोटों के बारे में कोई स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि 56 वोटों को खुर्द-बुर्द कर दिया गया। आम आदमी पार्टी चेयरमैन प्रत्याशी अनिल धवन ने केंद्रीय चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह से पिहोवा नगर पालिका के चेयरमैन के चुनाव को निरस्त कर निष्पक्ष जांच करने की मांग की और 56 वोटों के बारे में स्थिति स्पष्ट करने की बात कही।

# नशा मुक्त समाज बनाने में संस्थाएं करें सहयोग : डॉ. अंशु सिंगला

### ब्रह्माकुमारी आश्रम में एक कार्यक्रम का किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**जिला** पुलिस ने जिला कुरुक्षेत्र को नशा मुक्त करने हेतु नशे से आजादी पखवाड़ा के तहत नशा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान पुलिस आमजन को नशा न करने के प्रति प्रेरित कर रही है। पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. अंशु सिंगला ने नशे से आजादी को लेकर ब्रह्माकुमारी आश्रम में संगत में एक कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसमें लोगों को नशा छोड़ने को लेकर समाज मे जागरूकता फैलाने के लिए संगत को प्रेरित किया गया। नशे से होने वाले को दुष्प्रभावों के बारे में उन्हें विस्तार से बताया। डॉ. सिंगला ने आह्वान किया कि अगर उनके आसपास कहीं नशा बिकता है तो वह इसकी सूचना टोल फ्री ड्रग हेल्प लाईन नंबर पर अवश्य दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने ब्रह्माकुमारी आश्रम में संगत में आयोजित एक कार्यक्रम में संगत को संबोधित किया। संगत को जागरूक करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसे हम सबको मिलकर जड़ से उखाड़ना होगा।

इस मुहिम में हर व्यक्ति अपना योगदान दें और अपनी जिम्मेदारी को समझें तथा समाज के प्रति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उहोने कहा कि पूरे हरियाणा में नशे से आजादी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। समय-समय पर जिला भर में ब्लॉक व गांव स्तर पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं और लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे बताया जाता है कि किस प्रकार नशा समाज को खत्म कर रहा है।

इस मौके पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र कुरुक्षेत्र प्रभारी बहन रोजी, निर्मल, राधा, मधु, संतोष, शिखा, अमृत कौर, गिरिजा, सुमन देवी, मंजू देवी, सतीश कत्याल, हरबंस सिंह, कर्ण सिंह, राजेश कुमार, कृष्ण कुमार, रघुबीर सिंह, प्रो. सुरेश चंद्र, अशोक गर्ग, हेमराज, कश्मीरी लाल, रामअवतार, उप निरीक्षक रोशन लाल, हवलदार विकास कुमार, सिपाही राजेन्द्र कुमार, अनिल कुमार सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।


संगत को नशा विरोधी शपथ दिलातीं पुलिस अधीक्षक डॉ. अंशु सिंगला।

# बर्खास्त आंगनबाड़ी वर्कर्स की बहाली को लेकर प्रदर्शन

### जिला कार्यक्रम अधिकारी को सौंपा मांग पत्र

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**आंगनबाड़ी** वर्करों की संयुक्त तालमेल कमेटी हरियाणा के आह्वान पर आंगनबाड़ी वर्कर्स हेल्पर्स, कार्यकर्ता, सहायिकाओं ने अधिकारी बाल विकास विभाग सोनीपत कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा।

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व यूनियन की प्रधान सोना देवी, वरिष्ठ उपप्रधान उषा रानी, सचिव गीता, अनीता, सीटू के जिला प्रधान आनंद शर्मा, एआईयूटीयूसी के नेता बलवान सिंह कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार और विभाग जानबूझकर हजारों महिलाओं का मानसिक व आर्थिक शोषण कर रहा है। बिना वजह के राज्य की 975 वर्कर्स और हेल्पर्स को नौकरी से बाहर बैठा रखा है। चार अप्रैल को विभागीय अधिकारियों व सरकार के अनुरोध पर आंदोलन वापस ले लिया गया था। उस समय सरकार की ओर से आश्वस्त किया गया था कि किसी को भी नौकरी से बाहर नहीं किया जाएगा। लेकिन तीन महीने से बहाली लटकी हुई है।

एक कलम से बहाल करने की बात की गई थी, 100 रुपये कटौती के साथ मानदेय जारी करने की बात की गई थी, जबकि 75 प्रतिशत कटौती की जा रही है। जोकि वर्कर्स हेल्पर्स के साथ धोखाधड़ी है। आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए हैं। जिस कारण तमाम वर्कर्स में हरियाणा सरकार के प्रति भारी रोष है।

उन्होंने हरियाणा सरकार से मांग करते हुए कहा कि किए गए समझौते को लागू किया जाए, वरना चार जुलाई को पूरे प्रदेश में कार्यरत सभी आंगनबाड़ी वर्कर्स हेल्पर्स, कार्यकर्ता, सहायिका, पंचकूला स्थित डायरेक्टर कार्यालय पर राज्य स्तरीय प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने तमाम वर्कर से आह्वान करते हुए कहा कि गांव स्तर से, सर्कल स्तर, ब्लॉक स्तर और जिला स्तर तक यूनियन की बैठकें की जाएं। एक-एक वर्कर्स, हेल्पर्स के पास पहुंचकर उन्हें सरकार द्वारा किए जा रहे दमन की जानकारी दी जाए और संयुक्त तालमेल कमेटी के आह्वान पर होने वाली चार जुलाई की रैली में समेत परिवार बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अग्निपथ नीति को वापस लेने की मांग करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किए गए प्रदर्शन का समर्थन किया और सरकार को चेताया कि पूरे देश की जनता अग्निपथ को लागू करने के खिलाफ है, इसलिए जनता की आवाज को सुनते हुए इस जनता विरोधी निर्णय को वापस लिया जाए। प्रदर्शनकारियों को सोना देवी, उषा रानी, गीता देवी, अनीता देवी, कविता दहिया, निर्मला, अंजू, शकुंतला, आनंद शर्मा, ईश्वर सिंह राठी, बलवान सिंह, मा बलवीर सिंह, मुकेश टाक, राजेश, सतवीर बुटाना, सुरजावती, शिलक राम मलिक आदि ने भी संबोधित किया और आंदोलन को तेज करने का आह्वान किया।


जिला कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपते आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स।

### रोहतक में पटरी से उतरी मालगाड़ी

**रोहतक।** हरियाणा के रोहतक के रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार शाम को एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और जानमाल का भी नुकसान नहीं हुआ।

हादसे का पता लगते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचकर कारणों का पता लगा रहे हैं। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों का भी जमावड़ा लग गया। बताया गया है कि रोहतक रेलवे स्टेशन की साइड वाले ट्रैक से गुजरते समय मालगाड़ी के डिब्बे अचानक से पटरी से उतर गए। मालगाड़ी की स्पीड उस समय अधिक नहीं थी, जिसके कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। वहीं अब अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये। रोहतक के स्टेशन अधीक्षक बीएस मीना ने बताया कि रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी पटरी से उतरने की सूचना मिली है। मौके पर जाकर जांच की जा रही है। ताकि यह पता लग सके कि कारण क्या रहा। वहीं इस हादसे में कोई जानमाल की हानि नहीं हुई है।

# महाराजा अग्रसेन की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**समाजवाद** के प्रवर्तक अहिंसा के पुजारी दुनिया को गरीब कल्याण के उत्थान का संदेश देने वाले महाराजा अग्रसेन की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग को लेकर हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाई ने मुख्यमंत्री के नाम जिला उपायुक्त ललित सिवाच को ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन ने किया। ज्ञापन में लिखा गया कि हरियाणा सरकार ने महाराज अग्रसेन के शासन की अनुकरणीय आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक नीतियों को देखते हुए हिसार एयरपोर्ट का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम पर रखने तथा इंदिरा गांधी मीरपुर विश्वविद्यालय रेवाड़ी में महाराजा अग्रसेन शोध पीठ की स्थापना करने का सराहनीय कार्य किया। जिसके लिए वैश्य समाज मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करता है। ज्ञापन में कहा गया है कि 2014 तक पांचवी कक्षा के हिंदी पाठ्यक्रम में जीवनी शामिल थी, परंतु बाद में अनावश्यक पाठ हटाने के चक्कर में महाराजा अग्रसेन की जीवनी भी हटा दी गई।

ज्ञापन में लिखा है कि पंजाब सरकार ने महराजा अग्रसेन की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल कर भी लिया है, परंतु हरियाणा में बार-बार मांग करने और आश्वासन मिलने के बाद भी अभी तक शामिल नहीं किया गया है। शोधपीठ के माध्यम से आने वाले विषय देश की युवा पीढ़ी तक पहुंचें इसके लिए पाठ्यक्रम में शामिल करना अति आवश्यक है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर पूरे प्रदेश में ज्ञापन दिए जा रहे हैं और आवश्यकता पड़ी तो जन जागरण अभियान भी चलाया जायेगा।

ज्ञापन देने वालों में प्रदीप बंसल, सीमा गोयल, राजीव अग्रवाल, रेखा गर्ग, अनील जैन, पवन जैन, कृष्ण, पवन गुप्ता, रमेश जैन, जगदीश जैन मौजूद थे।


जिला उपायुक्त को ज्ञापन देते हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाई के पदाधिकारी।

# क्या निकाय एजेंसियां तभी काम करेंगी जब राष्ट्रपति और पीएम शहर आएंगे : हाईकोर्ट

## कर्नाटक उच्च न्यायालय ने टिप्पणी मोदी के आगमन पर 23 करोड़ रुपये खर्च करने की रिपोर्टों के संबंध में की

एजेंसी। बेंगलुरु

**कर्नाटक** उच्च न्यायालय ने बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष करते हुए प्रश्न किया कि क्या स्थानीय निकाय एजेंसियां तभी काम करेंगी जब राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री अक्सर शहर आएंगे और अलग-अलग सड़कों पर यात्रा करेंगे।

उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी उन रिपोर्टों के संबंध में की है, जिनमें दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की

### अदालत बीडीए और बीडब्ल्यूएसएसबी के अधिकारियों के खिलाफ अवमानना याचिका पर कर रही थी सुनवाई

बेंगलुरु यात्रा के मद्देनजर बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने शहर की सड़कों की मरम्मत पर 23 करोड़ रुपये खर्च किए थे। बैंगलोर विकास प्राधिकरण (बीडीए) और बैंगलोर जल आपूर्ति



और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) के अधिकारियों के खिलाफ अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी की।

दरअसल, मंजुला पी और शारदम्मा पी नामक दो महिलाओं ने विश्वेश्वरैया लेआउट में अपने दो आवास स्थलों के लिए पानी और सीवर लाइन कनेक्शन की बहाली की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

इन कनेक्शनों को स्वीकृत किया गया है, लेकिन अब तक कनेक्शन दिए नहीं गए हैं। उच्च न्यायालय की एकल-न्यायाधीश वाली पीठ ने 21 अक्टूबर, 2020 को स्थानीय निकाय एजेंसियों को दो महीने के भीतर दोनों स्थानों पर कनेक्शन बहाल करने और मामले का निपटारा करने का आदेश दिया था। दोनों महिलाओं ने एक साल बाद उच्च न्यायालय में बीडीए और बीडब्ल्यूएसएसबी के आयुक्तों और संबंधित अभियंताओं के खिलाफ अवमानना याचिका दाखिल की, क्योंकि इन अधिकारियों ने अदालत के पहले के आदेश का पालन नहीं किया था।

उच्च न्यायालय ने अधिकारियों पर टिप्पणी करते हुए कहा, हो सकता है कि अगर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति अक्सर बेंगलुरु आएं तो यहां की सड़कों की स्थिति में सुधार हो। पिछले हफ्ते आपने गड्ढों को भरने के लिए 23 करोड़ रुपये खर्च किए। आप काम करें इसके लिए प्रधानमंत्री को हर बार अलग-अलग सड़कों पर यात्रा करनी पड़ेगी?

## संक्षिप्त समाचार

### कनाडाई सांसद के बयान पर पाकिस्तान ने जताई आपत्ति

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने सेना प्रमुख जनरल जावेद कमर बाजवा के खिलाफ कनाडाई सांसद की टिप्पणी को लेकर कनाडा के समक्ष कड़ा राजयनिक विरोध दर्ज कराया है। शुक्रवार को मीडिया में आई खबर में इस बारे में जानकारी दी गई है। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान में कनाडा के उच्चायुक्त को तलब कर कड़ी आपत्ति जताई। कहा गया है कि राजनयिक से कहा गया कि हाल में पाकिस्तान के खिलाफ की गई कनाडा के सांसद टॉम केमिक की टिप्पणी राजनयिक नियमों के खिलाफ और बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। विदेश मंत्रालय की तरफ से इस संबंध में कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है। कन्जरवेटिव पार्टी के सांसद केमिक ने कनाडा की संसद के निचले सदन में सेना प्रमुख जनरल बाजवा पर पाकिस्तान की राजनीति में हस्तेक्षप करने का आरोप लगाया था।

### घेराबंदी से बचने को यूक्रेनी सेना शहर छोड़ेगी

**कीव।** कई हफ्तों की भीषण लड़ाई के बाद, यूक्रेनी सेना देश के पूर्व में रूसी सैनिकों से घिरे एक शहर से पीछे हट जाएगी। एक क्षेत्रीय गवर्नर ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लुहान्स्क क्षेत्र के प्रशासनिक केंद्र सिविएरोडोनेट्स्क शहर को लगातार रूसी बमबारी का सामना करना पड़ा है। यूक्रेनी सैनिकों ने शहर के किनारे पर एक विशाल रसायनिक कारखाने में डेरा डालने से पहले रूसियों से कई जगह छापेमार लड़ाई लड़ी। इस कारखाने में यूक्रेनी सैनिक विशाल भूमिगत संरचनाओं में छिपे हुए थे। हाल के दिनों में, रूसी सेना ने यूक्रेनी सेना को घेरने के प्रयास में, सिविएरोडोनेट्स्क और पड़ोसी शहर लिसीचांस्क के नदी के किनारे एक तट पर अपनी पकड़ मजबूत की है। लुहान्स्क के गवर्नर सेरही हैदई ने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों को इसे रोकने के लिए सिविएरोडोनेट्स्क छोड़ने का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा, हमें अपने लोगों को वापस बुलाना होगा। नष्ट हो चुके स्थानों पर रहने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि खराब किलेबंदी वाले क्षेत्रों में हताहतों की संख्या हर दिन बढ़ेगी। हैदई ने कहा कि यूक्रेनी बलों को पीछे हटकर नए स्थानों पर इकट्ठा होने और वहां लड़ाई जारी रखने का आदेश मिला है, लेकिन उन्होंने अधिक विवरण नहीं दिया। उन्होंने कहा कि रूसी सैनिक भी जोलोट और तोशकिवका से लिसीचांस्क की ओर आगे बढ़ रहे थे।

### राज्यसभा के लिए पांच सदस्यों को दिलाई सदस्यता की शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा से उच्च सदन के लिए नवनिर्वाचित पांच सदस्यों को सदस्यता की शपथ दिलाई। संसद भवन परिसर स्थित राज्यसभा के कक्ष में इन सदस्यों को शपथ दिलाई गई। शपथ लेने वालों में आंध्र प्रदेश से वाईएसआर कांग्रेस के निरंजन रेड्डी सिरगापुर और आर कृष्णैया, तेलंगाना से तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के दामोदर राव दिवाकोंडा और बी पार्थसारथी रेड्डी और ओडिशा से बीजू जनता दल (बीजद) के निरंजन बिशी शामिल हैं। इन सभी सदस्यों ने पिछले दिनों हुए राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में निर्विरोध जीत दर्ज की थी।

### परमेश्वर अय्यर नीति आयोग के सीईओ बने

**नई दिल्ली।** पूर्व पेयजल और स्वच्छता सचिव परमेश्वर अय्यर को शुक्रवार को नीति आयोग का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया। उन्होंने पिछले साल जुलाई में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। सरकारी आदेश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश कैडर के 1981 बैच के आईएएस अधिकारी और जाने-माने स्वच्छता विशेषज्ञ अय्यर को अमिताभ कांत के 30 जून को सेवानिवृत्त होने के बाद, दो साल के लिए, या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, नीति आयोग का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के आदेश में कहा गया है कि अय्यर की नियुक्ति उन्हीं नियमों और शर्तों पर की गई है, जो कांत के लिए लागू थीं। अय्यर ने 2009 में भारतीय प्रशासनिक सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी।

### मप्र : बुलडोजर पर बैठकर आया दूल्हा, चालक पर लगा जुर्माना

बैतूल (मप्र)। मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के एक सिविल इंजीनियर को अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए बुलडोजर में बैठकर दुल्हन लेने पहुंचना महंगा पड़ गया। पुलिस ने दूल्हे के साथ बुलडोजर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है और पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी शुक्रवार को दी।

# अग्निवीर नहीं हैं पेंशन के हकदार तो मैं भी पेंशन छोड़ने को तैयार : वरुण गांधी

## कहा, क्यों न सभी जनप्रतिनिधि पेंशन छोड़ें और अग्निवीरों को पेंशन मुहैया कराएं


### अल्प सेवा अवधि वाले अग्निवीर पेंशन के हकदार नहीं हैं तो जनप्रतिनिधियों को यह सहूलियत क्यों?

एजेंसी। नई दिल्ली

**रक्षा** सेवाओं में भर्ती की केंद्र सरकार की नई अग्निपथ योजना पर लगातार सवाल उठा रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद वरुण गांधी ने शुक्रवार को कहा कि इस योजना के तहत सेना में शामिल होने वाले अग्निवीर यदि पेंशन के हकदार नहीं हैं तो वह भी बतौर सांसद अपनी पेंशन छोड़ने को तैयार हैं।

उन्होंने सांसदों तथा विधायकों के समक्ष यह सवाल उठाया कि क्यों न सभी जनप्रतिनिधि अपनी पेंशन छोड़ दें और अग्निवीरों के लिए पेंशन की सुविधा सुनिश्चित करें।

ज्ञात हो कि अग्निपथ योजना



### क्या नए भारत में सिर्फ मित्रों की सुनवाई होगी देश के वीरों की नहीं : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अग्निपथ योजना को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए सवाल किया कि क्या नए भारत में देश के वीरों की नहीं, सिर्फ प्रधानमंत्री के मित्रों की सुनवाई होगी? उन्होंने एक खबर का भी हवाला दिया जिसमें कथित तौर पर कहा गया है कि सेना के एक मानद कैप्टन के अनुसार, अग्निपथ योजना सेना को बर्बाद कर देगी। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, एक तरफ देश के परमवीर हैं और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री का घमंड और तानाशाही। क्या नए भारत में सिर्फ मित्रों की सुनवाई होगी, देश के वीरों की नहीं?

भारतीय सेना के तीनों अंगों थलसेना, वायुसेना और नौसेना में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा लाई गई एक नई योजना है। इसमें भर्ती होने वाले युवाओं को अग्निवीर के रूप में जाना जाएगा और उनका कार्यकाल चार साल का होगा। सेवानिवृत्ति के बाद वह पेंशन के हकदार नहीं होंगे। सेना में अब सारी भर्ती अग्निपथ योजना के तहत ही होगी।

भर्ती के इस नए मॉडल की घोषणा के बाद से ही देश के कई हिस्सों में इसके खिलाफ हिंसक विरोध देखा गया है।वरुण गांधी ने एक ट्वीट में कहा, अल्पावधि की सेवा करने वाले अग्निवीर पेंशन के हकदार नहीं हैं तो जनप्रतिनिधियों को यह सहूलियत क्यों? राष्ट्र रक्षकों को पेंशन का अधिकार नहीं है तो मैं भी खुद की पेंशन छोड़ने को तैयार हूं।

क्या हम विधायक और सांसद अपनी पेंशन छोड़ कर यह नहीं सुनिश्चित कर सकते कि अग्निवीरों को पेंशन मिले? गांधी इससे पहले भी योजना के खिलाफ लगातार अपनी आवाज उठाते रहे हैं। योजना के प्रावधानों के खिलाफ वह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को एक पत्र भी लिख चुके हैं।

### रूसी सेना का मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त चार की मौत

**मॉस्को।** रूसी सेना का एक मालवाहक विमान शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे चालक दल के कम से कम चार सदस्यों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारी मालवाहक आईएल-76 कार्गो विमान दक्षिण-पश्चिमी रियाजान क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि विमान के इंजन में कुछ गड़बड़ी आ गई थी, जिससे चालक दल को क्रैश लैंडिंग के लिए मजबूर होना पड़ा। क्षेत्रीय प्रशासन ने कहा कि रियाजान शहर के बाहर एक मैदान में विमान के गिरने से उसके चालक दल के चार लोग मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चार इंजन वाले आईएल-76 को 1970 के दशक में डिजाइन किया गया था और इसने सोवियत और रूसी वायु सेना के लिए मुख्य मालवाहक विमान के रूप में काम किया है।

# महाराष्ट्र में मौजूदा राजनीतिक संकट में भाजपा की कोई भूमिका नहीं: पाटिल

एजेंसी। मुंबई

**शिवसेना** के मंत्री एकनाथ शिंदे के अपनी पार्टी के खिलाफ बगावत में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शामिल होने के आरोपों के बीच भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रकांत पाटिल ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में चल रहे राजनीतिक संकट में उनकी पार्टी की कोई भूमिका नहीं है। हालांकि, उन्होंने बिना कोई ब्योरा दिए स्वीकार किया कि विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस बृहस्पतिवार को किसी काम के लिए दिल्ली गए थे।

पाटिल की यह टिप्पणी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार के मौजूदा संकट के पीछे भाजपा की भूमिका है। शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे ने गुवाहाटी में अपने साथ मौजूद विधायकों को संबोधन के दौरान भाजपा की ओर परोक्ष रूप से इशारा करते हुए कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी ने उनके विद्रोह का समर्थन किया है और बागियों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। पाटिल ने अपने गृहनगर कोल्हापुर में पत्रकारों से कहा, भाजपा का शिवसेना या महा विकास आघाड़ी (शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस के गठबंधन एमवीए) में मौजूदा आंतरिक कलह से कोई लेना-देना नहीं है। बृहस्पतिवार को मुंबई में मैंने देवेंद्र फडणवीस के साथ दोपहर



### शिवसेना के 37 बागी और नौ निर्दलीय विधायकों के साथ शिंदे हैं गुवाहाटी में

का भोजन किया और फिर वह (फडणवीस) किसी काम से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। उन्होंने कहा, बातचीत के दौरान फडणवीस ने मुझसे कहा कि कुछ चीजें हो रही हैं। लेकिन अगर कुछ भी महत्वपूर्ण (कोई भी विकास) होता, तो वह निश्चित रूप से मुझे विश्वास में लेते। पाटिल ने कहा कि भाजपा फिलहाल 2024 के चुनावों की तैयारियों में लगी हुई है।

शिंदे फिलहाल शिवसेना के 37 बागी विधायकों और नौ निर्दलीय विधायकों के साथ गुवाहाटी के एक होटल में डेरा डाले हुए हैं। शिंदे के विद्रोह के पीछे भाजपा की भूमिका के बारे में शरद पवार के बयान पर पाटिल ने कहा, मुझे लगता है कि पवार और शिवसेना के संजय राउत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का अत्यधिक उपयोग करते हैं। मैं तो रोज समाचार भी नहीं देख पाता हूं, इसलिए मुझे पता नहीं है कि वास्तव में शिवसेना में क्या हो रहा है।

# कच्चे तेल की खरीद पर भारत का रुख विश्व समुदाय ने अच्छे से समझा : विदेश सचिव

एजेंसी। नई दिल्ली

**विदेश** सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने शुक्रवार को कहा कि कच्चे तेल की खरीद के लिए भारत की व्यापारिक व्यवस्था देश की ऊर्जा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित होती है और इस बारे में भारत के रुख को विश्व समुदाय अच्छी तरह से समझता है।

क्वात्रा ने संवाददाताओं ने पूछा था कि जर्मनी में आसन्न जी7 शिखर सम्मेलन में रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर अगर भारत की आलोचना होती है तब नई दिल्ली का क्या रुख होगा। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की खरीद के लिए भारत की व्यापारिक व्यवस्था ऊर्जा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित होती है। क्वात्रा ने कहा कि कच्चे तेल की



खरीद के लिए भारत का रुख विश्व समुदाय द्वारा बहुत अच्छी तरह से समझा गया है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26-27 जून को जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए शोल्स एल्माउ जाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी 28 जून को संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर जाएंगे जहां वह यूएई के पूर्व राष्ट्रपति एवं अबू धाबी के शासक रहे शेख खलीफा बिन जाएद अल नाहयान को व्यक्तिगत रूप से श्रद्धांजलि देंगे।

# एनसीसी कैडेट्स को अग्निपथ योजना में मिलेंगे बोनस अंक : लेफ्टिनेंट जनरल

एजेंसी। ग्वालियर (मप्र)

**राष्ट्रीय** कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरुबीरपाल सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय सेना की अग्निपथ योजना में भर्ती होने वाले एनसीसी कैडेट्स को बोनस अंक दिए जाएंगे। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि एनसीसी के अधिकारी कैडेट्स के बीच जाकर भारतीय सेना की इस योजना को समझाएंगे, जिससे ज्यादा से ज्यादा युवा भारतीय सेना के साथ जुड़ सकें।

सिंह ने ग्वालियर में एनसीसी महिला अधिकारियों की दीक्षांत परेड में हिस्सा लेने आए थे। दीक्षांत परेड के बाद लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने मीडिया कर्मियों से कहा, एनसीसी में महिला कैडेट्स 1950 से ही शामिल हैं और इन्होंने शानदार काम किया है। हाल में भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना के जरिए सेना भर्ती प्रक्रिया



### कहा, एनसीसी के ए, बी एवं सी प्रमाण पत्र धारकों को अग्निवीर भर्ती में मिलेंगे बोनस अंक

शुरू की है। अब इस बारे में और ज्यादा जानकारी देने का काम एनसीसी अधिकारी करेंगे और एनसीसी कैडेट्स को इस योजना के बारे में समझाएंगे।

उन्होंने कहा, एनसीसी कैडेट्स जो ए, बी एवं सी प्रमाणपत्र धारक हैं, उन्हें अग्निवीर की भर्ती में बोनस अंक मिलेंगे। सिंह ने कहा कि इस समय देश के हर जिले में एनसीसी है और ज्यादातर युवा ग्रामीण क्षेत्रों से एनसीसी में आते हैं। ऐसे युवा अग्निवीर बनकर भारतीय सेना में सेवा तो करेंगे ही, साथ में जब चार वर्ष बाद समाज में वापस जाएंगे, तो बेहतर नागरिक बन सकेंगे और शेष भारतीय सेना में काम करेंगे।

यह पूछे जाने पर कि क्या स्कूल-कॉलेजों में एनसीसी को अनिवार्य किया जा रहा है, इस पर उन्होंने कहा, एनसीसी में और क्या सुधार हो सकते हैं या इसकी अनिवार्यता के बारे में उच्च स्तरीय अधिकार समिति बनाई गई है, जिसकी रिपोर्ट अभी आनी है। इससे पहले, ग्वालियर स्थित एनसीसी महिला अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में सिंह ने महिला अधिकारियों की दीक्षांत परेड की सलामी ली। देश के विभिन्न राज्यों से आई 112 महिला अधिकारियों को अकादमी में तीन महीने का प्रशिक्षण देकर अधिकारी बनाया गया है।

# चिदंबरम ने अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर सरकार पर निशाना साधा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार की आलोचना की और कटाक्ष करते हुए पूछा कि क्या देश की अर्थव्यवस्था शानदार स्थिति में है? उन्होंने ट्वीट किया, 2022-23 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 6.4 प्रतिशत तय करने के कुछ महीनों के भीतर ही सरकार पीछे हट रही है।

अब सरकार कह रही है कि वह राजकोषीय घाटे को 6.7 प्रतिशत पर रखने का प्रयास करेगी। राजकोषीय घाटे का यही स्तर 2021-22 में भी था। पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम ने यह भी कहा, उच्च राजकोषीय घाटा, उच्च महंगाई, विदेशी पूंजी का बड़े पैमाने पर बाहर जाना, रुपये की कीमत गिरना, विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट...वे इसको लेकर क्या करेंगे? क्या भारतीय अर्थव्यवस्था की यह शानदार स्थिति है?

# अफगानिस्तान में भूकंप से मरने वालों की संख्या 1150 हुई

एजेंसी। गायान (अफगानिस्तान)

**अफगानिस्तान** में शुक्रवार को सरकारी मीडिया में जारी ताजा आंकड़े के अनुसार, भीषण भूकंप के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 1,150 हो गई है। ईंट और पत्थरों से बने घर भूकंप के कारण मलबे में तब्दील हो गए हैं और मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पहले से ही आर्थिक संकट का सामना कर रहे 3.8 करोड़ की आबादी वाले देश में लाखों बच्चों के गंभीर कुपोषण की चपेट में आने का खतरा है।

इस बीच छह तीव्रता वाले भूकंप ने हजारों लोगों का आसरा छीन लिया है। सरकारी मीडिया ने बताया कि बुधवार को आए भूकंप में करीब 3,000 मकान नष्ट हो गए या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय रेड क्रीसेंट और वर्ल्ड फूड प्रोग्राम जैसे सहायता संगठन सबसे कमजोर परिवारों को भोजन और अन्य आपातकालीन जरूरतें जैसे टेंट और सोने के लिए चटाई आदि मुहैया करा रहे हैं। तालिबान निदेशक अब्दुल वाहिद रायन ने शुक्रवार को कहा कि पिछली रिपोर्ट के अनुसार 1,000 लोग मारे गए थे और ताजा रिपोर्ट के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़कर 1,150 हो गई है।

उन्होंने कहा कि कम से कम 1,600 लोग घायल हुए हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने मरने वालों की संख्या 770 बताई है।

गायान जिले में भूकंप से कम से कम 1,000 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। खोस्त प्रांत के स्पेरा जिले में 800 मकानों को नुकसान पहुंचा है, हालांकि आधुनिक इमारतें छह तीव्रता वाले भूकंप का सामना करने में सक्षम हैं, लेकिन मिट्टी-ईंट के बने मकान और भूस्खलन संभावित पहाड़ ऐसे भूकंपों की और अधिक खतरनाक बनाते हैं।

### सहकारी बैंक घोटाला

# ईडी ने की शिवसेना के पूर्व विधायक की संपत्ति कुर्क

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (एमएससीबी) में कथित घोटाले की धन शोधन जांच के सिलसिले में शिवसेना के पूर्व विधायक अर्जुन खोटकर से संबद्ध जालना स्थित एक चीनी मिल की 78.38 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति शुक्रवार को कुर्क की।

ईडी के एक तत्कालिक आदेश जारी करने के बाद जालना सहकारी साखर कारखाना (एसएसके) लिमिटेड से संबद्ध 200 एकड़ से अधिक भूमि और संयंत्र तथा मशीन वाले भवन को कुर्क कर लिया गया। यह कारखाना जिले के सावरगांव हडप गांव में स्थित है। ईडी ने एक बयान में कहा, जालना एसएसके की संपत्ति वर्तमान में अर्जुन शुगर

### अर्जुन खोटकर की 78.38 करोड़ की संपत्ति पर हुई कार्रवाई

इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर है, जो (कंपनी) अर्जुन खोटकर और अन्य ने जालना एसएसके लिमिटेड को खरीदने को लेकर 8 मई को बनाई थी।

खोटकर (60) जालना से शिवसेना के विधायक रह चुके हैं और वह महाराष्ट्र सरकार में मंत्री भी रहे हैं। धन शोधन की यह जांच अगस्त 2019 में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की प्राथमिकी से शुरू हुई है। उस साल 22 अगस्त को बंबई उच्च न्यायालय के एक आदेश के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज की गई थी।

### विधानसभा में शिवसेना का संख्याबल घटा, लेकिन

# शक्ति परीक्षण में बागी विधायक एमवीए का साथ देंगे : राउत

एजेंसी। मुंबई

**शिवसेना** के मंत्री एकनाथ शिंदे की बगावत के बीच पार्टी के सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा में पार्टी का संख्याबल कम हुआ है, हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई की बागी विधायक सदन में विश्वास शक्ति परीक्षण के दौरान राज्य की महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार को समर्थन देंगे। राउत ने कहा संख्या किसी भी वक्त बदल सकती है। उन्होंने कहा कि मुंबई लौटने के बाद ही बागी विधायकों की पार्टी के प्रति वफादारी की असली परीक्षा होगी।

शिवसेना नेता ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार को धमकाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता नारायण राणे पर भी निशाना साधा। हालांकि इस दौरान उन्होंने किसी का

### कहा, बागी विधायक लौटेंगे तो बाला साहेब ठाकरे और शिवसेना के प्रति उनका वफादारी की परीक्षा होगी

### हमें उम्मीद है कि सदन में शक्ति परीक्षण के दौरान बागी एमवीए को समर्थन देंगे

नाम नहीं लिया। शिवसेना से बगावत करने वाले शिंदे पार्टी के 37 विधायकों तथा नौ निर्दलीय विधायकों के साथ फिलहाल गुवाहाटी के एक होटल में हैं। राउत ने पत्रकारों से बातचीत में स्वीकार किया कि बगावत के कारण विधानसभा में पार्टी का संख्याबल कम हुआ है। उन्होंने कहा, बागी गुट



ने पर्याप्त संख्याबल होने का दावा किया है और लोकतंत्र संख्याबल पर चलता है। लेकिन नंबर किसी भी वक्त बदल सकते हैं। जब बागी विधायक लौटेंगे, तो बाला साहेब ठाकरे और शिवसेना के प्रति उनकी वफादारी की परीक्षा होगी। राउत ने कहा कि यह कानूनी लड़ाई है, कुछ नियम हैं और उच्चतम न्यायालय ने दिशा निर्देश हैं। उन्होंने कहा, एमवीए एकजुट है....हमें उम्मीद है कि सदन में शक्ति परीक्षण के दौरान बागी एमवीए को समर्थन देंगे। इससे पहले उन्होंने बातचीत में कहा था कि पार्टी बागी विधायकों के मुंबई लौटने का इंतजार कर रही है।

उन्होंने कहा था, मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को उम्मीद है कि अधिकतर बागी विधायक पार्टी में लौट आएंगे। बागियों को मुंबई लौटना होगा और राज्यपाल से मिलना होगा, इसके बाद विधायकों की गिनती होगी और विश्वास मत होगा। राउत ने ट्वीट करके शरद पवार को धमकी देने के लिए केन्द्रीय मंत्री नारायण राणे पर भी निशाना साधा। उन्होंने किसी का नाम लिए, बिना कहा, क्या भाजपा इस प्रकार की भाषा की इजाजत देती है? सरकारें आएंगी और जाएंगी लेकिन महाराष्ट्र शरद पवार के खिलाफ इस प्रकार की भाषा को बर्दाश्त नहीं करेगा। गौरतलब है कि बृहस्पतिवार को राणे ने पवार पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह शिवसेना के बागी विधायकों को धमका रहे हैं और अगर महाराष्ट्र विधानसभा में उन्हें कुछ होता है तो उसके परिणाम भुगतने होंगे।

### महाराष्ट्र : चार दिन में हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों के कोष जारी करने के आदेश दिए

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना नीत महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन भले ही अस्तित्व के संकट से दो-चार हो रहा है लेकिन सरकार के कई विभागों ने पिछले चार दिन में हजारों करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों के लिए कोष जारी करने के आदेश दिए हैं। ये आदेश सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर मौजूद हैं। 20 से 23 जून के बीच विभागों ने 182 सरकारी आदेश (जीआर) जारी किए, जबकि 17 जून को उन्होंने 107 ऐसे जीआर पारित किए। जीआर, विकास संबंधी कार्यों के लिए कोष जारी करने की मंजूरी देने वाला एक अनिवार्य अनुमोदन आदेश होता है। आंकड़ों के अनुसार, 20 से 23 जून के बीच, सोमवार को सबसे कम 28 जीआर जारी किए गए। अगले दिन 21 जून को 66 जीआर जारी किए गए। पिछले दो दिन में 22 और 23 जून को सरकार ने क्रमश: 44 और 43 आदेश जारी किए। सोमवार से राकांपा और कांग्रेस के नियंत्रण वाले विभागों में जीआर जारी करने की होड़ मच गई और इस अवधि में जारी 182 आदेशों में से 70 प्रतिशत से अधिक आदेश इन दलों द्वारा नियंत्रित विभागों ने ही जारी किए।

# नोएडा एयरपोर्ट का भूमि पूजन, पहले बनेगा रनवे

- हवाईअड्डा भारतीय संस्कृति, आतिथ्य और स्विस टेक्नोलॉजी का संगम होगा
- एयरपोर्ट पूरी तरह से डिजिटल होगा इसके लिए अभी से तैयारी शुरू हुई



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**शुक्रवार** को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। शुक्रवार को इसका भूमि पूजन हुआ है।

नोएडा इंटरनेशनल नोएडा। एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य टाटा प्रोजेक्ट्स को मिला है। जिसके बाद टाटा प्रोटेक्ट्स ने एयरपोर्ट का रनवे बनाने का कार्य सीपी अरोड़ा एलएलपी को दे दिया है। शुक्रवार को प्रोजेक्ट साइट में पहुंचकर टाटा गोल्ड सीपी अरोड़ा एलएलपी के अधिकारियों ने रनवे बनाने के लिए भूमि पूजन किया। इस दौरान दोनों कंपनियों के अधिकारियों ने कहा कि बहुत ही जल्द नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश की जनता को समर्पित हो जाएगा। देश में निर्माण परियोजनाओं पर काम करने के लिए टाटा प्रोजेक्ट का बड़ा नाम है। टाटा ग्रुप की यह कंपनी जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए टर्मिनल, रनवे, एयरसाइड इंफस्ट्रक्चर, सड़कें, मूलभूत सेवाएं, लैंडसाइड फैसिलिटी और एयरपोर्ट के लिए जरूरी इमारतों का निर्माण करेगी। टाटा प्रोजेक्ट्स इस वक्त दिल्ली में संसद भवन की नई इमारत, मुंबई ट्रांस.हार्बर लिंक, ईस्टर्न और वेस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर के अलावा मुंबई, पुणे, दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद और चेन्नई में मेट्रो परियोजनाओं पर काम कर रही है। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से बताया गया है कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा भारतीय संस्कृति, आतिथ्य और स्विस टेक्नोलॉजी का संगम होगा। यह अत्याधुनिक, आत्मनिर्भर और भारतीय परंपराओं से प्रभावित आर्किटेक्चर पर बनेगा।

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि वाईआईएपीएल ने एयरपोर्ट संचालन के लिए डिजिटल पार्टनर के रूप में आईसीएडी होल्डिंग लिमिटेड का चयन किया है। आईसीएडी से मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर एमएसआई के लिए समझौता किया गया है। आईसीएडी कोर एयरपोर्ट सिस्टम को स्थापित करेगी। आईसीएडी ने इन सेवाओं को देने के लिए विप्रो लिमिटेड और यूएसए से रॉस एंड बरुजिनी के साथ भागीदारी की है।कंपनी ने बताया कि इस हवाईअड्डे का निर्माण कुछ इस ढंग से किया जाएगा कि पर्यावरण को बिल्कुल भी नुकसान ना पहुंचेए यह एयरपोर्ट पूरी तरह डिजिटलाइज होगा। यहां से यात्री कॉन्टैक्टलेस यात्रा कर सकेंगे।

परिवारों, बुजुर्गों और उद्यमी यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं इस हवाईअड्डे पर विकसित की जाएंगी। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 25 नंवबर को जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की आधारशिला रखी थी। इस प्रोजेक्ट को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बनाया जा रहा है। ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट एजी पहले चरण में 5700 करोड़ रुपये निवेश कर रही है। इस एयरपोर्ट के 2024 में शुरू होने की उम्मीद है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड को सिविल वर्क आवंटित किया गया है। यह एयरपोर्ट पूरी तरह से डिजिटल होगा। इसके लिए अभी से तैयारी शुरू हो गई है। वाईआईएपीएल ने मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर एमएसआई सलाहकार के रूप में आईसीएडी से समझौता किया है। दुनिया में डिजिटल हवाई अड्डे के निर्माण के लिए आईसीएडी की एक अलग पहचान है।

आईसीएडी के लिए यह दुनिया का 45वां एयरपोर्ट होगा, जहां एमएसआई विकसित करेगी। यह कंपनी अत्याधुनिक तकनीक के साथ हवाई अड्डे के संचालन के लिए इंटीग्रेटेड सिस्टम बनाएगी। कंपनी यात्री सेवाओं, इनडोर नेविगेशन, यात्री भीड़ प्रबंधन और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीक से एयरपोर्ट को लैस करेगी। जेवर एयरपोर्ट में नागरिक उड्डयन मंत्रालय की डिजि ट्रैवेल पॉलिसी के तहत काम होगा। वाईआईएपीएल के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा कि डिजिटल हवाई अड्डे बनाने के लिए आईसीएडी के साथ साझेदारी की है। आईसीएडी के सीईओ घासन सईघ ने कहा कि भारत के सबसे बड़े एयरपोर्ट के साथ मिलकर काम करेंगे। आईसीएडी ने एमएसआई सेवाएं देने के लिए विप्रो लिमिटेड और यूएसए की रॉस एंड बरुजिनी के साथ भागीदारी की है।

## 10वीं क्लास में फेल होने के बाद घर से छात्र गायब

**नोएडा।** हाल ही में यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं क्लास का रिजल्ट आया है। बुलन्दशहर का रहने वाला एक छात्र 10 क्लास में फेल हो गया। जिसके बाद वह गायब हो गया है। इस मामले में छात्र के परिजनों ने दादरी थाने में लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है। छात्र दादरी में स्थित चिटेहरा गांव में अपने एक परिचित से मिलने आया था।

दादरी पुलिस ने बताया कि बुलंदशहर के चरौरा मुस्ताफ ाबाद गांव निवासी सुभाष ने इस बार 10 के एग्जाम दिए थे और वह रिजल्ट में फेल हो गया। घर से 3 दिन पहले परिचित के पास जाने को कहकर चिटेहरा गांव में आ गया था। यही पर 2 दिन रूकने के बाद गांव जाने की बात करहर चला गया, लेकिन अभी तक घर नहीं पहुंचा है। छात्र के ताऊ बाबूलाल ने बताया कि छात्र ने 10 हजार रुपए दोस्त को देने के लिए मांगे थे, लेकिन उसे 5 हजार रुपए दे दिए थे। इसके अलावा परिचित से 20 हजार लिए और उसके बाद फ ोन बंद जा रहा है। घटना की तहरीर पुलिस दादरी पुलिस को दे दी गई है। एसएचओ दादरी राकेश कुमार ने बताया कि पीड़ित परिजनों की शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

# मीना भार्गव के साथ दो अफसरों ने भी छोड़ी कुर्सी

- ऑनलाइन सर्विस शुरू करने में गड़बड़ी की शिकायत से हुई थी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा प्राधिकरण में तैनात जनरल मैनजेर प्लानिंग मीना भार्गव को रिलीव किया गया। उनके साथ वरिष्ठ प्रबंधक मनोज धारीवाल और एनके जैन को भी रिलीव किया गया है। मीना भार्गव और एनके जैन का तबादला यूपीसीडा कानपुर हुआ था।

मनोज धारीवाल का तबादला यमुना प्राधिकरण में किया गया था। तीनों का तबादला करीब एक साल पहले हो गया था, लेकिन उनके बावजूद भी तीनों प्राधिकरण में मलाईदार पद पर तैनात थे। औद्योगिक विकास विभाग ने एक वर्ष से अधिक समय से पहले जीएम प्लानिंग मीना भार्गव और परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक एनके जैन का तबादला यूपीसीडा कानपुर किया था। इसके अलावा परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज धारीवाल का तबादला यमुना प्राधिकरण किया गया था, लेकिन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने किसी को रिलीव नहीं किया था।

तीनों को अब सीईओ सुरेंद्र सिंह ने रिलीव कर दिया है। जीएम प्लानिंग का चार्ज वरिष्ठ प्रबंधक सुधीर कुमार को दिया गया है। हाल ही में प्राधिकरण में ऑनलाइन सर्विस शुरू करने में गड़बड़ी की शिकायत शासन से हुई थी। इसके बाद प्राधिकरण ने इस मामले की जांच के आदेश दिए थे। इस जांच के आदेश के बाद कई अफसरों पर सवाल खड़े किए गए थे।

## ट्रेन की बोगी पर इलेक्ट्रिक तार गिरा, टला बड़ा हादसा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जनपद के खड़खड़ी रेलवे स्टेशन के पास दिल्ली से सहारनपुर जा रही यात्री ट्रेन की बोगी पर इलेक्ट्रिक तार टूटकर गिर गई। इस कारण ट्रेन वहीं रुक गई। तार और रॉड टूट कर टेन के डिब्बे पर गिरने से लोगों में हड़कंप मच गया। ट्रेन रुकते ही यात्री कूद पड़े और दूर खड़े हो गए। बाद में खेकड़ा, बागपत और बड़ौत आदि के यात्री बस से अपने घर के लिए गए।

दिल्ली से वाया खेकड़ा, बागपत रोड होकर सहारनपुर जा रही 04429 इलेक्ट्रिक यात्री ट्रेन जब गाजियाबाद जनपद के खड़खड़ी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। तभी अचानक ट्रेन की बोगी के ऊपर इलेक्ट्रिक तार और उसको संभालने वाली एक रॉड टूटकर गिर गई। इससे ट्रेन वहीं पर रुक गई। तार टूटकर ट्रेन पर गिरने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। यात्री दहशत में ट्रेन की बोगियों से कूदकर बाहर खड़े हो गए।

# डॉक्टर के मकान में लगी भीषण आग 13 लोग फंसे, पुलिस ने बचाई जान

- दमकल की 4 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

पायनियर सामचार सेवा। नोएडा

**सेक्टर**-20 में स्थित एक डॉक्टर के मकान में शुक्रवार सुबह अज्ञात कारणों के चलते भयंकर आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 4 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

आग के चलते आसपास मे रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। आप के चलते घर में फंसे 2 डॉक्टर समेत 13 लोगों को पुलिस ने सकुशल बाहर निकाल लिया है। मुख्य दमकल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के डी-11 में डॉक्टर पीयूष सूद और डॉक्टर के सी सूद का मकान है। ये लोग अपने मकान में क्लीनिक चलाते हैं। शुक्रवार सुबह को अज्ञात कारणों के चलते मकान के दूसरी मंजिल पर भयंकर आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। सीएफओ ने बताया कि मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 4 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।



बचाव कार्य के दौरान घायल हुआ पुलिसकर्मी अस्पताल में भर्ती।

मकान के अंदर डॉक्टर समेत उनके परिवार के 13 लोग फंस गए थे। नोएडा पुलिस और दमकल विभाग ने काफी मशक्कत के बाद उन्हें सकुशल बाहर निकाला है। आग की वजह से निकल रहे धुएं के चलते कुछ लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। उन्हें अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है।

# नौ साल से फरार चल रहा बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे

एजेंसी। गाजियाबाद।

**गैंगस्टर** मामले में पिछले नौ साल से फ रार चल रहे 25 हजार इनामी बदमाश को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित पुलिस से बचने के लिए अलीगढ़, नोएडा, दिल्ली, बंदायू और संम्भल समेत विभिन्न जनपदों में छिपकर रह रहा था।

इसके साथ ही इलेक्ट्रीशीयन, पलम्बर और किराना का काम करता था। जिसे पुलिस पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। मगर पुलिस को कभी भी सफ लता हाथ नहीं ली थी। अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



एसपी क्राइम दीक्षा शर्मा ने बताया कि क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दकी, एसआई योगेन्द्र सिंह, सौरभ शुक्ला प्रभारी एन्टी नारकोटिक्स सैल की संयुक्त टीम ने कौशांबी बस स्टैण्ड लिंक रोड़ के पास अमित शर्मा पुत्र गंगाचरण शर्मा निवासी बसई बिसौली बदायूं को कार समेत गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी दिल्ली से कौशांबी के रास्ते कहीं जाने की फि राक में था,

## करंट लगने से युवक की हुई मौत

**नोएडा।** सूरजपुर में किराए के मकान पर रह रहे एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई है। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल है। मृतक की नाम सोनू है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना थाना सूरजपुर की है। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि सोनू कस्बा सूरजपुर धरम वीर भाटी के मकान में किराए पर रहता था। जहां पर रहकर मृतक एक फैक्ट्री में काम करता था। दरअसलए बीती रात को वह नहाने के बाद लोहे की अलमारी पर गीली तो लिया डाल रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि गीली तोलिया कटे हुए सेटअप बॉक्स की तार को छू गई और इस दौरान सोनू को करंट लग गया।

# यूपी बोर्डः अगले सप्ताह से स्कूलों में अंक पत्र बांटने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड के स्कूलों में अगले सप्ताह से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के अंक पत्र मार्कशीट बंटने लगेगी।

इसको लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। अंक पत्रों को स्कूलो तक भेजने के लिए वर्गीकरण का कार्य चल रहा है। पहले रिजल्ट प्रत्येक बच्चों की ई-मेल आईडी पर भेजने की योजना थी, लेकिन परीक्षा के बाद स्कूल बंद होने के चलते स्कूलों में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की ई.मेल आईडी बनाने में असमर्थता जता दी। ऐसे में 18 जून को परंपरागत तरीके से ही रिजल्ट जारी किया गया था। यूपी बोर्ड परीक्षा में जिले के 37520 विद्यार्थी पंजीकृत थे, इनमें हाईस्कूल के 20511 और इंटरमीडिएट में 17009 परीक्षार्थी थे।

बोर्ड परीक्षा 24 मार्च से 14 अप्रैल तक आयोजित हुई थी। दसवीं में 20510 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, इनमें 19115 ने परीक्षा दी और 18271 सफल और 2239 फेल हो गए। जबकि 12वीं में 17008 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, इनमें से 16096 सफल और 3047 फेल हो गए। बोर्ड परीक्षा में दसवीं का परिणाम 95.58 प्रतिशत रहा और इंटर का 86.74 प्रतिशत रहा है। कुल मिलाकर जनपद का हाईस्कूल में प्रदेश में सबसे बेहतर रिजल्ट रहा था।

# पति से झगड़े के बाद महिला ने बेटे संग खाया जहर

- हालल गंभीर मासूम की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा वेस्ट में रहने वाली एक महिला ने पति से झगड़े के बाद अपने बच्चे को जहर खिलाकर खुद जहर खा लिया। अत्यंत गंभीर हालत में मां.बेटे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर 2 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई है और महिला की हालत नाजुक बनी हुई है।

पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित सुपरटेक इको विलेज सोसायटी में रहने वाली एक महिला का 2 दिन पहले उसके पति से किसी बात को लेकर विवाद हो



गया था। महिला ने पति से हुए झगड़े के बाद अपने बेटे शिवम को जहर खिलाकर खुद जहर खा लिया। अत्यंत गंभीर हालत में महिला और उसके बच्चे को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

पुलिस ने बताया कि वहां से बच्चे की बिगड़ती हालत को देखते हुए ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में रेफ र किया गया। वहां पर 2 वर्षीय शिवम की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हत्या करके मामले को सड़क हादसे का रूप देने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** अपराध शाखा-आपराधिक जांच विभाग (सीबीसीआईडी) ने नोएडा में एक युवक की कथित रूप से हत्या करके मामले को सड़क हादसे का रूप देने के आरोपी एक व्यक्ति को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ गैर इरादत हत्या का मामला दर्ज किया। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रणविजय सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के सेक्टर 15-ए के पास 22 जून, 2019 को मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे दो लोग कथित रूप से सड़क हादसे का शिकार हो गए थे। उनमें से एक युवक की मौत हो गई थी। मृतक की पहचान तन्मय राय के रूप में की गई थी। उन्होंने बताया कि तन्मय राय की मां पुष्पा राय ने शिकायत की थी कि उसके बेटे की मौत सड़क दुर्घटना में नहीं हुई है, बल्कि उसकी हत्या की गई है। सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच सीबीसीआईडी को सौंपी, जिसने इस घटना को सड़क दुर्घटना के बजाय गैर इरादतन हत्या का मामला माना।

# सरकारी स्कूल के बच्चे खुद उगाएंगे सब्जियां

- 210 विद्यालयों में किचन गार्डन बनेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** और ग्रेटर नोएडा के सरकारी स्कूलों में बच्चों को पौष्टिक आहार खिलाने के लिए केन्द्र सरकार ने एक खास मुहिम निकाली है।

गौतमबुद्ध नगर 511 सरकारी स्कूल हैं। इनमें से 210 स्कूलों में किचन गार्डन बनाए जाएंगे। सरकारी स्कूलों में छात्रों को खराब भोजन मिलने की समस्या हमेशा से ही सामने आती है, लेकिन अब नोएडा सरकारी स्कूल में जाने छात्र.छात्रों और माता-पिता की टेंशन दूर होने का समय आ गया है। अब जिले के नोएडा सरकारी स्कूलों में किचन गार्डन बनाया गया है। वर्तमान में 511 प्राथमिकए उच्च प्राथमिक और तीन कस्तूरबा गांधी स्कूल है। इसमें 90 हजार से अधिक छात्रों को



शिक्षा दी जा रही है।

पहले चरण में 210 स्कूलों में किचन गार्डन बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा निकाली गई है। इस मुहिम का नाम केन्द्र सरकार ने स्कूल न्यूट्रिशन गार्डन रखा है। जिससे बच्चों को अच्छा पोषणयुक्त भोजन मिल मिलेगा। जिले के 210 स्कूलों में हरी सब्जियां बोई जा रही है। स्कूल में बोई सब्जियों की जिम्मेदारी भी छात्रों के हाथ में दी गई है। जिसके लिए सरकार की ओर से प्रत्येक स्कूल को पांच हजार की धनराशि दी गई है। बीएसए ऐश्वर्या लक्ष्मी ने इस विषय में बताया कि बच्चों को मौसमी सब्जियों में मिलने वाले पोषक तत्वों के बारे में जानकारी देना है। 50 फ ीसदी स्कूलों में किचन गार्डन की जमीन तय कर सब्जियों को उगना शुरू कर दिया गया है। किचन गार्डन में शलजम, पालक, सरसो, फू लगोभी, सोया, धनिया, चुकंदर, गाजर, मूली, भिंडी, बैगन और सेम आदि सब्जियां उगाई जाएंगी।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

आर्थिक दिक्कतें परेशानी का सबब बन सकती हैं। नई आर्थिक योजनाओं से होगा कोई भी फैसला करने से पहले अच्छाइयों और कमियों पर सावधानी से गौर फरमाएं। घर वाले आपको प्यार और सहयोग देंगे। प्यार के नजरिए से दिन काफी विवादास्पद रहेगा। दफ्तर में काम कई तरीके से असर दिखाएगा। नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे जिन कामों को करने के लिए चुनेंगे।

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

**भाग्यांक : 2**

**विशेष :** भगवान गणेश जी की आराधना करें।

### वृष

खुद को पूरा दिन एनर्जेटिक महसूस करेंगे इसी एनर्जी के प्रयोग से ऑफिस में रुका हुआ काम समय पर पूरा कर लेंगे। स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा है। लवमेट के लिए दिन बढ़िया रहेगा। लोग आपसे ज्यादा उम्मीद रख सकते हैं। निवेश के मामले में कोई अच्छी सलाह मिल सकती है। रुके हुए काम पूरे होंगे। किसी के साथ कहासुनी भी हो सकती है।

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

**भाग्यांक : 1**

**विशेष :** सफेद रंग का रुमाल जेब में रखें।

### मिथुन

मानसिक और नैतिक शिक्षा के साथ शारीरिक शिक्षा भी लें। याद रखें कि एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ दिमाग निवास करता है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। छोटे बच्चे व्यस्त रखेंगे और दिली सुकून देंगे। भावनात्मक उथल-पुथल परेशान कर सकती है। लगता है विरष्ठ आज देवदूतों जैसा व्यवहार करने वाले हैं। उन लोगों की तरफ़ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो मदद की गुहार करेंगे।

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

**भाग्यांक : 8**

**विशेष :** चिड़ियों के लिए पानी भरकर रखें।

### कर्क

मित्र के साथ घूमने-फिरने का प्लान बना सकते है। जीवनसाथी से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। बच्चों को होमवर्क पूरा न होने पर ट्यूशन टीचर्स से थोड़ी डांट पड़ सकती है। परिवारवालों के साथ टाइम स्पेंड करने पर सभी मिसअंडरस्टैंडिंग दूर हो जाएंगी। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा। आज के दिन सभी दु:खों का निवारण होगा। लोग आपसे राय मांगेंगे और जो भी आप कहेंगे, उसे बिना सोचे मान लेंगे।

(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

**भाग्यांक : 3**

**विशेष :** लकड़ी की चौकी पर बैठकर खाना खाएं।

### सिंह

आज आप अपने चारों तरफ के लोगों के बर्ताव के चलते खीज महसूस करेंगे। गलतफहमी के चलते आपके और आपके प्रिय के बीच थोड़ी दरार पड़ सकती है। आपको याद रखना चाहिए कि प्यार में भी संजीदगी की जरूरत होती है और इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। कार्यक्षेत्र की बात करें तो आपकी टीम का सबसे ज्यादा खीझने वाला व्यक्ति काफी समझदारी की बातें करता नजर आ सकता है। जल्दबाजी में फैसले न करें, ताकि जिंदगी में आगे आपको पछताना न पड़े।

(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

**भाग्यांक : 1**

**विशेष :** सात बार हनुमान चालीसा का पाठ करें।

### कन्या

दिन आपके लिए बेहतरीन पल लेकर आयेगा। व्यापारी वर्ग को धन लाभ हो सकता है। सिविल इंजीनियर्स स्टूडेंट्स को कंपनी से जॉब के लिए कॉल या ईमेल आ सकती है। मित्र से अनबन हुई है, तो फ्रेंडशिप करने के लिए दिन अच्छा है। विवाहित पार्क में पिकनिक के लिए जाएंगे। समस्याओं का निवारण होगा। नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे जिन कामों को करने के लिए चुनेंगे, वे उम्मीद से ज्यादा फायदा देंगे। सेहत के प्रति सावधानी बरतें।

(टो ,पा, पी, पू, ष, श, ण, ठ, पे, पो)

**भाग्यांक : 8**

**विशेष :** सतनाजा की रोटी बनाकर पक्षियों में डालें।

### तुला

आज परिवार के साथ खुशी के कुछ पल बिताने की जरूरत है। संदिग्ध आर्थिक लेन-देन में फंसने से सावधान रहें। जिन लोगों से आपकी मुलाकात कभी-कभी ही होती है, उनसे बातचीत और संपर्क करने के लिए अच्छा दिन है। प्रेम-प्रसंग के बारे में इधर-उधर ज्यादा बातें न करें। यकीन करते हैं कि वक्त ही पैसा है तो क्षमताओं को शीर्ष पर पहुंचाने के लिए जरूरी कदम उठाने होंगे।

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

**भाग्यांक : 2**

**विशेष :** मंदिर में भगवान को इत्र अर्पित करें।

### वृश्चिक

दिन यात्रा में बीतेगा। कारोबार के सिलसिले में विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है, यात्रा पर जाते समय जरूरी कागजात ले जाना न भूलें। घर में रिश्तेदार के आने से खुशी का माहौल बनेगा। रूठे हुए मित्र को मनाने के लिए दिन अच्छा है। रेस्टोरेंट में जाने का प्लान भी बना सकते हैं। सामने आयी परेशानियां दूर हो जाएंगी। जल्दबाजी में फैसले न करें, ताकि जिंदगी में आगे आपको पछताना न पड़े।

तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

**भाग्यांक : 4**

**विशेष :** जेब मैं पीला रुमाल रखें।

### धनु

सेहत के नजरिए से वक्त थोड़ा ठीक नहीं है। जो आप खाएं उसके प्रति सावधान रहें। आप पैसा बना सकते हैं, जमा-पूंजी पारम्परिक तौर पर निवेश करें। रोजमर्रा के कामों से छुट्टी लेकर दोस्तों के साथ घूमने का कार्यक्रम बनाना चाहिए। मुमकिन है कि आज आपकी आंखें किसी से चार हो जाएं। सामाजिक दायरे में उठेंगे-बैठेंगे तो। प्रतिस्पर्धा के चलते काम-काज की अधिकता थकावट भरी हो सकती है।

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

**भाग्यांक : 1**

**विशेष :** गणेश जी को बेसन के लड्डू का भोग लगाएं।

### मकर

दिन आपके लिए काफी अच्छा है। काबीलियत को देखकर कई लोग प्रभावित होंगे। घर में रखे पुराने टीवी या फ्रिज को बेचने पर उम्मीद से ज्यादा पैस मिल सकते हैं। मित्र से थोड़ी अनबन हो सकती है, बेहतर होगा फालतू की बहस करने से बचें। संगीत से जुड़े लोगों को सुनहरे अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं। जरुरतमंद को वस्त्र दान करें, आर्थिक पक्ष मजबूत होंगे। ध्यान रखें कि घर के बड़े बुजुर्गों का भी मान-सम्मान बना रहे।

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

**भाग्यांक : 1**

**विशेष :** शनि देव की आराधना करें।

### कुंभ

मनमौजी और जिद्दी स्वभाव को काबू में रखें, खास तौर पर किसी जलसे या पार्टी में। क्योंकि ऐसा न करने पर वहां का माहौल तनावग्रस्त हो सकता है। पुराने निवेशों के चलते आय में बढ़ोत्तरी नजर आ रही है। घर में वाद-विवाद परिवार के सदस्यों के साथ तल्खी की ओर ले जाएगा। निजी मसले नियंत्रण में रहेंगे। दिवास्वप्नों में समय खपाना नुकसानदेह रहेगा, इस मुगालते में न रहें कि दूसरे आपका काम करेंगे।

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

**भाग्यांक : 7**

**विशेष :** भुना हुआ आटा चीटियों को डालें।

### मीन

दिन सामान्य रहेगा। परिवार में पार्टी का आयोजन करने से सभी सदस्यों में तारतम्य बना रहेगा। नये काम को शुरू करने से पहले माता-पिता की राय लेना अच्छा रहेगा। सोसाइटी के लोग सामाजिक कार्यों से खुश रहेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए दिन फायदेमंद रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल है। गुरु का आशीर्वाद लें, काम में सफलता हासिल होगी।

(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

**भाग्यांक : 5**

**विशेष :** पीपल के वृक्ष के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाएं।

**नोट :** कुंडलियों व राशियों के ग्रहों के आधार पर जीवन में घटित हो रही घटनाओं में भिन्नता हो सकती है। जानकारी के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

**वार्म अप करने पर मांसपेशियों में पोषक तत्वों व रक्त का संचार बेहतर तरीके से होता है। इससे सभी अंगों को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन मिलती है। साथ ही वार्म अप करने से ह्रदय और श्वास की गति बढ़ती है, जो ह्रदय और श्वसन प्रणाली के लिए फायदेमंद है।**

# बस कुछ मिनट वार्म अप कर शरीर को रखें स्वस्थ



शरीर को स्वस्थ रखने के लिए ज्यादा सोच-विचार करने की जरूरत नहीं है। आप प्रतिदिन बस कुछ मिनट वार्म अप कर शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। वार्म अप का असर पूरे शरीर पर होता है, जिससे कई शारीरिक और मानसिक समस्याओं को दूर रखने में मदद मिल सकती है। वार्म अप करने के साथ-साथ स्वस्थ आहार का सेवन करना भी जरूरी है।

वार्म अप करने पर मांसपेशियों में पोषक तत्वों व रक्त का संचार बेहतर तरीके से होता है। इससे सभी अंगों को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन मिलती है। साथ ही वार्म अप करने से ह्रदय और श्वास की गति बढ़ती है, जो ह्रदय और श्वसन प्रणाली के लिए फायदेमंद है। वार्म अप के पूरे फायदे लेने के लिए इसे कम से कम 5 से 10 मिनट तक करना चाहिए। इसकी शुरुआत धीरे-धीरे करें और फिर बाद में स्पीड बढ़ाएं। कुछ वार्म अप एक्सरसाइज मुख्य रूप से ह्रदय के बेहतर स्वास्थ्य के लिए की जाती हैं। वार्म अप करने के बाद शरीर में पैदा हुई गर्माहट से मांसपेशियां खुल जाती है, जिससे शरीर को स्ट्रेच करने में मदद मिलती है। वार्म अप से कई शारीरिक और मानसिक लाभ हो सकते हैं।

## वार्म अप के प्रकार

वैसे तो वार्म अप के कई तरीके होते हैं, जिनमें से कुछ के बारे में हम बता रहे हैं। इसे आप अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं।


**जॉगिंग और रनिंग :** नियमित मॉर्निंग वॉक, जॉगिंग (धीरे-धीरे दौड़ना) और रनिंग वार्म अप करने का सबसे आसान तरीका है। इसे करने से पूरा शरीर वार्म अप हो जाता है। अगर आपके घर के आसपास कोई मैदान है, तो आप वहां जाकर जॉगिंग या रनिंग कर सकते हैं। जॉगिंग करते समय आप दोनों हाथों की मूवमेंट भी अच्छी तरह करें।

**स्ट्रेचिंग :** स्ट्रेचिंग भी अच्छा वार्म अप का तरीका है। इससे मांसपेशियों में खिंचाव आता है। ज्यादातर लोग व्यायाम शुरू करने से पहले स्ट्रेचिंग करते हैं, ताकि व्यायाम के बेहतर परिणाम नजर आ सकें। स्ट्रेचिंग से शरीर को लचीला बनाने में भी मदद मिल सकती है। इसे आप किसी समतल स्थान में खड़ा होकर करें। खिलाड़ी भी मैदान पर उतरने से पहले स्ट्रेचिंग जरूर करते हैं।

**जंपिंग या रस्सी कूदना :** जंपिंग या रस्सी कूदने से भी शरीर को वार्म अप किया जा सकता है। आप इसे किसी समतल स्थान पर करें। अगर रस्सी का उपयोग कर रहे हैं, तो शुरुआत में सावधानी पूर्वक करें, क्योंकि कई बार रस्सी पैर में फंस सकती है। इससे गिरने का जोखिम बना रहता है। रस्सी कूदने के फायदे और शरीर का वार्म अप इसे सही तरीके से करने पर ही होगा।

**मार्चिंग :** यह भी वार्म अप का एक तरीका है। इसका अधिकतर लाभ पैरों को होता है। इसे करने के लिए आप सीधा खड़े हो जाएं और फिर एक-एक करके अपने दोनों पैरों घुटनों से मोड़ते हुए 90 डिग्री तक ऊपर उठाएं। आपके तलवे नीचे जमीन की तरफ होने चाहिए।

**साइकलिंग :** अगर आप कभी जिम जाएं, तो आप वहां देखेंगे कि वर्कआउट शुरू करने से पहले लोग साइकलिंग जरूर करते हैं। साइकलिंग वार्म अप का अच्छा तरीका होता है। इससे पैरों की मांसपेशियों में खिंचाव होता है। यह एक्सरसाइज करने और उसके बेहतर परिणाम के लिए मददगार साबित होती है।



**अपर बॉडी वार्म अप :** यह वार्म अप शरीर के ऊपरी भाग के लिए होता है। इसे करने के लिए आप सबसे पहले सीधा खड़े हो जाएं। उसके बाद दोनों पैरों को कंधों की चौड़ाई जितना फैला लें। फिर दोनों हाथों को कंधे के बराबर फैला लें। इसके बाद पैरों को स्थिर रख कर कमर व कमर से ऊपर वाले हिस्से को बाएं ओर मोड़ें। कुछ सेकेंड इसी स्थिति में रहें। फिर सीधे हो जाएं और बाद में दाईं ओर मुड़ें। इसे दोनों तरफ 5 से 8 बार तक कर सकते हैं।

## वार्म अप करने के फायदे

**इसमें** कोई शक नहीं की वार्म अप करने से कई शारीरिक लाभ हो सकते हैं। बस इस बात को ध्यान में रखने की जरूरत है कि वार्म अप को सही तरह से किया जा रहा है या नहीं। वार्म अप करने के लाभ इस तरह से हो सकते हैं।

**लचीलेपन को बढ़ावा :** वार्म अप करने से शरीर को कई फायदे हो सकते हैं, जिनमें से एक शरीर के लचीलेपन का बढ़ना भी है। वार्म अप से शरीर के गर्म होने पर मांसपेशियां खुलती हैं। इससे शरीर लचीला बनता है। प्रतिदिन वार्म अप करने पर इसका असर आपको जल्दी नजर आने लगेगा। यही कारण है कि योग करने से पहले भी लोग वार्म अप जरूर करते हैं, ताकि शरीर, हाथ और पैर की गतिविधि में किसी तरह की तकलीफ न हो।

**चोट के जोखिम को कम करना :** चोट के जोखिम को कम करने में भी वार्म अप के फायदे हो सकते हैं। एनसीबीआई (National Center for Biotechnology Information) की वेबसाइट पर प्रकाशित एक अध्ययन में बताया गया है कि एथलीट और खिलाड़ी अभ्यास करने से पहले वार्म-अप और स्ट्रेचिंग जरूर करते हैं। इनसे शारीरिक प्रदर्शन को बेहतर करने और खेल के दौरान लगने वाली चोट को रोकने में मदद मिल सकती है। वार्म अप से मस्कुलोस्केलेटल इंजरी (टिश्यू से संबंधित चोट) के जोखिम को कम किया जा सकता है।

**रक्त संचार और ऑक्सीजन को बढ़ावा :** वार्म अप के फायदे शरीर में रक्त और ऑक्सीजन के संचार को बढ़ाने के लिए भी हो सकते हैं। एक वैज्ञानिक शोध में यह बताया गया है कि वार्म अप और व्यायाम के बाद शरीर में जो गर्मी पैदा होती है, वह मांसपेशियों के तापमान को बढ़ाती है और रक्त को प्रवाहित करने का काम कर सकती है। इससे रक्त को पूरे शरीर में संचारित होने में मदद मिल सकती है। यह जानकारी एनसीबीआई की वेबसाइट पर प्रकाशित एक रिसर्च पेपर में उपलब्ध है।

**मांसपेशियों के तनाव और दर्द में कमी :** वार्म अप करने के तरीके सही होने पर मांसपेशियों के तनाव और दर्द को कम करने में मदद मिल सकती है। एनसीबीआई की ओर से प्रकाशित एक शोध के मुताबिक, वार्म अप के समय मांसपेशियों में खिंचाव आता है, जो इसके तनाव और दर्द को कम करने में मदद कर सकता है। इसलिए, मांसपेशियों के तनाव और दर्द को कम करने के लिए वार्म अप के फायदे हो सकते हैं। इस संबंध में अभी और वैज्ञानिक शोध की आवश्यकता है।

# इन पांच तरीकों से दें अपने टीवी पैनल को आकर्षक लुक



**आजकल** ज्यादातर घरों में टीवी को दीवार पर टांगा जाता है। वहीं, टीवी के आसपास की दीवार को भी सजाने का चलन जोरों पर है। लोग अपनी पसंद और बजट के हिसाब से टीवी प्लेस को सजाते हैं। वैसे टीवी पैनल को सजाने के लिए आजकल पेटिंग और प्रिंटेट माइका काफी चलन में है। इसके अलावा भी कई तरीको से इसे सजाया जाता है। तो आइए जानते हैं इसे डेकोरेट करने के कुछ तरीकों के बारे में।

## प्रिंटेड मायका का इस्तेमाल

अगर हम पैनलिंग के लिए प्रिंटेट माइका की बात करें तो इससे दीवार को हाइलाइट किया जाता है। इससे 3डी स्टाइल में टीवी पैनलिंग को सजाया जाता है। ध्यान रखें कि अगर टीवी वाली दीवार लाइट कलर की है तो बाकी की दीवारों पर डार्क कलर कराएं।

## थ्री डी वॉलपेपर का इस्तेमाल

आजकल थ्री डी वॉलपेपर का चलन काफी जोरो पर है। आप चाहे तो जिस दीवार पर टीवी लगा है उस दीवार पर इस तरह का वॉलपेपर लगवा सकती हैं। ये आपके घर को बिल्कुल डिफरेंट लुक देगा और टीवी देखने का मजा भी बढ़ाएगा।

## कुछ और तरीके

- टीवी पैनलिंग के लिए आप कप बोर्ड का इस्तेमाल कर सकती हैं। ये जहां दिखने में शानदार लगती है वहीं आप इसमें अपनी पसंद की चीजें भी सजा सकती हैं।
- टीवी एरिया को सजाने के लिए और कलरफुल लुक देने के लिए आप आप कॉपर पेंटिंग का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह की पेटिंग घर को ट्रेंडी और क्लासी लुक देती है।
- आजकल वुडन की दीवार का चलन जोरो पर है और ये दिखने में भी क्लासी लगती हैं। इस तरह की दीवार को आपको ज्यादा सजाने की जरूरत नहीं पड़ती। ये सिंपल ही अच्छी लगती हैं।

# जरूरी कागजों के रखरखाव के लिए आजमाएं ये आसान तरीके

**हम सभी के घर में कुछ जरूरी कागजात होते ही हैं, जिन्हें हम फाइलों में रखते हैं। बच्चे की मार्कशीट से लेकर बिजली का बिल और पहचान के अन्य जरूरी कागजात और उनकी फोटोकॉपी को लोग फाइलों में संभालकर रखते हैं।**



**हम** सभी के घर में कुछ जरूरी कागजात होते ही हैं, जिन्हें हम फाइलों में रखते हैं। बच्चे की मार्कशीट से लेकर बिजली का बिल और पहचान के अन्य जरूरी कागजात और उनकी फोटोकॉपी को लोग फाइलों में संभालकर रखते हैं। इतना ही नहीं, पिछले कुछ वक्त से जब वर्क फ्रॉम होम का चलन काफी बढ़ा है तो घरों में इन फाइलों की संख्या भी बढ़ी है। ऑफिस के प्रोजेक्ट्स की फाइलों को भी लोग घर पर ही रख रहे हैं। हालांकि काफी सारी फाइलें हो जाने के बाद उन्हें सही तरह से आर्गेनाइज करना काफी मुश्किल हो जाता है। लेकिन अगर घर में फाइलें सही तरह से आर्गेनाइज करके रखी जाती हैं, तो इससे घर भी बिखरा-बिखरा नजर नहीं आता और समय पर ढूंढने में भी आसानी होती है। तो चलिए जानते हैं कि घर में फाइलों को आर्गेनाइज करने के लिए आप किन तरीकों का सहारा ले सकती हैं।

## बनाएं अलग कैबिनेट

अगर आपके पास काफी अधिक फाइलें हैं, तो बेहतर होगा कि आप उन्हें टेबल पर रखने की जगह एक अलग कैबिनेट बनाएं और उसमें ही अपनी सभी जरूरी फाइलें रखें। इस तरह जब आपको कभी भी उन फाइलों की जरूरत होगी, तो आप आसानी से कैबिनेट से निकाल पाएंगी।

## करें लेबलिंग

अगर आपके पास फाइलों का भंडार है और आप उसे एक कैबिनेट में रखने की सोच रही हैं, तो हर बार आपको अपनी जरूरी फाइल निकालने के लिए कुछ वक्त तो बर्बाद करना ही पड़ेगा। इस स्थिति से बचने और घर में फाइलों को बेहतर तरीके से आर्गेनाइज करने का सबसे अच्छा तरीका है लेबलिंग करना। इसके लिए आप फाइल के उपर कुछ तरह से लेबलिंग करें कि जब भी आप कैबिनेट खोलें, आपको दूर से ही समझ आ जाए कि कौन सी फाइल में कौन से डॉक्यूमेंट रखे हैं।

## कलर कोड सिस्टम

अगर आप अपने घर में फाइलों का ढेर इकट्ठा नहीं करना चाहतीं और आपके इतने डॉक्यूमेंट भी नहीं है कि आपको कई सारी फाइलों की जरूरत पड़े, तो ऐसे में आप अपनी जरूरत के अनुसार तीन-चार अलग-अलग कलर की बड़ी फाइलें लें और कलर के आधार पर आप एक फाइल में घर के जरूरी कागजात, दूसरे में ऑफिस के डॉक्यूमेंट और तीसरे में पर्सनल आईडेंटिडी से जुड़े कागज रखें।



## डेस्क आर्गेनाइजर का सहारा

कई बार कुछ डॉक्यूमेंट की जरूरत बार-बार पड़ती है, ऐसे में उठकर कैबिनेट से फाइल निकालना काफी इरिटेटिंग लगता है। ऐसे में अक्सर कागज को टेबल के कपड़े के नीचे या फिर साइड ड्राअर में रख देते हैं, जिससे उनके खोने का खतरा रहता है। इस स्थिति से बचने का एक तरीका है डेस्क आर्गेनाइजर। बेहतर होगा कि आप डेस्क पर एक डेस्क आर्गेनाइजर रखें और जरूरी कागजों को उसमें रखें।

# आपके रिश्ते को मजबूत बनाएंगे ये टिप्स, दूर होगा तनाव



**रिलेशनशिप** को बेहतर बनाएं रखने के लिए छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना पड़ता है। किसी के द्वारा की गई छोटी सी भूल भी लड़ाई-झगड़े पैदा कर सकती है। यही छोटे-मोटे झगड़े आगे चल कर रिश्ते में तनाव का कारण बनते है। ऐसे में आज हम आपको ऐसे रिलेशनशिप टिप्स बताएंगे जिसे फॉलो कर आप अपने पार्टनर के साथ अपने रिश्ते को गहरा और मजबूत बना सकते है।

## पार्टनर को दें समय

अच्छे रिलेशनशिप में प्यार बरकरार रखने के लिए एक-दूसरे को पूरा समय देना बेहद जरूरी है। चाहे आप कितना भी बिजी क्यों न हो अपने घर-परिवार के लिए जरूर समय निकाले क्योंकि कोई भी रिश्ता तभी मजबूत बनता है, जब दोनों एक-दूसरे को पूरा वक्त दें।

## हर बात को अहमियत दें

किसी भी रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए पार्टनर की हर छोटी-बड़ी चीजों का ध्यान रखें। उन्हें नजरअंदाज न करे बल्कि उनके साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करें। एक साथ बैठ कर दिनभर की बातें करें। ऐसा करने से आपके रिश्ते में और भी मिठास आएगी।

## पार्टनर को सम्मान दें

आप जितना प्यार, सम्मान अपने पार्टनर से चाहते है बदले में उन्हें भी उतना ही आदर और सत्कार दें। अगर किसी कारण दोनों में अनबन हो भी जाएं तो उनसे झगड़ने की जगह प्यार से प्रॉब्लम का हल ढूंढे।



**किसी भी रिलेशनशिप को स्ट्रांग बनाने के लिए प्यार से बात करना बहुत जरूरी है। असल में हमारा स्वाभाव ही हमें दूसरों से अलग पहचान देता है।**

## प्यार से करें बात

किसी भी रिलेशनशिप को स्ट्रांग बनाने के लिए प्यार से बात करना बहुत जरूरी है। असल में हमारा स्वाभाव ही हमें दूसरों से अलग पहचान देता है। ऐसे में हमेशा खुश और शांत रहें। पार्टनर की किसी गलती पर उनसे गुस्सा होने की जगह प्यार से उन्हें उनकी गलती बताएं।

# भारत को श्रीलंका के खिलाफ शीर्ष क्रम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

## भारतीय महिला टीम आज दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी

**पहले मैच में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से टीम ने की थी जीत दर्ज**



**एजेंसी। दांबुला**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम शनिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद लगाकर तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी।

भारत ने गुरुवार को पहले टी20 में 34 रन से जीत दर्ज करके दौरे की सकारात्मक शुरुआत की। भारतीय टीम शनिवार को अब न सिर्फ श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगी बल्कि अपने कमजोर पक्षों पर गौर करके बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले जीत की लय जारी रखने का प्रयास भी करेगी। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त के बीच होगा। इन खेलों में पहली बार महिला क्रिकेट को टी20 प्रारूप में शामिल किया गया है। भारत पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 138 रन ही बना पाया था लेकिन बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से वह जीत दर्ज करने में सफल रहा। लेकिन भारतीय बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। शैफाली वर्मा (31 रन), कप्तान हरमनप्रीत कौर (22) और ऋचा घोष (11) सभी को अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलना होगा।

हरमनप्रीत पिछले मैच में नाकाम रहने के कारण सबसे छोटे प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने के मिताली राज के रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाई थी जिसके लिए उन्हें 24 रन की जरूरत है। हाल में संन्यास लेने वाली मिताली ने 89 मैचों में 2364 रन बनाए हैं। उपकप्तान स्मृति मंधाना और सभिनेनी मेघना पिछले मैच में नहीं चल पाई थी। भारत को अगर बड़ा स्कोर बनाना है तो इन दोनों को बड़ी पारी खेलनी होगी। भारत यदि सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच पाया तो उसका श्रेय जेमिमा रोड्रिगेज (27 गेंदों पर नाबाद 36 रन) और दीप्ति शर्मा (आठ गेंदों में नाबाद 17 रन) को जाता है। भारत शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों से भी इसी तरह का प्रदर्शन चाहेगा। दूसरी ओर भारतीय गेंदबाजों में ने अच्छा प्रदर्शन किया। राधा (22 रन देकर दो), दीप्ति (नौ रन देकर एक) और कामचलाऊ स्पिनर शैफाली (10 रन देकर एक) की स्पिन तिकड़ी ने शानदार खेल दिखाया।

### श्रीलंका के स्पिनर भी मैच में अहम भूमिका निभाएंगे

तीनों टी20 मैच एक ही स्थल पर होने से दोनों टीमों के स्पिनर अहम भूमिका निभाएंगे। श्रीलंका को भी अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पहले मैच में मध्यक्रम की बल्लेबाज कविशा दिलहारी (नाबाद 47) क्रीज पर डटी रही लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई सहयोग नहीं मिला। गेंदबाजी में इनोका रणवीरा (30 रन देकर तीन) और ओशादी रणसिंघे (22 रन देकर दो) की स्पिन जोड़ी ने भारतीय बल्लेबाजों को बांधे रखा। उन्हें अन्य गेंदबाजों से भी सहयोग की जरूरत पड़ेगी।

### टीम इस प्रकार

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), सिमरन बहादुर, यास्तिका भाटिया, राजेश्वरी गायकवाड़, ऋचा घोष (विकेटकीपर), सभिनेनी मेघना, मेघना सिंह, पूनम यादव, रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिगेज, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, राधा यादव।

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), निलाक्षी डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, विशमी गुणरत्ने, अमा कंचना, हंसिमा करुणारत्ने, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, हर्षिता मदवी, हसीनी परेरा, उदेशिका प्रबोधनी, ओशादी रणसिंघे, सत्य संदीपनी, अनुष्का रणवीरा, इनोका संजीवनी, मालशा शहानी, थारिका सेवंडी।

**मैच दोपहर दो बजे शुरू होगा।**



**हज यात्रा पर जाने के कारण**

# भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में नहीं खेलेंगे राशिद

**एजेंसी। लंदन**

**इंग्लैंड** एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने आदिल राशिद को मक्का की हज यात्रा करने की अनुमति दे दी है, जिससे यह लेग स्पिनर अगले महीने भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएगा।

राशिद शनिवार को सऊदी अरब के लिए रवाना होंगे जिसका मतलब है कि वह यॉर्कशर की तरफ से टी20 ब्लास्ट के अंतिम चरण के मैचों में भी नहीं खेल पाएंगे। राशिद ने कहा, मैं पिछले कुछ समय से हज यात्रा पर जाना चाहता था, लेकिन उचित समय नहीं मिल रहा था। इस साल मुझे लगा कि यह कुछ ऐसा है जो मुझे करना था, कुछ ऐसा जो मैं करना भी चाहता था। उन्होंने कहा, मैंने इस बारे में ईसीबी और यॉर्कशर से बात की और वे मेरी बात को समझ गए। उन्होंने कहा कि आपको ऐसा (हज यात्रा) करना चाहिए। मैं कुछ सप्ताह तक वहां रहूंगा। राशिद इंग्लैंड के हाल ही में समाप्त हुए नीदरलैंड दौरे का हिस्सा थे, जहां उनकी टीम ने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 3-0 से जीती। राशिद ने कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ा पल है। प्रत्येक धर्म की अपनी अलग चीज होती है, लेकिन इस्लाम और एक मुसलमान होने के नाते हमारे लिए हज यात्रा सबसे महत्वपूर्ण है।

### आंद्रीस्कू पहली बार ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**बैड होमबर्ग।** बियांका आंद्रीस्कू ने बैड होमबर्ग ओपन टेनिस टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त डारिया कसातकिना को 6-4, 6-1 से हराकर अपने करियर में पहली बार घसियाले कोर्ट पर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पूर्व यूएस ओपन चैंपियन आंद्रीस्कू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच बार कसातकिना की सर्विस तोड़ी। कनाडा की इस खिलाड़ी ने अपना आखिरी खिताब 2019 में यूएस ओपन के रूप में जीता था। उनका अगला मुकाबला सिमोना हालेप से होगा, जिन्होंने अमांडा अनिसिमोवा पर 6-2, 6-1 से आसान जीत दर्ज की।मौजूदा चैंपियन एंजेलिक कर्बर को बैड होमबर्ग में पहली बार हार झेलनी पड़ी। उन्हें अलिजे कॉर्नेट ने 6-4, 2-6, 6-1 से हराया। कॉर्नेट सेमीफाइनल में कैरोलिन गार्सिया से भिड़ेगी, जिन्होंने सबाइन लिसिकी को 6-3, 7-6 (7) से शिकस्त दी।

## संक्षिप्त समाचार

### मालोर्का के क्वार्टर फाइनल में बॉतिस्ता आगुट से हारे मदवेदेव



**पाल्म।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव मालोर्का टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में रॉबर्टो बॉतिस्ता आगुट से सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गए, जिससे उनका इस सत्र में घसियाले कोर्ट पर खिताब जीतने का सपना टूट गया। विश्व में 20वीं रैंकिंग के बॉतिस्ता आगुट ने मेदवेदेव 6-3, 6-2 से हराया। रूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध के कारण मेदवेदेव विंबलडन में नहीं खेल पाएंगे। स्पेन के बॉतिस्ता आगुट की विश्व में नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ यह चौथी जीत है। उन्होंने पिछली तीन जीत नोवाक जोकोविच के खिलाफ दर्ज की थी। बॉतिस्ता आगुट सेमीफाइनल में 303वीं रैंकिंग के स्विस क्वालीफायर एंटोनी बेलियर से भिड़ेंगे, जिन्होंने नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर को 5-7, 7-6 (5), 6-2 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास ने एक अन्य मैच में अमेरिका के मार्कोस गिरोन को ढाई घंटे से अधिक समय में 7-6 (5), 4-6, 6-3 से पराजित किया। यूनान के इस खिलाड़ी का सामना अब फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी से होगा, जिन्होंने जर्मनी के डेनियल अल्तमेयर को 6-3, 6-4 से हराया।

### भारतीय महिला वॉलीबॉल टूर्नामेंट में सिंगापुर को हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर वॉलीबॉल टीम ने थाईलैंड के नाखोन पाथोम में 21वें प्रिंसेस कप तीसरे एवीसी महिला चैलेंज कप में सिंगापुर को 3-0 से हराकर जीत से अपना अभियान शुरू किया। भारत ने टूर्नामेंट के शुरुआत लीग मैच में 25-16, 25-19 25-08 से जीत दर्ज की। भारतीय टीम की ओर से कप्तान निर्मल सूर्या और अनुश्री ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया। छह देश भारत, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड, उज्बेकिस्तान, हांगकांग और चीन 30 जून को समाप्त हो रही चैम्पियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय टीम का अगला मैच शनिवार को उज्बेकिस्तान से होगा।

### दारूवाला ने फॉर्मूला वन कार से अभ्यास पूरा किया



**मुंबई।** युवा भारतीय फार्मूला टू रेसर जेहान दारुवाला ने आठ बार के कंस्ट्रक्टर्स (टीम चैम्पियनशिप) विजेता मैकलारेन के साथ इस सप्ताह फॉर्मूला वन परीक्षण में सफल शुरुआत की और अब वह सुपर लाइंस के लिए पात्र हैं। दारूवाला का सपना भारत का तीसरा फार्मूला वन चालक बनने का है। फार्मूला टू के मौजूदा सत्र में तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज 23 साल के जेहान ने इंग्लैंड में सिल्वरस्टोन सर्किट पर एमएलसी35एम कार पर हाथ आजमाया। उन्होंने बुधवार और गुरुवार को दो सत्र में 130 से अधिक चक्कर लगाए। यह अगले सप्ताहांत के ब्रिटिश ग्रां प्री के दौरान एफवन चालकों द्वारा तय की जाने वाली दूरी से दोगुनी से अधिक है। इस ट्रैक टाइम ने उन्हें सुपर लाइसेंस के लिए आवेदन करने के लिए पर्याप्त अंक अर्जित करने में मदद की, जो फॉर्मूला वन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा, मैंने पहली बार फॉर्मूला वन कार चलाने का आनंद लिया। यह शारीरिक रूप से थका देने वाला था लेकिन मुझे अपनी फिटनेस के साथ कोई समस्या नहीं लगी।

# पीसीबी ने की टेस्ट और सीमित ओवरों के लिए अनुबंध की घोषणा

## बैठक में 15 अरब रुपये के वार्षिक बजट को मंजूरी दी गई

**एजेंसी। कराची**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को अपने खिलाड़ियों के लिए टेस्ट और सीमित ओवरों के अलग-अलग केंद्रीय अनुबंधों की घोषणा की जिसमें धनराशि बढ़ाई गई है, लेकिन वह अपने शीर्ष खिलाड़ियों को विदेशी लीग में खेलने से रोकने की कोशिश करेगा, जिसके लिए वह अतिरिक्त भुगतान करने को भी तैयार है।

पीसीबी ने कहा कि बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 15 अरब रुपये के वार्षिक बजट को मंजूरी दी गई है, जिसमें 78 प्रतिशत क्रिकेट गतिविधियों के लिए आवंटित किया गया है। पीसीबी ने बयान में कहा, अपने शीर्ष क्रिकेटरों को प्रोत्साहित करने और अन्य देशों के खिलाड़ियों की तुलना में वेतन में अंतर को कम करने की अपनी रणनीति के तहत बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने पुरुषों के केंद्रीय अनुबंध ढांचे में बदलाव को मंजूरी दी है।

नई नीति के तहत एक जुलाई से लाल गेंद (टेस्ट) और सफेद गेंद (वनडे और टी20) के अलग अलग अनुबंध दिए जाएंगे, जिसमें अनुबंध राशि में बढ़ोतरी होगी।

यही नहीं केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की संख्या 20 से बढ़ाकर 33 कर दी गई है। इसके अलावा पीसीबी ने सभी प्रारूपों में मैच फीस में 10 प्रतिशत और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों की मैच फीस में 50 से 70 प्रतिशत तक की वृद्धि की घोषणा की। कप्तान की अतिरिक्त जिम्मेदारियों को देखते हुए कप्तानी भत्ता भी शुरू किया गया है। पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा ने लाहौर में घोषणा की कि बोर्ड ने उन मौजूदा खिलाड़ियों के लिए विशेष कोष भी स्थापित किया है, जिन्हें विदेशी लीग में खेलने के प्रस्ताव मिलते हैं।

### डब्ल्यूए ने रखा ओलंपिक में इनडोर कम्पाउंड स्पर्धाओं को शामिल करने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** विश्व तीरंदाजी (डब्ल्यूए) ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसने 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में इनडोर कम्पाउंड स्पर्धाओं को शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। भारत में इस खेल के हाई परफार्मेंस निदेशक ने उम्मीद जताई कि अगर इसे स्वीकार कर लिया जाता है तो यह देश के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है।

फिलहाल ओलंपिक खेल में केवल रिकर्व स्पर्धाएं होती हैं। अधिक अंक वाले कम्पाउंड स्पर्धा को इनडोर (अंदर) और आउटडोर (बाहर) दोनों जगह खेला जा सकता है। यह एशियाई खेलों, यूरोपीय खेलों, पैन अमेरिकन खेलों, वर्ल्ड गेम्स और विश्व विश्वविद्यालय खेलों के खेल कार्यक्रमों का हिस्सा हैं, लेकिन इसे ओलंपिक में शामिल नहीं किया गया है।

# भारत की कम्पाउंड मिश्रित जोड़ी फाइनल में पहुंची

**तीरंदाजी विश्व कप**



**एजेंसी। पेरिस**

भारतीय तीरंदाज अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम की जोड़ी ने विश्व कप चरण तीन के फाइनल में पहुंचने के साथ ही शुक्रवार को यहां देश के लिए दूसरा पदक पक्का कर लिया। दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और सिमरनजीत कौर की तिकड़ी ने गुरुवार को रिकर्व महिला टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर पहला पदक पक्का किया था।

वर्मा और ज्योति की कम्पाउंड मिश्रित जोड़ी ने एस्टोनिया की रॉबिन जाटमा और लिसेल जाटमा को सेमीफाइनल के एकतरफा मुकाबले में 156-151 से हराया। अंतिम-16 में बाई हासिल करने के बाद प्री-क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने अपने अभियान की शुरुआत प्यूर्तो रिको को आठ अंकों के शानदार अंतर (158-150) से पछाड़कर किया। भारतीय जोड़ी को अंतिम-आठ में अल सल्वाडोर के रॉबर्टो हर्नांडेज और सोफिया पेज से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। जिससे इस मुकाबले का नतीजा शूट-ऑफ से निकला।

**हाकी विश्व कप**

# पोडियम स्थान हासिल कर सकता है भारत : सविता

## एफआईएच का शीर्ष टूर्नामेंट एक से 17 जुलाई तक होगा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

**भारतीय** कप्तान सविता को लगता है कि राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम में प्रेरणा और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है, जिसकी निगाहें आगामी विश्व कप में ऐतिहासिक पोडियम स्थान हासिल करने पर लगी हैं। एफआईएच के इस शीर्ष टूर्नामेंट की मेजबानी नीदरलैंड और स्पेन संयुक्त रूप से कर रहे हैं जो एक से 17 जुलाई तक खेला जाएगा।

भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले साल ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही थी और सविता ने कहा कि तोक्यो ओलंपिक के बाद टीम के अंदर ऐसा भरोसा आ गया है कि वे बड़े मंच पर किसी भी सर्वश्रेष्ठ टीम की बराबरी कर सकते हैं। सविता ने कहा, तोक्यो में हमारे प्रदर्शन ने हमें भरोसा दिलाया कि हम वैश्विक प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ओलंपिक के बाद हमने अपना ध्यान अपने प्रदर्शन को अगले स्तर तक ले जाने में लगाया। हमने अपनी ऊर्जा एफआईएच प्रो लीग में अच्छा करने पर लगाई और इस प्रतिष्ठित लीग में तीसरा स्थान हासिल किया जिससे विश्व कप से पहले मनोबल बढ़ेगा। भारत का विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चौथा स्थान रहा है जो उसने 1974 के शुरूआती चरण में हासिल किया था। 2018 में भारत आठवें स्थान पर रहा था। तोक्यो में भारत के शानदार प्रदर्शन ने देश में महिला हॉकी का चेहरा ही बदल दिया। एफआईएच प्रो लीग में अपने पदार्पण में ही भारतीय महिला टीम ने नीदरलैंड और अर्जेंटीना जैसी बड़ी टीमों को कड़ी चुनौती देकर तीसरा स्थान हासिल किया। सविता ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम ने कभी भी विश्व कप में पदक नहीं जीता है और हमारा लक्ष्य इस बार इस सपने को साकार करने का है।

### कप्तान बोलीं, हमारी टीम में काफी उत्साह

इस शीर्ष गोलकीपर ने कहा कि एक इकाई के तौर पर खेलना विश्व कप में सफलता हासिल के लिए अहम होगा। उन्होंने कहा, हम विश्व कप में खेलने के लिए काफी उत्साहित हैं। हम बस एक इकाई के तौर पर खेलना चाहते हैं। हमारे लिए ओलंपिक एक शानदार अनुभव था। हमने वहां से काफी सीखा और हमारा मानना है कि हमें एकजुट होकर खेलना होगा और कड़ी चुनौती देनी होगी। सविता ने कहा, ओलंपिक के बाद हमारी टीम की हर खिलाड़ी प्रेरणा से भरी हुई है और पूरी तरह से अपना ध्यान खेल पर लगाए हुए हैं। हम अच्छी टीमों के खिलाफ खेलना चाहते हैं। विश्व कप में भारतीय महिला हॉकी टीम को पूल बी में इंग्लैंड, चीन और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। टीम अपना अभियान तीन जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ शुरू करेगी।

